धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, रविवार
08.12.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 146



12 अनन्या पांडे को मिला यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर अवार्ड

## न्यूज डायरी

### बांग्लादेश में मंदिर पर फिर हमला, मूर्तियों को जलाया

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को ढाका में एक मंदिर पर हमला किया गया और मूर्तियों पर पेट्रोल डाल कर आग के हवाले कर दिया गया। यह हमला ढाका के बाहरी इलाके में स्थित श्री महाभाग्य लक्ष्मीनारायण मंदिर में हुआ।

### राहुल गांधी मामले में अगली सुनवाई नौ को

**रांची।** एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की कोर्ट में राहुल गांधी के व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में अगली सुनवाई नौ दिसंबर को होगी। शनिवार को किसी कारण वश सुनवाई नहीं हो सकी। यह मामला अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है।

### लातेहार में आतंक मचा रहे 6 अपराधी गिरफ्तार

**लातेहार।** इलाके में आतंक मचा रहे अपराधियों पर पुलिस ने अंकुश लगाते हुए 6 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सभी प्रदीप गंझु गिरोह के सदस्य हैं। इनके पास से बंदूक और अन्य सामान बरामद किया है। चार दिन पूर्व इन्हीं अपराधियों ने कोयला लोड गाड़ियों में आग लगा दी थी।

### राम-जानकी विवाह झांकी पर पथराव

**पटना।** बिहार सहित देशभर में विवाह पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को राम-जानकी विवाह की झांकी निकाली गयी। दरभंगा के नगर थाना इलाके के बाजितपुर में निकली झांकी के दौरान दो गुटों में हिंसक झड़प हो गयी। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी की गयी। इस घटना में तीन लोगों को गंभीर चोटें आयी हैं। भारी संख्या में पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाल लिया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। एतिहातन मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 71500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 94000 रु./प्रति किलो |




# पीएम मोदी को बम से उड़ाने की धमकी, खलबली

### मुंबई पुलिस को मिला था मैसेज अजमेर से दो धराया

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** पीएम मोदी को बम से उड़ाने की धमकी भरा मैसेज मिलते ही खलबली मच गयी। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर शनिवार को मोदी की हत्या की धमकी भरा मैसेज मिला। मैसेज में लिखा गया था कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी (आइएसआइ) के दो एजेंट मोदी को बम से उड़ाने की साजिश रच रहे हैं। मैसेज मिलते ही मुंबई पुलिस टीम अलर्ट हो गयी। धमकी भरे संदेश पर पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस नंबर से यह मैसेज मिला था, वह नंबर अजमेर राजस्थान से संबंधित है। जांच टीम अजमेर पहुंची और महाराष्ट्र पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा। उसके व्हाट्सएप नंबर से ही पीएम को मारने और ट्रेन में बम ब्लास्ट करने का की साजिश का जिक्र था।



**धनबाद में ट्रेन उड़ाने का जिक्र :** आरोपी ने महाराष्ट्र के गवंडी थाने के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज कर लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी को मारने और झारखंड के धनबाद में ट्रेन में बम ब्लास्ट करने की साजिश कंपनी का मैनेजर रच रहा है। इस मैसेज के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। मुंबई पुलिस से मिली सूचना के आधार पर अजमेर में एटीएस और अजमेर पुलिस की स्पेशल टीम ने उसे पकड़ लिया।

**मुंबई पुलिस की सूचना पर धराया मो मिर्जा बेग :** मुंबई पुलिस ने इसकी सूचना अजमेर पुलिस को दी। सूचना के आधार पर रेलवे स्टेशन से आरोपी मोहम्मद मिर्जा बैग को पकड़ा गया। अजमेर एटीएस प्रभारी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र के गोवंडी थाने के व्हाट्सएप नंबर पर मोहम्मद मिर्जा बेग ने मैसेज किया था कि कंपनी का मैनेजर हथियार की फैक्ट्री चलाता है। वही ट्रेन में ब्लास्ट करने और पीएम नरेंद्र मोदी को मारने की साजिश रच रहा है। उसके बाद मुंबई पुलिस अलर्ट हो गयी और जिस नंबर से आरोपी ने मैसेज किया था, उसकी लोकेशन को लगातार ट्रेस किया गया।

(शेष पेज 11 पर)

### संजय सेठ की हत्या की धमकी, दिल्ली पुलिस रांची पहुंची

**रांची।** वहीं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी की दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार को दिल्ली पुलिस रांची पहुंची। यहां से दिल्ली पुलिस की टीम कांके थाना क्षेत्र स्थित होचर गयी। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और डीसीपी ने संजय सेठ से दिल्ली में शुक्रवार को इस मामले में जानकारी ली।



दिल्ली पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही इस कांड का खुलासा किया जायेगा। शुक्रवार को संजय सेठ के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से 50 लाख रंगदारी मांगी गयी थी। हत्या की भी धमकी दी गयी थी। इस मामले में दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। झारखंड के डीजीपी को भी अवगत कराया गया है। इन सब के बीच संजय सेठ शनिवार सुबह दिल्ली से रांची पहुंचे। उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्हें कभी ऐसी धमकी नहीं मिली थी।

# नये कानून के तहत पूजा सिंघल को मिली जमानत

## दो साल बाद निलंबित आइएएस खुली हवा में लेंगी सांस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लांड्रिंग करने की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शनिवार को पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने जमानत दे दी है। उन्हें नये कानून बीएनएस की धाराओं के तहत जमानत मिली है। विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने उन्हें दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान की है। पूरे 28 महीने तक जेल में रहने के बाद अब सिंघल खुली हवा में सांस लेंगी। इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि



कितनी हुई है। इसी आदेश के आलोक में जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल किया था। सिविल कोर्ट के अधिवक्ता विक्रांत कुमार ने बताया कि पूजा सिंघल को पासपोर्ट भी कोर्ट में जमा करना होगा। जमानत की अर्जी मंजूर होने के बाद जल्द ही वो खुली हवा में सांस ले सकेंगी। फिलहाल पूजा सिंघल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

**11 मई 2022 को हुई थी गिरफ्तार :** इडी ने 6 मई 2022 को पूजा सिंघल सहित कई लोगों के ठिकाना पर दबिश दी थी। मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी होने के बाद 11 मई 2022 को पूजा सिंघल को एजेंसी ने गिरफ्तार कर लिया था। तब से पूजा सिंघल जेल में ही थी। कई बार उनकी जमानत याचिका को खारिज किया गया था, लेकिन इस बार नये कानून की धाराओं के तहत उन्होंने जमानत की अर्जी दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। 28 महीने तक जेल में रहने के बाद अब खुली हवा में सांस लेंगी।

### नयी धारा में क्या है प्रावधान

शुक्रवार को भी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई थी। शनिवार को भी कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना और याचिका को मंजूर कर लिया। पूजा सिंघल को बीएनएसएस 2023 की धाराओं के तहत जमानत मिली है। दरअसल इस धारा के तहत प्रावधान है कि कोई आरोपी जिस आरोप में जेल में बंद है, अगर उसने उस मामले में तय सजा की एक तिहायी अवधि जेल में काट ली है तो उसे जमानत दी जा सकती है। इसी का लाभ पूजा सिंघल को भी मिला।

# आलम समेत 12 लोगों पर चार्ज फ्रेम, चलेगा ट्रायल

### टेंडर कमीशन मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित 12 आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित (चार्ज फ्रेम) कर दिया गया है। शनिवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने इस केस से जुड़े आरोपियों के खिलाफ चार्ज फ्रेम कर दिया है। टेंडर घोटाला के जरिये करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री



और अन्य आरोपियों की मुश्किलें बढ़ने वाली है। अब सभी आरोपियों के खिलाफ ट्रायल चलेगा।

पिछले दिनों कोर्ट ने आलमगीर आलम, वीरेंद्र राम, जहांगीर आलम और संजीव लाल की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी थी। इस केस में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका जी बहस कर रहे हैं। आलमगीर आलम, वीरेंद्र राम, उसकी पत्नी राज कुमारी, भाई आलोक रंजन, पूर्व मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल, उसका नौकर जहांगीर आलम, मुकेश मित्तल, ताराचांद, नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया सहित 12 पर आरोप गठित किया गया।

विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को आरोपितों पर आरोप गठित किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उनके ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछा, तो आरोपियों ने कहा कि वे निर्दोष हैं। इसके बाद अदालत ने आरोप गठित कर दिया। (शेष पेज 11 पर )

# विधानसभा का विशेष सत्र कल से, कई मायनों में अहम होगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में लगातार दूसरी बार बनी इंडिया गठबंधन की सरकार 9 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान विश्वासमत हासिल करने की तैयारी में जुटी है। झारखंड विधानसभा का यह सत्र कई मायनों में अहम होगा। सत्ता और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट गये हैं। झामुमो, कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी दल भाजपा भी रविवार को अपनी-अपनी बैठक कर रहे हैं।



सदन की कार्यवाही पर जहां चुनाव परिणाम का झलक दिखेगा। वहीं दूसरी ओर विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश में जुटी रहेगी।

संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि संक्षिप्त सत्र होने के बावजूद संवैधानिक औपचारिकता को पूरी करते हुए इस सत्र के दौरान अनुपूरक बजट के साथ-साथ राज्यपाल के अभिभाषण पर भी चर्चा होगी। यह विशेष सत्र 12 दिसंबर तक चलेगा। सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी शपथ दिलायेंगे। दूसरे दिन नये विधानसभाध्यक्ष का निर्वाचन होगा। 11 दिसंबर को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण से सदन की कार्यवाही शुरू होगी। इसके बाद हेमंत सरकार विश्वासमत हासिल करेगी। इसी दिन सरकार अपना द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेगी। अंतिम दिन 12 दिसंबर को पहली पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश होगा और चर्चा होगी।

# विवाद शुरू : कांग्रेस को ममता का नेतृत्व मंजूर नहीं

## सामूहिक नेतृत्व से ही चलेगा इंडिया गठबंधन, दीदी के पक्ष में पवार

**नयी दिल्ली, कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जाहिर करने को लेकर कांग्रेस ने साफ किया है कि पार्टी को उनका नेतृत्व स्वीकार नहीं है। विपक्षी गठबंधन के लिए नेतृत्व का निर्णय सार्वजनिक घोषणाओं के बजाय सभी सदस्य दलों द्वारा सामूहिक रूप से किया जायेगा। वहीं एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि ममता बनर्जी में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की पूरी क्षमता है। हरियाणा में कांग्रेस और महाराष्ट्र में गठबंधन की करारी हार के बाद कांग्रेस, इंडिया गठबंधन के निशाने पर कांग्रेस है। सबसे पहले



टीएमसी प्रमखु ममता बनर्जी ने मोर्चा खोला है। पश्चिम बंगाल की सीएम ने एक इंटरव्यू में कहा है कि अगर उन्हें इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व करने का मौका दिया जाता है तो वह करने के लिए तैयार हैं। वह दोहरी भूमिका निभाने को तैयार हैं। 'मैंने इंडिया गठबंधन का गठन किया था। ममता बनर्जी के बयान के बाद अब गठबंधन में दरार नजर आने लगी है। भाजपा भी ममता के बयान पर कांग्रेस को घेर रही है। उनके बयान पर भाजपा ने चुटकी ली है। पार्टी ने कहा कि इससे साफ होता है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को उनका ही अलांयस गंभीरता से नहीं लेता।

**सामूहिक लीडरशिप पर चलेगा इंडिया :** कांग्रेस पार्टी ने साफ कहा कि विपक्षी गठबंधन के लिए नेतृत्व का निर्णय सार्वजनिक घोषणाओं के बजाय सभी सदस्य दलों द्वारा सामूहिक रूप से किया जायेगा। ऐसे फैसलों के लिए आम सहमति की जरूरत होती है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने आईएएनएस से कहा, नीतीश कुमार ने भी इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जतायी थी, लेकिन इतने बड़े गठबंधन में नेतृत्व के फैसले एकतरफा नहीं लिये जाते। इसके लिए सभी की सहमति और परामर्श जरूरी है। नेतृत्व कौन करेगा, संयोजक कौन होगा, या यदि कोई अध्यक्ष होगा, तो वह कौन होगा, सामूहिक रूप से निर्णय होगा। इस मामले पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ चर्चा होनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को उनका ही अलांयस गंभीरता से नहीं लेता।

(शेष पेज 11 पर)



# झारखंड विस के विशेष सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष होंगे आमने-सामने!

## विशेष सत्र की तैयारी में जुटा एनडीए और इंडिया गठबंधन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में लगातार दूसरी बार बनी इंडिया गठबंधन (हेमंत-2) की सरकार आगामी विधानसभा सत्र के दौरान विश्वासमत हासिल करने की तैयारी में जुटी है। इस दौरान सत्तापक्ष-विपक्ष आमने सामने होंगे। आगामी 09 दिसंबर से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा का यह सत्र कई मायनों में अहम होगा। सदन की कार्यवाही पर जहां चुनाव परिणाम का झलक दिखेगा। वहीं दूसरी ओर विपक्ष सरकार को घेरने की कोशिश में जुटी रहेगी। 12 दिसंबर तक चलने वाले सदन की कार्यवाही पर संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार संक्षिप्त सत्र होने के बावजूद संवैधानिक औपचारिकता को पूरी करते हुए सरकार के द्वारा तीन दिवसीय इस सत्र के दौरान अनुपूरक बजट के साथ-साथ राज्यपाल के अभिभाषण पर भी चर्चा होगी।



**विशेष सत्र की तैयारी पर बोले कांग्रेस और भाजपा के नेता :** राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के साथ सामूहिक प्रयास से एजेंडा के अनुरूप सदन की कार्यवाही चले और उसका सदुपयोग हो। उन्होंने कहा कि सदन में विपक्ष के द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब भी दिया जाएगा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सदन की मयार्दा है। हेमंत सोरेन सरकार इसका खास ध्यान रखती है और मेरी भी अवधारणा है कि जनता से जुड़े सही सवाल यदि सदन में आते हैं तो उसका ध्यान रखा जाए और उसी पर आगे सरकार काम करे।

## इस बार बदला-बदला सा दिखेगा सदन का नजारा
## विशेष सत्र में गूंजेगा सीजीएल और घुसपैठ का मुद्दा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र कल से शुरू हो रहा है। परंतु इस बार सदन का नजारा बदला-बदला सा दिखेगा। कई दिग्गज इस बार सदन में नहीं दिखेंगे। विपक्ष इस बार भी सीजीएल और घुसपैठ का मुद्दा सदन में रखेगा। वहीं 12 महिला सदस्य सदन में जनता की बात रखती नजर आएंगी। विशेष सत्र के पहले पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। 10 दिसंबर को स्पीकर का चयन किया जाएगा। 11 दिसंबर को दिन के 11-30 बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा। 12 दिसंबर राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**सदन में गूंजेगी आधी आबादी की आवाज :** इस बार के चुनाव में 12 विधायकों (आधी आबादी) को प्रतिनिधित्व का मौका मिला है। इनमें कल्पना सोरेन, लुईस मरांडी, सविता महतो, निशत आलम, दीपिका पाडेय सिंह, ममता देवी, श्वेता सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्णिमा साहू, रागिनी सिंह, मंजू कुमारी, और नीरा यादव शामिल हैं। वहीं विधानसभा में 19 नए चेहरे अपने विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। सदन में पहली बार पहुंचने वाले विधायकों में रौशन लाल चौधरी, शुत्रध्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो। ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं।

**भाजपा विधायक दल की बैठक आज, सत्ता पक्ष को घेरने की बनेगी रणनीति :** भाजपा विधायक दल की बैठक आठ दिसंबर को प्रदेश कार्यालय में होगी। नौ दिसंबर से शुरू हो रहे विशेष सत्र को देखते हुए यह बैठक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस बैठक में सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। बताते चलें कि हेमंत मंत्रिमंडल का गठन हो चुका है। मंत्रियों के बीच विभागों का भी बंटवारा हो चुका है। विपक्ष इस बार भी सीजीएल और घुसपैठ का मुद्दा सदन में रखेगा।

## खनिजों की खरीद-बिक्री के लिए बने 15,258 नये डीलर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खान विभाग ने खनिजों की खरीद बिक्री के लिए 15,258 नए डीलरों को स्वीकृति दी है। नए डीलर के लिए 17,715 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए थे। इसमें 1909 आवेदन पर ऑब्जेक्शन लगाया गया है। 283 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं। फिलहाल हजारीबाग सर्किल में सबसे अधिक डीलर कार्यरत हैं।

**धनबाद सर्किल में कुल 3083 डीलर :** धनबाद सर्किल में कुल 3083 डीलर हैं। इसमें 2006 डीलर काम कर रहे हैं। 49 डीलरों को निलंबित कर दिया गया है। दुमका सर्किल में कुल 2398 में से 1259 डीलर काम कर रहे हैं। 121 डीलरों को सस्पेंड कर दिया गया है। हजारीबाग में सबसे अधिक 6231 डीलर में से 3327 डीलर कहीं कार्यरत हैं। यहां 367 डीलरों को निलंबित कर दिया गया है।

### एक लाख से अधिक वाहनों का पिन किया गया जेनरेट

कोल्हान में 923 में 422 डीलर ही कार्यरत हैं। इस सर्किल में 45 डीलरों को सस्पेंड किया गया है। पलामू सर्किल में 1917 में 1214 डीलर कार्यरत हैं। यहां 103 डीलरों को सस्पेंड कर दिया गया है। रांची सर्किल में 1121 में से 667 डीलर ही कार्यरत हैं। यहां 16 डीलरों को सस्पेंड किया गया है।

**ढुलाई में लगे 930 वाहन ब्लैक लिस्टेड :** खनिजों की ढुलाई में लगे 930 वाहनों को काली सूची में डाला गया है। खनिज ढुलाई में कुल एक लाख 17 हजार 639 वाहन लगे हैं। इसमें से एक लाख पांच हजार 395 वाहनों का पिन जेनरेट किया जा चुका है। 12 हजार 244 वाहनों का पिन जेनरेट नहीं हो पाया है।

## पूर्वी एवं प. सिंहभूम सीट पर कांग्रेस की हार की समीक्षा आज

**रांची।** पूर्वी एवं प. सिंहभूम में पार्टी प्रत्याशियों की पराजय के कारणों की समीक्षा हेतु एआईसीसी के निदेर्शानुसार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा गठित तीन सदस्य समिति बजेन्द्र प्रसाद सिंह,आलोक कुमार दूबे,रामा खलखो रविवार को जमशेदपुर जाएगे और हार के कारणों को जानने का प्रयास करेंगे। समिति के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने बताया कि हार के कारणों को जानने के लिए रविवार को तिलक पुस्तकालय कांग्रेस कार्यालय जमशेदपुर में कांग्रेस जनों की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। पूर्वी विधानसभा सीट से अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार तथा पि्मी विधानसभा से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे। पार्टी के दोनों वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार एवं बन्ना गुप्ता ने पूरी गंभीरता और गठबंधन धर्म का पालन करते हुए पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ा लेकिन इसके बावजूद पार्टी प्रत्याशियों को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।


### शपथ पत्र

**नोटरी पब्लिक, लोहरदगा**
**शपथ पत्र संख्या 49645**

मै, विष्णु गोप पिता स्व० लक्ष्मण गोप निवासी ग्राम- बिन्धानी थाना इटकी जिला राँची एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ कि।

1. यह है कि इस पते का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड बना है जिसका नं0 5655 8908 8242 जिसमे मेरा नाम विष्णु गोप पिता स्व. लक्ष्मण गोप है।
3. यह कि मेरा आधार कार्ड में विष्णु गोप है जिसका आधार नं० 5655 8908 8242 है जो सही है।
4. यह कि मेरा ड्राइविंग लाइसेंस जिसका DL NO-JH 0819980040354 में विष्णु यादव है और आधार कार्ड में विष्णु गोप है दोनों नामो से जाने जाते हैं।
5. यह कि उक्त बातें सत्य एवं सही है।

यह शपथ पत्र दिनांक 06.12.2024 ई. को लोहरदगा में संपन्न किया गया।

### शपथ पत्र



मैं उर्मिला कुमारी पिता स्व. अरविंद ठाकुर, निवासी ग्राम जुरू, पो. बसौरा, थाना लेस्लीगंज, जिला पलामू झारखंड, शपथ पूर्वक इकरार करती हूं

यह कि मैं उक्त नाम व पते की निवासी हूँ और आज से इसी नाम से जाने जाएंगे और सारे कागजात पर इसी नाम से लेखा-जोखा होगा। यह कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम निकू कुमारी शो कर रहा है, जबकि मेरा सारा शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम उर्मिला कुमारी है। यह कि मेरा आधार नंबर 666006297157 है। इसी आधार में अपना नाम उर्मिला कुमारी अंकित करना चाहती हूं। यह है कि शपथ पत्र पर दी गई सारी सही व सत्य है।


## मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन से मिलीं राज्य की पोषण सखी दीदी

# पोषण सखियों की पुनर्बहाली के निर्णय पर हर्ष जता कर सीएम का किया अभिनंदन





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचीं पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विगत कार्यकाल में राज्य सरकार द्वारा पोषण सखी के पुनर्बहाल के निर्णय पर हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति पोषण सखी दीदियों ने आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। मौके पर मुख्यमंत्री सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर पोषण सखी दीदियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपके हक-अधिकार को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। आप सभी पोषण सखी दीदियां सरकार की आँख, नाक और कान बनकर साथ दिया है। आने वाला नया वर्ष आपकी जिंदगी में ढ़ेर सारी खुशियां लेकर आए। आपका परिवार सुख-समृद्धि के साथ जीवन व्यतीत करे, यही कामना करता हूं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह सरकार आपके उम्मीद और आकांक्षाओं की सरकार है। आप सभी का कर्तव्य है कि आप ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य को अंजाम देंगे। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि हमारी सरकार शहर नहीं बल्कि गाँव से चलने वाली सरकार है। हमारी सरकार आने वाली पीढ़ियों का तकदीर एवं तस्वीर कैसे बदल सकें, अधिक से अधिक रोजगार का सृजन कैसे उत्पन्न कर सकें, इसके प्रति संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ रही है।

## खबर एक नजर में

### चुनाव के बाद भी हिमंता बिस्वा सरमा से भयभीत है झामुमो : भाजपा

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया ने कहा कि झामुमो के जेहन से अभी तक हिमंता बिस्वा सरमा का डर नहीं गया है। झामुमो के लोगों को अभी भी सपने में हिमंता आ रहे हैं। झामुमो महासचिव को यह याद रखना चाहिए कि हिमंता बिस्वा सरमा एक राज्य के मुख्यमंत्री हैं। पहले उस लेबल पर झामुमो महासचिव आ जायें, फिर ऐसी बयानबाजी करें। सत्ता मिली है, जनता ने बहुमत दिया है तो ज्यादा अहंकार न पालें। अपनी राजनीतिक मयार्दा का पालन करें।

**पूरे सूबे की कानून व्यवस्था तार-तार :** झामुमो को नसीहत देते हुए कहा कि पूरे सूबे की कानून व्यवस्था तार-तार है। अपराध चरम पर है, जनता त्राहिमाम कर रही है। सूबे की महिलाएं मंईयां सम्मान के लिए कार्यालय दर कार्यालय भटक रही है, कोई सुनने वाला नहीं है। बिजली बिल माफी के नाम पर बिजली बिल के टैरिफ बढ़ा दिए जा रहे हैं।गरीब के घरों से बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

**गठबंधन दलों में तालमेल का अभाव :** चौरसिया ने कहा कि जिस तरह से इस सरकार के गठबंधन दलों में तालमेल का अभाव दिखता है। मंत्रियों के विभाग बंटवारे में जिस तरह से अलग-अलग सूचि जारी हुई है। इससे सहज ही समझा जा सकता है कि यह सरकार कितने तालमेल से चलेगी। पांच वर्षों में गठबंधन की सरकार ने महिला आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग जैसे अहम संवैधानिक आयोगों का भी गठन नहीं कर पाया।

### 20 जिलों के सदर हॉस्पिटल अब होगा फेको मशीन से मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**रांची।** राज्य के 20 जिलों के सदर अस्पतालों में अब मोतियाबिंद का ऑपरेशन होगा। इसके लिए राज्य सरकार ने पांच करोड़ 18 लाख 75 हजार 40 रुपए की स्वीकृति दी है। इससे संबंधित आदेश स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने जारी कर दिया है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उपलब्ध कराई गई है। जिन 20 जिलों के सदर अस्पतालों में फेको मशीन स्थापित की जाएगी, उसमें बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, रामगढ़, देवघर, धनबाद, गोड्डा, पूर्वी सिंहभूम, गुमला, सरायकेला-खरसांवा, सिमडेगा, पि्मी सिंहभूम, जामताड़ा, लातेहार, पाकुड़, साहेबगंज, लोहरदगा और खूंटी शामिल हैं।

**हर जिले को मिला 23.93 लाख रुपये :** फेको मशीन की खरीदारी के लिए हर जिले को 23 लाख 93 हजार 752 रुपए आबंटित किए गए हैं। बताते चलें कि फेको मशीन का उपयोग मोतियाबिंद के ऑपरेशन में किया जाता है। इस मशीन के द्वारा आंख के अंदर के क्रिस्टलीय लेंस को तोड़ा और हटाया जाता है। मशीन में लगी पतली और लचीली ट्यूब आंख के अंदर के लेंस तक पहुंचती है। अल्ट्रासाउंड वेब के जरीए लेंस को तोड़ा जाता है। इस मशीन के जरीए आंख की सफाई भी की जाती है।

### भाजपा का प्रदेश स्तरीय सदस्यता अभियान पर कार्यशाला आज

**रांची।** भाजपा की प्रदेश स्तरीय सदस्यता अभियान पर कार्यशाला 8 दिसंबर की सुबह 11 बजे से नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में होगी। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, सदस्यता प्रभारी डी पुरंदेश्वरी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल होंगे। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, प्रमंडल प्रभारी, सदस्यता अभियान की प्रदेश टोली, सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला सदस्यता प्रभारी सहित सदस्यता अभियान की जिला टोली भी शामिल होगी।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रांची।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के बीच झारखंड की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा हुई। राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है।

### बांग्लादेश के वकील के मामले में इंटरनेशनल बार एशोसिएशन हस्तक्षेप करे : श्रीवास्तव

**रांची।** बांग्लादेश में जिस प्रकार महंत चिन्मय कृष्ण दास के वकील रमन रॉय के घर में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ किया और अधिवक्ता को मारपीट कर घायल कर दिया है। इस मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव ने इंटरनेशनल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्मुडेना अर्पोन को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि जिस प्रकार बांग्लादेश में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहां इंटरनेशनल बार एशोसिएशन के वकीलों को संरक्षण देना चाहिये। इसके अलावा बार काउंसिल आफ इंडिया को भी इस मामले में हस्तक्षेप कर वकील के मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाना चाहिए। बांग्लादेश हमारा पड़ोसी देश है और पड़ोसी देश में किसी भी मुवक्किल का पक्ष रखने के लिए वकील पर हमला किया जाता है तो यह न सिर्फ एक विशेष स्थान जहां पर घटना घटी है वहां का मामला हो जाता है, बल्कि यह पूरे देश का भी मामला बनता है। इसके अलावा जिस देश में सरकार नाम की चीज नहीं है और वहां अराजकता की स्थिति बनी हुई है। वहां पर इंटरनेशनल बार एसोसिएशन को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और मामले में हस्तक्षेप कर तुरंत घटना स्थल का दौरा करना चाहिए।

## झामुमो लोकपाल केस : दिल्ली हाईकोर्ट में अब 16 अप्रैल 2025 को सुनवाई

### पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश बरकरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। दिल्ली हाईकोर्ट में लोकपाल के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर अब 16 अप्रैल 2025 को सुनवाई होगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े आय से अधिक संपत्ति मामले में लोकपाल ने सीबीआई को जांच का आदेश दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लोकपाल के इस आदेश के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का रूख करते हुए याचिका दाखिल की है। पिछली सुनवाइयों में अदालत ने जांच एजेंसी को प्रार्थी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था। इस आदेश को फिलहाल बरकरार रखा गया है। 4 दिसंबर को हुई सुनवाई में दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि इस मामले में प्रार्थी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश अगली सुनवाई तक जारी रहेगा। दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव नरूला की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है।

**डॉ निशिकांत दुबे ने दर्ज करायी थी शिकायतवाद :** दरअसल गोड्डा से बीजेपी सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी। डॉ निशिकांत दुबे ने राज्यसभा सांसद व झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। लोकपाल ने 22 फरवरी 2024 को आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ दाखिल शिकायत पर फैसला सुनाते हुए सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया था। लोकपाल ने सीबीआई को इस मामले की प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया था।

## अंचल का चक्कर लगाने को मजबूर हैं मंईयां योजना की हकदार महिलायें: मरांडी

### चार-पांच बार आवेदन जमा करने के बाद भी खाते में नहीं गया पैसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंईयां सम्मान योजना को लेकर फिर एक बार राज्य सरकार पर निशाना साधा है। कहा कि हजारीबाग सहित पूरे झारखंड में महिलाएं मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि के लिए अंचल कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। 18 से 50 वर्ष की उम्र की विधवा, आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाएं, जो इस योजना के अंतर्गत आती हैं, उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा। कई महिलाओं ने चार से पांच बार आवेदन किया, लेकिन फिर भी उनके खातों में सम्मान राशि जमा नहीं हुई।



**आवेदन स्वीकृति की स्थिति तक स्पष्ट नहीं :** योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये देने का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश महिलाओं को राशि मिलना तो दूर, आवेदन स्वीकृति की स्थिति तक स्पष्ट नहीं है, इससे झारखंड की सभी माताएं और बहनें परेशान हो रही हैं। कई मामलों में, फॉर्म भरने और आवश्यक दस्तावेज देने के बावजूद, योजना का लाभ नहीं मिला।

**रामगढ़ जिले में भी स्थिति खराब**

रामगढ़ जिले में भी स्थिति खराब है, जहां करीब 30 हजार महिलाओं को इस योजना की राशि अब तक नहीं मिली। प्रशासन की लापरवाही और प्रक्रियागत बाधाओं के कारण महिलाएं बार-बार कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण माताएं और बहनें दिनभर लाइनों में खड़ी रहती हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्हें केवल और केवल निराशा मिलती है। भले ही योजना का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना था, लेकिन सरकार की लापरवाही और देरी के कारण महिलाओं को मुश्किलों एवं सही क्रियान्वयन न होने से आर्थिक रूप से परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

## केशव महतो से मिला झारखंड आंदोलनकारियों का प्रतिनिधिमंडल


### झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

**आवश्यक सूचना**

**सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि षष्टम् झारखण्ड विधान सभा का प्रथम सत्र दिनांक- 09/12/2024 (सोमवार) से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

**माणिक लाल हेम्ब्रम**
**प्रभारी सचिव**
**झारखण्ड विधानसभा, रांची।**

ज्ञाप संख्या:- जनसम्पर्क-03/2024-2880/विाल0, रांची, दिनांक:- 07/12/2024


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से श्रद्धांनंद रोड स्थित कार्यालय में मिला। मोर्चा की ओर से उन्हें 21 सूत्री मांग पत्र सौपा गया। आंदोलनकारियों ने मांगों के संदर्भ में कहा कि सभी न्यायोचित मांगें नि्ित मिलनी चाहिए। झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान एवं जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को सम्मान रूप से सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपये दिये जाये। कहा कि सही आंदोलनकारी छूटे नहीं और गलत आंदोलनकारी जुटे नहीं। आंदोलनकारियों का अपना एक सम्मान है।

प्रतिनिधमंडल ने कहा कि तीन जनवरी को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस विषय पर सरकार को पत्र प्रेषित किया जायेगा। मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि



झारखंड आंदोलनकारियों व झारखंडियों की स्थिति हाशिए पर है, संवैधानिक अधिकारों से वंचित हैं। झारखंड अलग राज्य के संवैधानिक मूल्य अधूरे हैं। झारखंड व आंदोलनकारियों के अस्तित्व, अस्मिता, अलग पहचान के सवाल खतरे में है। उन्होंने मांग की कि 3 जनवरी को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित किया जाए. झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता समाप्त हो।

सुप्रभात
रविवार 08.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 227
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### खुशरी ओसीपी में रैयतों की मांगों को लेकर जीएम से अपर्णा ने की वार्ता



**मैथन।** ईसीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय में शनिवार को पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने निरसा बैजना खुशरी ओसीपी में रैयतों की 10 सूत्री मांगों को लेकर महाप्रबंधक शांता कुमार चौधरी के साथ सकारात्मक वार्ता की। वार्ता में श्रीमती सेनगुप्ता ने विशेष कर स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने, पेड़ काटने पर रोक लगाने आदि की मांगों को प्रमुखता से रखीं। महाप्रबंधक ने सारी बातों को सुनने के पश्चात सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द से जल्द सारी मांगों को निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कमल बनर्जी, विजय राय, ललन पांडे, सुरेश राम, सोमेन सिंह, बापी दास आदि उपस्थित थे।

### जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वैज्ञानिक का दौरा



**सिंदरी।** झारखंड सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वैज्ञानिक डॉ पशुपाल रवि ने शनिवार को एचयूआरएल सिंदरी का दौरा किया। डॉ रवि ने पर्यावरण मंजूरी के अनुपालन के लिए आवश्यक सुधारों पर प्रबंधन को बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। इस संबंध में एचयूआरएल सिंदरी के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि उनके फीडबैक से सुधार के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की है और यह महत्वपूर्ण है कि कंपनी इन सुझावों को लगन से शामिल करे। उन्होंने कंपनी की टीम वर्क और संयंत्र के परिचालन मानकों को बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की। सिंदरी प्रबंधक ने कहा कि वे इन मानकों को लगातार लागू करने और बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### कांग्रेस नेता सुरेश सिंह को श्रद्धांजलि

**जोड़ापोखर।** धनबाद जिला कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह की 13वीं पुण्यतिथि पर शालीमार कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम ने सुरेश सिंह की तस्वीर में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि सुरेश सिंह हत्याकांड के 13 वर्ष हो गए मगर आज तक हत्यारा की गिरफ़्तारी नहीं होना जिला प्रशासन का निकम्मापन को दर्शाता है। हत्यारा खुलेआम घूम रहा है। श्रद्धासुमन अर्पित करने में जिला कांग्रेस महासचिव बिरेंद्र गुप्ता, पप्पु अंसारी, सुमन शेख, कपील विश्वकर्मा, पप्पी रजा, अशोक साव, मो. रूमी, राजू रजा, कृष्णा रवानी, झल्लू अंसारी, शुभ्रवरतो दास, निरंजन ठाकुर, अनवर अली, शौकत अंसारी, गणेश प्रसाद, आकाश कुमार, उपेन्द्र कुमार सहित सैकड़ों कांग्रेसजन थे।

### रघुनाथपुर पंचायत सचिवालय में लगा जागरूकता शिविर

**कतरास।** रघुनाथपुर पंचायत सचिवालय में श्रम व रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ग्रामीण श्रमिकों के लिए तीन दिवसीय जागरूकता सह पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक शत्रुघ्न महतो ने किया। शिविर में आयुष्मान भारत का आभा कार्ड, ई-श्रम कार्ड, नेशनल करियर सर्विस कार्ड निशुल्क बनाया गया। रीजनल डायरेक्टर चंद्रशेखर वैद्य, रुरल वालंटियर, गोविंद प्रसाद रवानी, पूर्व मुखिया वीरू महतो, पंचायत समिति सदस्य हीरालाल दास सहित काफी संख्या में गांव के लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन गोविंद प्रसाद रवानी ने किया।

## महाजाम को लेकर अधिकारियों को डीसी ने लगायी कड़ी फटकार, दिये निर्देश

# गोविंदपुर व निरसा में जाम की समस्या का त्वरित समाधान करें

- निशाने पर रहा एनएचएआई
- आवारा पशुओं के विचरण को लेकर नगर निगम को निर्देश

**विशेष संवाददाता**




**धनबाद।** धनबाद की उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र ने बेतरतीब अर्धनिर्मित सड़कें, सड़कों पर आवारा पशुओं का विचरण और गोविंदपुर में जारी महाजाम के लिए संबंधित विभागों को जम कर फटकार लगाई है। निशाने पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी रहे। उपायुक्त सुश्री मिश्र की अध्यक्षता में आज सड़क सुरक्षा समिति की हुई मासिक बैठक में अधिकारियों की क्लास लगी है।

बैठक में उपायुक्त ने गोविंदपुर व निरसा में जाम की समस्या का समाधान निकालने, बैंक मोड़ फ्लाईओवर तथा सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को लेकर संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पिछले एक सप्ताह से गोविंदपुर में जीटी रोड पर उत्पन्न महाजाम और उसे हटाने में विफलता को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने एनएचएआई को सर्विस रोड के अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा करने, सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने, गोविंदपुर थाना के पास सर्विस रोड पर खड़े वाहनों को शीघ्र हटाने तथा सड़क पर साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। वहीं निरसा में भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले जाम को लेकर उपायुक्त ने एनएचएआई को सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाने और अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। डीसी सुश्री मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के गोविंदपुर और निरसा में सड़क जाम एक विकराल समस्या बन गई है। इसका मुख्य कारण एनएचएआई द्वारा अर्ध निर्मित सर्विस लेन, एनएचएआई की सड़क पर अतिक्रमण और सही साइनेज नहीं लगाना है। सड़क जाम के सथ-साथ आए दिन दुर्घटनाएं भी होती हैं। इसकी गंभीरता को एनएचएआई समझे और अधूरे निर्माण कार्य तथा सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में बैंक मोड़ फ्लाईओवर को लेकर भी उपायुक्त ने विचार विमर्श किया।

इसी प्रकार सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं को लेकर उपायुक्त ने नगर निगम को ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोग अपने पालतू जानवरों को सड़क पर छोड़ देते हैं। जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। उन्होंने सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़कर पशु मालिक पर 'पब्लिक न्यूसेंस' फैलाने के लिए जुर्माना लगाने और उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में गोविंदपुर और फकीरडीह में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रित को शीघ्र मुआवजा का भुगतान करने, 8 लेन सड़क पर कुछ बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को शीघ्र चालू कराने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त सुश्री मिश्र के अलावा सिटी एसपी अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, सभी अंचलों के अंचल अधिकारी, एनएचएआई के पदाधिकारी, गोविंदपुर, निरसा, बरवाअड्डा तथा राजगंज थाना के इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सरायढेला से गोविंदपुर तक सड़क का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पूरी होने के बाद डीसी सुश्री मिश्र के निर्देश पर समिति के सदस्यों ने सरायढेला से गोविंदपुर तक सड़क का निरीक्षण किया। टीम ने टुंडी से गोविंदपुर सुभाष चौक, बलियापुर से गोविंदपुर सुभाष चौक, गोविंदपुर साहिबगंज रोड के प्रस्थान बिंदु से फकीरडीह तक का मुआयना किया।निरीक्षण के दौरान टीम ने वहां की समस्या की जानकारी ली तथा समस्या के निराकरण के लिए विचार विमर्श किया।विचार विमर्श करने के बाद टीम ने सभी सड़कों के जंक्शन से पहले स्पीड लिमिट का साइन बोर्ड लगाने, नाइट विजन रिफ्लेक्टर लगाने, मुख्य सड़क की इंट्री से पहले रंबल स्ट्रीप लगाने सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से अन्य आवश्यक निर्णय लिए।

# एके राय के अधूरे सपने को साकार करूंगा : अरूप चटर्जी

## भरपूर आशीर्वाद के लिए जनता का आभार : बबलू महतो

- भाकपा माले ने निरसा व सिंदरी विधायक का किया अभिनंदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** भाकपा माले की जिला कमेटी की ओर से शनिवार को पुराना बाजार स्थित अग्रसेन भवन धर्मशाला में निरसा के नवनिर्वाचित विधायक अरूप चटर्जी व सिंदरी नवनिर्वाचित विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बब्लू महतो का अभिनंदन किया गया। बैंड बाजा तथा पटाखे जलाकर कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी का इजहार किया।

निरसा विधायक ने कहा कि कॉमरेड एके राय के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए मासस का माले में विलय हुआ है। आज जमीनी संघर्ष का नतीजा है कि माले को जिले के दो सीटों पर विजय मिली है। गरीब, मजदूर और शोषित-वंचितों के साथ किये गए वादे पर हमलोग खरा उतरने का काम करेंगे। सिंदरी विधायक ने कहा कि किसान और मजदूरों की लड़ाई लम्बे समय से पार्टी के नेतृत्व में कोयलांचल में चलती रही है। उसी का नतीजा है कि इस बार जनता का हमलोगों को भरपूर आशिर्वाद मिला है। इसके लिए जनता का आभार प्रकट करता हूं।

पार्टी के जिला सचिव बिन्दा पासवान ने कहा कि पार्टी कॉमरेड की सक्रियता और संगठन की दृढ़ता ने विजय दिलाई है। संगठन को और अधिक मजबूत करने की जरूरत है ताकि अगले संसदीय चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित हो सके। समारोह में पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो, निताई महतो, हरि प्रसाद पप्पू, सुभाष प्रसाद सिंह, सुभाष चटर्जी, आनंद महिपाल, विजय कुमार पासवान, हिमांशु मंडल, शेखर कुमार, कृष्णा सिंह, हरेन्द्र सिंह, नागेंद्र कुमार, एन.पी. साहू, विश्वजीत राय, बुटन सिंह, देवाशीष पाण्डेय, सुनिल महतो, राजीव मुखर्जी, कल्याण घोषाल, जयदीप बनर्जी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विधायक राज सिन्हा ने की दिव्यांग बच्चों के साहस व समर्पण की सराहना



**धनबाद।** शनिवार को विश्व दिव्यांगता सप्ताह का समापन पहला कदम स्कूल में हुआ। समापन कार्यक्रम में विधायक राज सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के साहस और समर्पण की सराहना की। कहा हमलोगों का भी कर्तव्य है कि हम दिव्यांगजनों को समान अवसर दें और इन्हें अपने समाज का पूर्ण सदस्य महसूस कराएं। इससे पूर्व इस्कॉन की ओर से दिव्यांग बच्चों के बीच हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। इसके बाद बच्चों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### यूनियनों की मान्यता को लेकर होने वाली मतगणनना 12 दिसंबर को

**धनबाद।** रेलवे की छह यूनियनों की मान्यता को लेकर तीन दिनों तक चली मतदान की प्रक्रिया अब समाप्त हो चुकी है। यूनियनों का फैसला मतपेटी में बंद हो गया है। धनबाद रेल मंडल के सभी 33 बूथों पर तीन दिनों में कुल 80.27 प्रतिशत वोट पड़ा। अब मतों की गिनती 12 दिसंबर को होगी। रेल प्रशासन ने रांगाटांड़ स्थित सामुदायिक भवन को स्ट्रांग रूम बनाया है। जहां रेल मंडल के सभी 33 बूथों की मतपेटी शनिवार को पहुंच गईं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में आरपीएफ को तैनात किया गया है। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी लगाया जा रहा है, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो पाये। फिलहाल सभी यूनियन अपनी-अपनी जीत के दावे कर रही है। लेकिन चुनाव के नतीजे आने के बाद ही सही जानकारी मिल पायेगी।

### कतरास के युवा कवि ने बढ़ाया झारखंड का मान

**कतरास।** कतरास निवासी सचिन सिन्हा ने वाराणसी में आयोजित कवि कुम्भ सम्मेलन में भाग लिया। आयोजनकर्ता मातृभाषा हिंदी संगठन के कुमार लक्ष्मीकांत, निर्भय निर्वाण, सुभाष आर्य, प्रीति कुमारी आदि सदस्यों ने कवि सचिन सिन्हा एवं अन्य कवियों को अंग वस्त्र तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सचिन सिन्हा ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन काशी सेवा समिति के पंडित मदन मोहन मालवीय सभागार वाराणसी में हुआ। जिसमें झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगाल आदि देश भर से 201 कवि शामिल हुए। अपनी कविता का विषय और उसके उद्देश्यों के जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि 'अपनी जिम्मेदारी' नामक कविता के माध्यम से नारी सुरक्षा के विषय में अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए समाज को जगाने का प्रयास किया है। दूसरी कविता जिसका शीर्षक 'जीवन' है, के माध्यम से व्यक्ति के जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव का वर्णन और उसका सुंदर चित्रण करते हुए जीवन को सकारात्मक रूप में परिभाषित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में मानद सदस्य के रूप में वाराणसी विकास प्राधिकरण के अंबरीश सिंह भोला उपस्थित थे।

## बलियापुर के सुरंगा गांव में अवैध ओबी डंप!



- सीओ ने बीसीसीएल अधिकारियों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बलियापुर अंचल के सुरंगा में अवैध ओबी डंप किए जाने के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में अंचल अधिकारी की अध्यक्षता में सुरूंगा गांव के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर बीसीसीएल के पदाधिकारीयों के साथ बैठक हुई, जिसमें सुरूंगा गांव में अवैध रूप से ओबी डंप किए जाने का मामला प्रमुखता से आया।

आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा रैयती एवं गैर आबाद जमीन पर जबरन ओबी डंप किया जा रहा है और किसी भी रैयत को ना तो किसी तरह का कोई मुआवजा मिला है न ही किसी तरह की नौकरी की कोई बात हो रही है और न ही भू-अर्जन हेतु कोई प्रक्रिया की गई है। ऐसी स्थिति में अंचल अधिकारी द्वारा बीसीसीएल के पदाधिकारीयों एवं सुरंगा गांव के ग्रामीणों के बीच बैठक कर बीसीसीएल के पदाधिकारीयों को अविलंब मुआवजा देने हेतु निर्देशित किया गया है।

अंचल अधिकारी ने कहा कि रैयत को हर हाल में अविलंब जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू करें।

# बलियापुर में चला अतिक्रमण उन्मूलन अभियान

- सीओ के नेतृत्व में सड़क पर उतरी टीम ने हटाया अतिक्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** बलियापुर के अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में बलियापुर मुख्य चौराहा के चारों तरफ की सड़कों से आंशिक अतिक्रमण हटाया गया। जिसमें थाना प्रभारी आशीष भारती पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। अंचल अधिकारी ने बताया कि नाली के ऊपर जो पाथवे बना है, उसपर दुकानदारों के द्वारा सामान रखकर अतिक्रमित कर दिया गया है, जिसके कारण पैदल चलने वाले राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पाथवे के अतिक्रमण को हटा दिया गया है। शेष अतिक्रमण को 24 घंटे के अंदर अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने हेतु निर्देशित किया है। दिए गए समय सीमा पर अतिक्रमण नहीं हटाने पर अंचल प्रशासन के द्वारा सोमवार को पुनः बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा। वैसी स्थिति में अतिक्रमण हटाने में होने वाले खर्च की वसूली सर्टिफिकेट केस दायर कर संबंधित अतिक्रमणकारी से की जाएगी। सड़क के किनारे वाहनों के खड़े होने से जाम की समस्या और भी प्रबल हो जाती है ऐसी स्थिति में अतिक्रमण हटने से यातायात सुगम हो सकेगा। किसी भी एंबुलेंस या जरूरतमंद को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले पर कानूनी करवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी व्यवसाईयों से अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील की है। यह भी अनुरोध किया है कि आप स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें ताकि किसी प्रकार के बल प्रयोग की जरूरत ही ना पड़े। अंचल अधिकारी ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग की सराहना की है। साथ ही धैर्यपूर्वक व्यवसाईयों की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया है। अंचल अधिकारी ने बताया कि आज जिस प्रकार अन्य शहरों में जाम की समस्या बढ़ गई है वह दिन दूर नहीं जब बलियापुर में भी ऐसी स्थिति आ सकती है। इसलिए आप सभी हमारा सहयोग करें प्रशासन आपके लिए सदैव तत्पर है और रहेगा। अतिक्रमण हटाने में अंचल बलियापुर की पूरी टीम जिसमें अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल अमीन एवं चौकीदार शामिल थे।

## झालसा के निर्देश पर डालसा की चाईल्ड यूनिट टीम की सक्रियता बढ़ी

# राजगंज के चार बच्चों को दिया नया जीवन

- चारों बच्चों के माता पिता की हो चुकी है मृत्यु

**खबर मंत्र संवाददाता**



**धनबाद।** झालसा के निर्देश पर गठित लीगल सर्विस यूनिट फार चिल्ड्रेन टीम ने राजगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले चार बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें नया जीवन दिया है। जिला बाल संरक्षण ईकाई के सहयोग से शनिवार को चुंगी राजगंज के रहने वाले चार अनाथ बच्चों को राज्य सरकार के स्पोंनरशिप योजना का लाभ दिलाकर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में दाखिला करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इस बावत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि टीम को आज सुबह यह सूचना मिली कि राजगंज थाना क्षेत्र के चुंगी गांव में चार बच्चे ऐसे हैं जिनकी मां की मृत्यु पांच माह पूर्व कैंसर से हो गई, जिससे आहत होकर उनके पिता ने भी मौत को गले लगा लिया। सभी बच्चे गांव में इधर उधर घूमते रहते हैं। इस सूचना पर फौरन कार्रवाई करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने डालसा सचिव को टीम गठित करने का निर्देश दिया। सचिव ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश पियूष कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की, जिसमें डीसीपीओ साधना कुमारी, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक राजेश सिंह, पीएलवी दीपक कुमार, दिनेश कुमार, काजल कुमारी, रिचा प्रसाद ने राजगंज जाकर चारों बच्चों का रेस्क्यू किया। बच्चों को फौरन बाल संरक्षण इकाई के द्वारा पढ़ने के लिए स्कूल बैग किट, डालसा के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा ठंड से बचाव के लिए कंबल व भोजन की व्यवस्था की गई। मौके पर ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर चारों बच्चों को जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सरकार के स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ दिया गया तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इस बाबत जानकारी देते हुए डीसीपीओ साधना कुमारी ने बताया कि बहुत जल्द ही चारों बच्चों को कस्तूरबा गांधी विद्यालय में दाखिला करा दिया जाएगा तत्काल बच्चों को उसके बुआ को सुपुर्द किया गया है ताकि उसकी देखभाल सही रूप से हो सके।

# बीआईटी सिंदरी में दो दिवसीय आईईई फ्लैगशिप इंटरनेशनल कांफ्रेंस शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**सिंदरी।** बीआई टी सिंदरी में दो दिवसीय आईईई फ्लैगशिप इंटरनेशनल कांफ्रेंस का उद्घाटन आईआईटी आईएसएम धनबाद के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा, बीआईटी सिंदरी निदेशक डॉ पंकज राय और केटीएमपीएल परियोजना निदेशक प्रियंकर सक्सेना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

निदेशक डॉ पंकज राय ने कहा कि आईईई की पहल बिटकॉन - 24 अग्रणी शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और छात्रों को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए तैयार है। इसमें हरित उर्जा प्रौद्योगिकी में अगली पीढ़ी के अनुप्रयोगों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह सम्मेलन शिक्षा और अनुसंधान में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में बीआईटी सिंदरी की प्रतिष्ठा की पुष्टि करता है। जिससे भविष्य में सहयोग और नवाचारों के लिए मंच तैयार होगा। उन्होंने अपने स्वागत भाषण में नवाचार को बढ़ावा देने की संस्था की विरासत और शिक्षा तथा उद्योग के बीच की खाई को पाटने के लिए इसके समर्थन पर प्रकाश डाला। झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने शैक्षणिक और औद्योगिक प्रगति को आगे बढ़ाने में ऐसे प्रयासों के महत्व को रेखांकित किया। प्रो. सुकुमार मिश्रा ने वैश्विक तकनीकी चुनौतियों का समाधान करने में अंतर्विषय दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर अमूल्य योगदान के लिए प्रो. सुकुमार मिश्रा को डॉ उपेंद्र प्रसाद और प्रियंकर सक्सेना को डॉ डीके तांती ने सम्मानित किया। सम्मेलन संयोजक डॉ अमित कुमार चौधरी और डॉ विनित शेखर ने उद्घाटन समारोह को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी के लिए अतिथियों, आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रख-रखाव के अभाव में बदरंग हुआ गोल्फ ग्राउण्ड पार्क

- महीनों से खराब पड़ी है कई स्ट्रीट लाईट
- बच्चों के प्ले जोन में कई उपकरण खराब, ट्रैक उखड़ा

मिथिलेश कुमार





**धनबाद।** तीन साल पूर्व शहर के रणधीर वर्मा स्टेडिएम (गोल्फ ग्राउंड) में बना पार्क अब बदरंग होंने लगा है। जॉगिंग ट्रैक पर लगी स्ट्रीट लाईट महीनों से खराब है। चाइल्ड प्ले जोन का सिंथेटिक रबर कई जगह ट्रैक से उखड़ चुका है, बच्चों के खेलने के लिए लगाये गए कई उपकरण भी खराब हो चुके हैं। ओपेन जीम में लगे उपकरण खराब होंने लगे हैं। इतना ही नहीं पार्क में शाम ढलते ही कई कपल अंधेरे का फायदा उठाकर मस्ती करते नजर आते हैं। वहां मौजूद गार्ड एवं अन्य कर्मी इन उपकरणों की देखरेख करना जरूरी नहीं समझते हैं। अधिकारी भी पार्क में आयोजित होंने वाले कार्यक्रम में ही सिर्फ नजर आते हैं। यही वजह है कि पार्क की हालत खराब होने लगी है।

**वर्ष 2021 में हुआ था उद्घाटन :** नगर निगम की ओर से गोल्फ ग्राउण्ड में पार्क का निर्माण वित्तीय वर्ष 2018-19 में कराया गया था। इसे बनाने में पांच करोड़ रुपये खर्च किये गए थे। धनबादवासियों के लिए इस पार्क में कई नये प्रयोग किये गए थे ताकि यहां आने पर लोग सकून महसूस कर सकें। पार्क के चारों ओर हरियाली के अलावा एक किलोमीटर लंबा सिंथेटिक रबर वाला जॉगिंग ट्रैक, योगा, मेडिटेशन सेंटर, चाइल्ड प्ले जोन, ओपेन जिम, स्केटिंग रिंग, लाईटिंग, शौचालय आदि की व्यवस्था की गई थी। साथ ही पार्क में इंट्री फीस भी तय की गई थी। 1 मार्च 2021 को इस पार्क का उद्घघाटन किया गया था। लोगों ने निगम के कार्यों की उस वक्त खूब सराहना की थी।

> गोल्फ ग्राउण्ड पार्क में रिपेरिंग काम होते रहता है, ये सब रूटिन काम है। जो भी चीजें खराब हुई है, वह ठीक भी होगी। जहां तक बात सेकेण्ड फेज के काम की है तो अभी नहीं होगा। कब होगा इसके बारे में अभी नही बताया जा सकता है।
>
> **रविराज शर्मा**
> नगर आयुक्त, नगर निगम धनबाद

**हर रोज हजारों लोगों की जुटती है भीड़ :** शहर के बीचों बीच पार्क होने की वजह से सुबह जॉगिंग के लिए काफी संख्या में लोग यहां हर दिन पहुंचते हैं। इसके अलावा शाम को भी शहर और इसके आसपास के हजारों लोग यहां आते हैं। बाहर से आने वाले लोग भी सैर सपाटे के लिए यहां पहुंचते हैं। साप्ताहिक अवकाश या अन्य छुट्टी के दिनों भारी भीड़ होती है। नया साल जल्द आने वाला है। लेकिन पार्क के रखरखाव में कोई बदलाव अभी देखने को नहीं मिल रहा है।

**दूसरे फेज का नहीं शुरू हुआ काम :** पार्क में दो फेज में काम होना था। पहला फेज का काम तो पूरा हुआ लेकिन दूसरा फेज का काम अटक गया। यहां 2.08 करोड़ रुपया एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल मैदान, टेनिस कोर्ट, बेडमिंटन कोर्ट के अलावे मैदान में चार-चार हाई मास्क लाइट लगाया जाना था। लेकिन यह काम आज तक पूरा नहीं हुआ। अब तो निगम में इसकी चर्चा भी नहीं होती है।

## स्पीड न्यूज

### नवनिर्वाचित विधायक शत्रुघ्न महतो को किया सम्मानित

**कतरास।** झीझीपहाड़ी की पंचायत के बेलंजाबाद में आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित विधायक शत्रुघ्न महतो को सम्मानित किया गया। पंचायत समिति सदस्य संजू देवी व अर्जुन महतो के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विधायक ने कहा कि बाघमारा की जनता के विश्वास पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का काम करेंगे। विकास के अधूरे कार्य को निश्चित रूप से पूरा करूंगा। राजेन्द्र महतो, बबलू मिश्रा, अविनाश महतो, राजू महतो आदि मौजूद थे।

### निरसा में गोवंश से भरा कंटेनर जब्त, चालक फरार

**मैथन।** निरसा पुलिस ने गुप्त सूचना पर शनिवार अहले सुबह करीब 4 बजे गोवंश से भरा एक कंटेनर को पकड़ा, जिसमें 38 गौवंश ठूंस ठूंस कर लादा गया था। इस संबंध में निरसा थानेदार मनजीत कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात में गुप्त सूचना मिली कि गोवंश से लदा एक कंटेनर बंगाल ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर तेतुलिया में गश्ती दल को कंटेनर पकड़ने के लिए लगा दिया गया था। सड़क पर पुलिस दल को देखते ही चालक कंटेनर खड़ा कर फरार हो गया। जब्त कंटेनर में सही सलामत 38 गौवंश लदा हुआ था, जिसे कतरास गौशाला भेज दिया गया।

### दहेज को लेकर हत्या करने का मामला दर्ज, एक गिरफ्तार

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के बांकुडीह गांव में दहेज के लिए एकमत होकर फांसी देकर हत्या कर देने के आरोप में नारायणपुर थाना कांड संख्या 127/24 में मामला दर्ज हुआ है। मृतका के पिता महेश साव ने बताया कि बेटी भूमिका देवी की शादी 6 माह पूर्व बांकुडीह गांव निवासी संजय मंडल के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही दहेज के लिए खटपट होने लगा आये दिन झगड़ा होता रहता था। बीते गुरुवार की रात भी झगड़ा हुआ था। वहीं शुक्रवार को सुबह मेरी बेटी का शव पंखे के लटकता हुआ मिला। वहीं मृतका के पिता ने दामाद संजय मंडल, समधी शंकर मंडल, मनोरंजन मंडल, हेमन्त मंडल, पवन मंडल, टेपी देवी को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने संजय मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जेएनएमएस स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**जोड़ापोखर।** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डिगवाडीह, धनबाद में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झरिया प्रखंड के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कामेश्वर महतो एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के निदेशक डॉ. आर.एन. चौबे एवं चंद्रशेखर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से आज के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों ने दौड़ किया एवं प्रतिज्ञा ली। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलकूद से स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है एवं पढ़ाई के साथ-साथ सभी बच्चे खेलकूद अवश्य करें।

# मंत्री बनने के बाद सुदीव्य कुमार सोनू पहुंचे गिरिडीह, हुआ भव्य स्वागत

- गिरिडीह आगमन पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू के मंत्री बनने के बाद शनिवार को गिरिडीह आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। रांची से गिरिडीह आगमन के दौरान रास्ते में हरिहर धाम, पिरटांड एवं मधुबन मोड़ के समीप इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा स्वागत किया गया। कई स्थानों पर फूलमाला पहनाकर तथा बुके देकर स्वागत किया गया। गिरिडीह आगमन पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गिरिडीह में नगर निगम संवेदक संघ ने नगर विकास मंत्री का भव्य स्वागत किया।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के गिरिडीह आगमन पर इंडी गठबंधन के नेताओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। खुशी में लोगों ने पटाखे भी फोड़े। नगर निगम संघ के सदस्यों ने इस मौके पर मंत्री को फूल माला पहना कर उनका भव्य तरीके से स्वागत किया।

मौके पर सुमन राय, जीवन दास, भरत मिश्रा, मंगल सिंह, अमित नारायण देव, इनाम आलम, राजीव सिंह नीरज साव, रणधीर सिंह, प्रवीण राय, अमित गुप्ता, अफरीदी शेख, मृतुन्जय कुमार, अजय राय, महेन्द्र यादव, कंचन जी, मनीष सिन्हा, विशाल गुप्ता, सूरज साव, गोपाल लोहानी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे। झामुमो समेत कांग्रेस, इंडिया गठबंधन के लोगों ने अपने-अपने ढंग से खुशी का इजहार करते हुए भव्य स्वागत किया।

### दिव्यांगों के बीच शाल एवं जैकेट का वितरण

**पुटकी।** बढ़ती ठण्ड के मद्देनजर ग्रामीण एकता मंच (गोपालीचक 2 नंबर ) के सदस्य ज्वाला सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ करकेंद लेप्रोसी कालोनी के दिव्यांगो के बीच शाल एवं जैकेट का वितरण किया। अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि मंच के सदस्य लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर शामिल होते है। मौके पर दुर्गा कुमार, अजय पासवान, राजेश भारती, दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।

### झामाडा का पाइप फटने से पानी हुआ बर्बाद

**तेतुलमारी।** शनिवार सुबह तेतुलमारी में गया पुल के समीप झामाडा का पाइपलाइन फटने से काफी पानी बर्बाद हुआ। विभागीय टीम मौके पर पहुंची और वाल्व बंद कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइप के समीप रेलवे के द्वारा जमीन समतल कराया जा रहा था। मशीन से मिट्टी हटाये जाने के दौरान पाइप क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके चलते इलाके में जलापूर्ति ठप हो गई। लोग पानी की जुगाड़ के लिए परेशान दिखे।

## एक नजर में

### विधायक शत्रुघ्न ने स्कूली बच्चों को दिये नोटबुक-बैग, स्कूल के विकास में मदद का दिया भरोसा

**सिजुआ।** एमटी मध्य विद्यालय रामपुर में शनिवार को आयोजित सादे समारोह में स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। विधायक शत्रुघ्न महतो ने बच्चों को नोटबुक व बैग प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का माहौल देने के लिए स्कूल के विकास में हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। जिला प्रतिनिधि जितेश रजवार, यशोदा देवी, उपमुखिया चंदा देवी, एस एमसी अध्यक्ष अमित सरकार सहित अभिभावक व शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### मुगमा में शटर तोड़ नगदी सहित लाखों के जेवरात की चोरी

मैथन। निरसा थाना क्षेत्र के मुगमा मोड़ स्थित रामेश्वर ज्वेलर्स का शुक्रवार की रात चोरों ने शटर तोड़कर नगदी सहित करीब तीन लाख रुपए की जेवरात चोरी कर चलते बने। शनिवार के सुबह जब पूर्व मुखिया विमल रवानी ने दुकान का शटर खुला हुआ देखा, तो दूकान मालिक रामेश्वर ठाकुर को सूचना दी। सूचना मिलते ही दुकान मालिक अपने भाई के साथ दुकान पहुंचे, तो देखा कि शटर में ताला लगा हुआ है, परंतु आधा शटर उठा हुआ है और काउंटर बाहर है। अंदर जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। गोदरेज अलमीरा टूटा पड़ा हुआ था और सारा सामग्री इधर-उधर बिखरा पड़ा था। दुकान मालिक ने बताया कि लगभग ढाई किलो चांदी एवं 10 से 12 ग्राम सोने की आभूषण चोर लेकर गये है। घटना की सूचना पाकर निरसा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की।

### पल्स पोलियो अभियान को ले डीसी ने दिए निर्देश, डोर टू डोर छूटे बच्चों को पिलायें पोलियो की खुराक

**गिरिडीह।** उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने वीसी कर पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन व संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वीसी में उपायुक्त ने आगामी 08 दिसंबर से शुरू होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की समीक्षा की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान में 0 से 5 वर्ष तक का एक भी बच्चा न छूटे, इसके लिए बेहतर समन्वय के साथ कार्य सम्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आमजनों को अभियान की तिथि, बूथ की जानकारी देने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग, सूचना व जनसंपर्क विभाग, जन प्रतिनिधियों, रोटरी क्लब, रेडक्रॉस सोसायटी, आंगनबाड़ी कर्मियों को अभियान के संबंध में अवगत कराने एवं अपने-अपने पोषक क्षेत्र के लोगों को बूथ पर आने के लिए प्रेरित करने को कहा।

### बलगो में उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घघाटन

गिरिडीह। बिरनी प्रखंड के बलगो पंचायत में शनिवार को उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया गया। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. साकिब जमाल अंसारी, बिरनी उप प्रमुख शेखर शरण दास, मुखिया कुसुम देवी, पंचायत समिति सदस्य अली असगर, मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, मुन्नी राणा, बायस राय, तरन्नुम खातून, वसीम अंसारी, राहुल यादव, कलीम अंसारी, एएनएम प्रति कुमारी और सुभोद्रा समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य केंद्र के संचालन की शुरूआत करते हुए इसे ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सुविधा बताया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपनी खुशी व्यक्त की और जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

### नायकडीह एवं धुरैता पंचायत के ग्रामीणों ने दिया धरना

गिरिडीह । गैरमजरूआ जमीन पर जबरन भूमाफियाओं द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर नायकडीह, धुरेता पंचायत के ग्रामीण प्रखण्ड मुख्यालय जमुआ में शनिवार को धरना दिया । इस बाबत अंचलाधिकारी जमुआ को दिए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा कि नायकडीह मौजा के खाता संख्या 16 प्लाट संख्या 527 गैरमजूरवा परती कदीम किस्म जमीन शिवफिलिंग पेट्रोल पम्प से राय इंटरप्राइजेज दुकान तक भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा एवं निर्माण कार्य रोकने व जमीन को मुक्त कराने की मांग की है ।.ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की मांग की है उचित कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना जारी रहने की बात कही है। कार्यक्रम की अगुवाई जिप सदस्य सह भाकपा माले नेता विजय पांडेय ने किया। धरना में निर्भय राय, सुरेश यादव, सुभाष यादव, लक्ष्मण यादव, हरखू यादव, महेंद्र यादव, मकसूद अंसारी, अजय यादव, इंद्रदेव यादव, अर्जुन यादव, रोहित यादव, सदानंद यादव, अजीत यादव, छोटू यादव सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## सभी समितियां में इनमोसा की भागीदारी की मांग



- इनमोसा ने बीसीसीएल के निदेशक तकनीकी के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** 17 सूत्री मांगों को लेकर इनमोसा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को बीसीसीएल के निदेशक तकनीकी संजय कुमार सिंह के साथ बैठक की। प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों को मजबूती के साथ रखा। जिसमें सभी समितियों में इनमोसा की भागीदारी सुनिश्चित करने, माइनिंग तकनीकी में बदलाव को देखते हुए माइनिंग सरदार एवं ओवरमैन को आईआईसीएम रांची में ट्रेनिंग देने, रेस्क्यू ट्रेड सुपरवाइजर के करियर ग्रोथ के लिए सेपरेट कैडर स्कीम बनाने, रेस्क्यू ट्रेड सुपरवाइजर को चार्ज अलाउंस देने, सभी मीनिंग सुपरवाइजर के लिए ड्रेस कोड जारी करने, माइनिंग सुपरवाइजर के खाली पदों को जल्द भरने, खदानों में डीजीएमएस के गाइडलाइन का पालन करने आदि मांगे शामिल थी। जिसपर निदेशक तकनीकी ने जल्द विचार करने की बात कही। इनमोसा के कुश कुमार सिंह ने कहा कि बीसीसीएल के निर्धारित उत्पादन एवं लक्ष्य के प्रति इनमोसा वचनबद्ध है और उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। प्रतिनिधि मंडल में अजीत सिंह, विजय यादव, अशोक कनौजिया, महेश प्रसाद चौहान,यशवंत कुमार सिंह, जयनन्दन पासवान शिव शंकर महतो, मिहिर रजवार, रंजीत, अवधेश यादव, सूरज चौहान, बालेश्वर पंडित, शंभू पासवान, रविकांत गुप्ता, शंभू चौहान, परवेज अख़्तर, राकेश सिन्हा, अरविंद सिंह, रंजय सिंह नागेंद्र सिंह आदि थे।

## जाति जनगणना कराने व आरक्षण से क्रीमी लेयर हटाने की मांग

- आल इंडिया ओबीसी इम्प्लाइज फेडरेशन ने 5 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देकर किया जोरदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** ऑल इंडिया ओबीसी इम्प्लॉयज फेडरेशन से संबद्ध डीवीसी पिछड़ा वर्ग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष गिरिजेश्वर प्रसाद ने जातिवार जनगणना कराने, पिछड़े वर्ग के आरक्षण से क्रीमी लेयर हटाने, 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को खत्म करने, और निजी क्षेत्र एवं अदालतों में आरक्षण की मांग की है।

श्री प्रसाद ने पत्रकारों को बताया कि उक्त मांगों को लेकर ऑल इंडिया ओबीसी इम्प्लॉयज फेडरेशन ने 5 दिसंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया एवं जोरदार प्रदर्शन किया। उसी दिन शाम को फेडरेशन की ओर से कंस्टीच्यूशन क्लब, दिल्ली में सामाजिक न्याय विषय पर एक सेमीनार का भी आयोजन किया गया। अगले दिन 6 दिसंबर को अंबेडकर ऑडिटॉरियम, तेलंगाना भवन, दिल्ली में फेडरेशन की जेनरल काउंसिल की मीटिंग हुई। उन्होंने बताया कि जंतर-मंतर, दिल्ली में आयोजित धरना-प्रदर्शन में बिहार से सांसद पप्पू यादव भी शामिल हुए और जनसमूह को संबोधित किया। इनके अलावे कई और सांसद, पूर्व सासंद एवं पूर्व मंत्री भी प्रदर्शन को संबोधित किया। ऑल इंडिया ओबीसी इम्प्लॉयज फेडरेशन के महासचिव जी करुणानिधि के नेतृत्व में देश भर के पब्लिक सेक्टर के ओबीसी एसोसिएशन के प्रतिनिधि काफी संख्या में धरना और प्रदर्शन में शामिल हुए। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित धरना एवं प्रदर्शन के बाद शाम को कंस्टीच्यूशन क्लब, दिल्ली में सामाजिक न्याय विषय पर आयोजित सेमीनार को ओबीसी संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं सांसद गणेश सिंह, बिहार से सांसद गिरिधारी यादव तथा डॉ. के लक्ष्मण और एटाला राजेंदर आदि ने संबोधित किया। अगले दिन 6 दिसंबर को दिल्ली के अंबेडकर ऑडिटॉरियम, तेलंगाना भवन, दिल्ली में फेडरेशन की जेनरल काउंसिल की बैठक हुई। बैठक में 27 सदस्यीय केन्द्रीय समिति का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें अशोक सरकार- कार्यकारी अध्यक्ष और जी करुणानिधि-महासचिव चुने गए।

# गिरिडीह में 15 हजार लाभार्थियों के बैंक खाता में त्रुटि

- डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने की मंईयां सम्मान योजना को लेकर बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह।** आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सेविका, सहायिका समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बताया कि गिरिडीह जिले में माह अक्टूबर, 2024 में कुल 14932 लाभार्थियों का बैंक खाता त्रुटि है जिसका निराकरण अबतक लंबित है। त्रुटियुक्त सभी लाभार्थियों को आंगनबाडी सेविका के माध्यम से सूचित करते हुए लाभार्थियों के बैंक खाते के त्रुटियों का निराकरण करेंगे। तदनुपरांत सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, गिरिडीह द्वारा उक्त लाभुकों का भुगतान किया जायेगा।

योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी आंगनबाड़ी सेविकॉए छुटे हुए योग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनसे आवेदन प्रपत्र प्राप्त करेंगे एवं भी एल ई से ऑन लाइन करवाते हुए महिला पर्यवेक्षिका / पंचायत सचिव के माध्यम से प्रखण्डों को स्वीकृति हेतु प्रपत्र उपलब्ध कराएँगे। साथ ही माह दिसंबर के अंतिम तिथि तक भौतिक सत्यापन का प्रतिवेदन उपलब्ध कराएँगे।

# मजदूर उच्च विद्यालय कांड्रा में अवैध वसूली के मामले की होगी जांच : डीइओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** गौशाला ओपी अंतर्गत कांड्रा मजदूर उच्च विद्यालय में मैट्रिक परीक्षा फार्म भरने में अनियमितता का मामला शनिवार को प्रकाश में आया। इस पर समाजसेवी प्रदीप महतो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय प्राचार्य से अविलंब रोक लगाने का आग्रह किया।

प्रदीप महतो ने बताया कि दस वर्षों से अधिक समय से उक्त विद्यालय में प्राचार्य के पद पर तैनात अमित कुमार द्वारा मैट्रिक परीक्षा के फार्म भरने में अनियमितता की जानकारी अभिभावकों ने दी। इसपर जांच करते हुए प्राचार्य से पूछताछ करने पर उन्होंने अवैध वसूली को स्वीकार किया है। प्रदीप महतो ने बताया कि परीक्षार्थियों से मैट्रिक फार्म भरने के लिए सरकारी तंत्र द्वारा 937 रुपये जमा करने हैं। वहीं लगभग 150 परीक्षार्थियों से विद्यालय प्रबंधन 1500 रुपये से अधिक वसूलने की बात सामने आई है। इसको लेकर कांड्रा बाजार में प्रदीप महतो के नेतृत्व में स्कूल प्रशासन का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी ने बताया कि इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल और पुतला दहन में प्रदीप महतो, मुकेश महतो, चंदन महतो, विष्णु महतो व छोटन महतो शामिल थे।

## समय संवाद

हमने तय किया था कि अपने मतभेदों को विवाद का रूप नहीं लेने देंगे, बुद्धिमत्ता से उन्हें निपटाएंगे।' बीजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार, शी ने कहा, 'चीन भारत के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करने की अडिग नीति पर चल रहा है और दो प्राचीन सभ्यताओं के बीच रिश्ते मजबूत करने के लिए सौ वर्षीय योजना का प्रस्ताव रखा है। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति में वैश्विक स्थिरता और विकास बढ़ाने के लिए भारत और चीन को बढ़ते महत्व की जिम्मेदारी का वहन करना चाहिए। दक्षिण एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका में भारत और चीन को दूसरे देशों के साथ सहयोग बढ़ाना चाहिए।' दक्षिण एशिया अर्थात पाकिस्तान के साथ।

# कैमिकल युक्त अनाज से चिंतित समाज



**रानी राज**



**बड़े** महानगरों में लोग ऑनलाइन बाजार से अब जैविक, प्राकृतिक और मोटे अनाज भी मंगाने लगे हैं। वजह- खेती में खतरनाक कीटनाशकों और उर्वरकों का अंधाधुंध इस्तेमाल किया जाना है, जिनसे तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं। ये वही अनाज हैं, जिन्हें सत्तर के दशक में ग्रामीण और मध्यवर्गीय परिवारों ने छोड़ दिया था। कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर के ग्रामीण अंचल में मेरा जाना हुआ। यह अंचल अपनी खुशबू के लिए मशहूर काला नमक चावल के लिए जाना जाता है। कहते हैं कि अगर आपके घर में यह चावल पक रहा हो, तो आसपास के कई घरों तक इसकी खुशबू जाती है। यह देश के एरोमैटिक यानी सुगंधित चावलों में से एक है। पर यह चावल स्थानीय बाजार में भी दो तरह का मिलेगा। एक तो वह चावल है, जो जैविक विधि से यानी बिना रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक के उगाया जाता है।

दरअसल यह ज्यादा महंगा होता है और बड़े किसान इसे ज्यादातर अपने इस्तेमाल के लिए बोते हैं। पर जब से प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ी है, तब से वे कुछ हिस्सा बाजार में भी देने लगे हैं। उनके खेत भी दो तरह के हो गए हैं, एक जिसमें वे अपने घर के लिए प्राकृतिक ढंग से बोते हैं, तो दूसरा जो प्रचलित रासायनिक खेती का तरीका है, उसके लिए। साफ है कि वे खुद रासायनिक फसल से दूरी बना रहे हैं। पर ज्यादा मुनाफा के चलते बाजार में वे रासायनिक उर्वरक से पैदा हुआ अन्न बेचते हैं। यही स्थिति देश के विभिन्न हिस्सों की भी है। देश में कुछ अंचल ऐसे भी हैं, जहां की खेती अगर जैविक नहीं भी है, तो प्राकृतिक जरूर है। इसकी वजह किसानों की गरीबी भी है। उदाहरण के लिए उत्तराखंड के ज्यादातर इलाकों में आज भी रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक का इस्तेमाल नहीं होता। चाहे अल्मोड़ा के आसपास की भट की दाल हो या फिर चंपावत का मशहूर आलू- राजमा हो। इनमें रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल बहुत कम होता है।

रामगढ़, जो फलपट्टी के रूप में जाना जाता है, वहां भी आड़ू-सेब को छोड़ दें, तो ज्यादातर फल और सब्जियों में वे गोबर की खाद या कंपोस्ट खाद का इस्तेमाल करते हैं। इस अंचल से जैविक उत्पादों के बारे में जब किसानों से बात हुई, तो उन्होंने बताया कि वे जैविक खेती तो नहीं करते हैं, पर रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल भी नहीं करते। ऐसे में इस अंचल के कृषि उत्पादों को जैविक भले न माना जाए, पर वह प्राकृतिक ही माने जाएंगे। यही स्थिति छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचलों की भी यही स्थिति है। उनके पास इतना रुपया ही नहीं होता कि वे महंगे कीटनाशक और उर्वरक खरीद पाएं। ऐसे में वे जो भी उगाते हैं, वह रासायनिक खेती से बेहतर होता है। ऐसे अन्न का इस्तेमाल अगर वे करते हैं, तो बड़े शहरों में लोग आर्गेनिक उत्पाद के रूप में भी करते हैं। पर यह बहुत महंगा होता है। जिस जौ को हमारे पूर्वांचल में दो दशक पहले कोई पूछता नहीं था और वह गेहूं के मुकाबले उसके आधे दाम में मिलता था, काफी महंगा बिक रहा है। मुंबई में एक वरिष्ठ पत्रकार करीब ढाई सौ रुपए किलो का जौ हर महीने ऑनलाइन मंगाते हैं। सिर्फ यही नहीं, वे सरसों का तेल, दाल से लेकर हल्दी-गुड़ आदि भी मंगाते हैं। इसकी कीमत बाजार से ज्यादा तो होती है, पर यह गारंटी भी होती है कि आप शुद्ध अन्न खा रहे हैं। यह जागरूकता हाल के कुछ वर्षों की है।

अब पंजाब के अन्न से लोग बचना चाहते हैं, क्योंकि समूचा पंजाब रासायनिक खेती के दुष्परिणाम झेल रहा है। ज्यादातर गांवों में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढी है। यह पंजाब की हरित क्रांति का काला पक्ष है। यही वजह है कि बहुत से लोग अब जैविक अन्न पर जोर देने लगे हैं। पर जैविक अन्न कम उत्पादन की वजह से महंगा पड़ता है। इसका प्रमाण पत्र लेना भी कम झमेले का काम नहीं है। इसकी फीस बहुत छोटे किसानों को महंगी पड़ती है, जिसकी वजह से वे अपना उत्पाद जैविक उत्पाद के रूप में नहीं बेच पाते हैं। ऐसे में उनका कृषि उत्पाद, जो जैविक होने के बावजूद जैविक उत्पाद के रूप में नहीं बिक पाता, उनके लिए घाटे का सौदा बन जाता है। उदाहरण के लिए अरहर की आम दाल जो बाजार में अस्सी से सौ रुपए किलो बिकती है, वह जैविक दाल के रूप में सवा सौ से डेढ़ सौ रुपए के भाव बिकती है। अगर सरकार जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना चाहती है, तो उसे इन सब बातों पर गौर करना चाहिए।

दरअसल सेहत को लेकर लोगों में जो जागरूकता बढ़ी है, उसके चलते लोग मोटे अनाज को भी अपने भोजन का हिस्सा बना रहे हैं। जौ, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, मंडुआ से लेकर जई-अलसी तक सब इस्तेमाल होने लगे हैं। शहरी इलाकों में लोगों का खानपान बदल रहा है, तो बाजार भी बदल रहा है। अब पैकेट बंद आटे में मल्टी ग्रेन के कई ब्रांड बाजार में आ गए हैं। यह बात अलग है कि गेहूं के आटे में कौन सा अनाज कितना मिलाना चाहिए, इसकी समझ नहीं विकसित हुई है। यही वजह है कि लोग सोयाबीन या अन्य मोटे अनाज की मात्रा भी जरूरत से ज्यादा मिला देते हैं, जिससे वह सेहत को नुकसान भी पहुंचा देता है। मोटा अनाज खाना चाहिए, पर उसकी मात्रा का भी ध्यान रखना चाहिए। उदाहरण के लिए पहाड़ पर जो भट की दाल होती है, उसके आटे की रोटी डायबिटीज वालों के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें बहुत ज्यादा प्रोटीन होता है। लेकिन ज्यादा मात्रा नुकसान भी दे सकती है।

# स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में समृद्ध कैरियर की संभावनाएं



**प्रशांत झा**

**बढ़ते** प्रदूषण स्तर के चलते ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं मानवता के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरी हैं। ऐसे में क्लीन या ग्रीन एनर्जी पर देश-दुनिया का ध्यान केंद्रित होना स्वाभाविक है। साफ-सुथरी ऊर्जा जेनरेशन, वितरण व प्रोजेक्ट प्रबंधन आदि के लिए पेशेवरों की भी जरूरत होगी। यानी इस क्षेत्र में रोजगार पैदा होंगे। अपने देश में फिलहाल ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में 10 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला हुआ है। इस क्षेत्र में रोजगार पाने वालों में सोलर, विंड, बायोमॉस और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा प्रोजेक्ट्स में लगे कई तरह के तकनीशियन, इंजीनियर, प्रोजेक्ट मैनेजर और सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। भारत सरकार का लक्ष्य है कि साल 2030 तक




नवीकरणीय ऊर्जा के स्त्रोतों से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन क्षमता हासिल हो, जिससे इस क्षेत्र में और ज्यादा नौकरियां पैदा होने के चांस हैं। अगर विशेषज्ञों के अनुमान पर भरोसा करें तो अगले 5 से 10 सालों में भारत में ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में 50 लाख से अधिक नौकरियां पैदा होंगी। इनमें से बड़ी संख्या में तकनीकी और गैर तकनीकी पदों की नौकरियां होंगी। जैसे सोलर पैनल इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, एनर्जी मैनेजमेंट और परियोजना प्रबंधन। जैसे-जैसे ग्रीन एनर्जी परियोजनाएं बढ़ेंगी, रिसर्च और डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी अधिक से अधिक विशेषज्ञों की जरूरत होगी।

**किन लोगों के लिए है चांस**

ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में कैरियर बनाना उन लोगों के लिए आदर्श है, जो तकनीकी विशेषज्ञता और नवाचार में रुचि रखते हैं। अगर ऐसे लोग सस्टेनेबल ऊर्जा में बदलाव का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो उनके लिए यह स्वर्ण युग है, क्योंकि सिर्फ भारत में ही नहीं पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग के कारण जीवाश्म ऊर्जा से दूरी बनाना मजबूरी है। ऐसे में ग्रीन एनर्जी का विस्तार पूरी दुनिया में होना तय है। इसलिए भविष्य में सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में ग्रीन एनर्जी क्षेत्र के विशेषज्ञों के रोजगार की चमकदार संभावनाएं हैं। भारत में सोलर, विंड, बायोमॉस और इलेक्ट्रिक वाहन सेक्टर में जबर्दस्त कुशल लोगों की मांग है।

**शैक्षिक योग्यता और पाठ्यक्रम**

ग्रीन एनर्जी में नौकरी पाने के लिए मुख्यतः इंजीनियरिंग और सस्टनेबल एनर्जी के कोर्स करने की जरूरत होती है। इस क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए अलग-अलग शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता होगी : अंडरग्रेजुएट कोर्स- बीटेक/बीई इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और रिन्यूएबल एनर्जी। पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स- एमटेक/एमई इन रिन्यूएबल एनर्जी, सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी और एनर्जी मैनेजमेंट में विशेष कोर्स के होने पर भरपूर नौकरियां उपलब्ध होंगी। डिप्लोमा एंड सर्टिफिकेट कोर्सेज- कई संस्थान सोलर टेक्नोलॉजी, विंड पावर और एनर्जी मैनेजमेंट के लिए विशेष कोर्स ऑफर करते हैं।

**कोर्स के लिए अच्छे शैक्षिक संस्थान**

ग्रीन एनर्जी या रिन्यूएबल एनर्जी में देश के विभिन्न शैक्षिक संस्थान इस जुड़े प्रोफेशंस के लिए जरूरी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराते हैं, जिन पर डिग्री, डिप्लोमा हासिल करने पर देश-विदेश में नौकरियों की भरपूर संभावनाएं होती हैं। जानिये इन प्रमुख संस्थानों के बारे में : सभी महत्वपूर्ण आईआईटी- बॉम्बे, दिल्ली, खड्गपुर आईआईटी, ये सब ग्रीन एनर्जी पर विशेष पाठ्यक्रम उपलब्ध कराते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी- गुड़गांव स्थित यह संस्थान सोलर एनर्जी के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है। वहीं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ विंड एनर्जी- चेन्नई स्थित ये संस्थान विंड एनर्जी पर फोकस करता है।

टेरी स्कूल ऑफ एडवांस स्टडीज नई दिल्ली स्थित यह संस्थान एनर्जी स्टडीज और क्लाइमेंट चेंज में उच्च शिक्षा प्रदान करता है।

**जॉब्स के लिए संभावित स्थान**

ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में नौकरियां क्षेत्रवार विभिन्न स्थानों पर मिलती है।

सरकारी विभाग और एजेंसियां : मिनिस्ट्री ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी, सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया।

**प्राइवेट कंपनियां :** टाटा पावर सोलर, अडानी ग्रीन एनर्जी और रीन्यू पावर जैसी कंपनियां इस क्षेत्र में बड़ी तादाद में नौकरियां देती हैं। मल्टीनेशनल कपंनियां जैसे एस्सार, स्नाइडर इलेक्ट्रिक या सिमेंस आदि भी क्लीन एनर्जी से जुड़ी नौकरियां प्रदान करते हैं।

**प्रोजेक्ट्स :** बड़े पैमाने पर सोलर और विंड फॉर्म प्रोजेक्ट्स में भी काफी नौकरियां मिलती हैं।

**शुरूआती सैलरी और पैकेज**

ग्रीन एनर्जी उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसमें लगातार सैलरी पैकेज निर्मित और नियमित हो रहे हैं। शुरूआती सैलरी आपके द्वारा हासिल की गई शिक्षा, आपके अनुभव और इंटर्नशिप के महत्व के आधार पर मिलती है। बाद में आपके काम करने के तौर-तरीकों और प्रतिभा के आधार पर भी सैलेरी पैकेज निर्मित होता है। बहरहाल शुरूआत में इंजीनियरिंग ग्रेजुएट- 3 लाख से 6 लाख रुपये सालाना, सोलर टेक्नीशियन/इंटॉलेशन इंजीनियर- 3 से 5 लाख रुपये सालाना और प्रोजेक्ट मैनेजर- 5 से 12 लाख रुपये महीना।

**विदेश में भी नौकरी के चांस**

देश ही नहीं, देश के बाहर भी इस क्षेत्र में कैरियर की भरपूर संभावनाएं मौजूद हैं।

अमेरिका, यूरोप, मध्य पूर्व ऑस्ट्रेलिया, रूस और इस्राइल में भी बड़े पैमाने पर ग्रीन एनर्जी के एक्सपर्ट्स हेतु कई तरह की नौकरियां मौजूद हैं, जिसमें प्रमुख हैं- रिन्यूएबल एनर्जी कंसल्टेंट्स, सोलर एंड विंड एनर्जी इंजीनियर्स, एनर्जी मैनेजमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी स्पेशलिस्ट व रिसर्च एंड डेवलपमेंट। जहां तक पैकेज की बात है तो भारत के बाहर इस क्षेत्र के प्रोफेशनल्स को अपने देश के मुकाबले 2 से 2.5 गुना ज्यादा का पैकेज आसानी से मिल जाता है।

**(काउंसलर सह मोटिवेटर)**



# कचरा प्रबंधन पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती

**मनोज कुमार मिश्र**

**कचरा** अब केवल शहरों की समस्या नहीं है। शहरीकरण और आधुनिकीकरण की होड़ में गांव-देहात भी कचरे की समस्या को झेलने को मजबूर हैं। पर्यावरण के नजरिये से घरों के निकलने वाले कूड़ों से अधिक प्लास्टिक कचरा, मेडिकल कचरा, इलेक्ट्रॉनिक कचरा इत्यादि ज्यादा नुकसानदेह हैं। एक अनुमान के मुताबिक देशभर से हर रोज निकलने वाले करीब तीन लाख मीट्रिक टन कूड़े में से तमाम नए तरह के कूड़े पैदा होने के चलते केवल एक चौथाई कूड़े का निबटान आसानी से हो पा रहा है। हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर पवित्र केदारनाथ धाम भी कचरा और खासकर प्लास्टिक कचरे से तबाह है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने मन की बात में इसके लिए अपील करनी पड़ी।

दिल्ली, मुंबई या दूसरे शहरों में कचरों के पहाड़ (लैंडफिल) से लोगों को खतरा है ही, उसे खत्म करने के कई प्रयासों के दौरान निकलने वाले गैस से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। जिस तरह आए दिन दिल्ली के गाजीपुर, भलस्वा और ओखला या मुंबई के मुलुंड के कूड़े के पहाड़ों में आग लगती रहती है वैसी ही आग दिल्ली, मुंबई से छोटे शहर देहरादून आदि के कूड़े घर में लगने लगी है। प्लास्टिक और दूसरे कचरों से बड़ी संख्या में समुद्री जीव लगातार मर रहे हैं। शहरों और देहातों में गाय और पालतू जानवरों की मौत का एक बड़ा कारण प्लास्टिक और मेडिकल कचरा है। उत्तराखंड के जंगलों में हाथियों के लीद (शौच) में प्लास्टिक कचरा मिलने के बाद तो वन्यजीवों पर संकट के बादल छाने लगे हैं। घरों से निकलने वाले कूड़े का प्रबंधन एक समस्या है ही क्योंकि माना जाता है कि अगर अलग-अलग कूड़े की छंटाई शुरूआत में घरों से नहीं हुई तो बाद में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है। बड़ी समस्या दूसरे प्रकार के कूड़े से है। अब इमारतों को तोड़ने या पुनर्निर्माण कार्य के दौरान निकलने वाले मलबे को सड़क बनाने में उपयोग किया जाने लगा है। प्लास्टिक के पुराने बोतलों आदि को भी री-साईकिल करके दूसरी चीजें बनाई जाने लगी हैं। बड़ी समस्या मेडिकल कूड़े की है। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान हर रोज 710 टन मेडिकल कचरा निकल रहा था। मेडिकल कचरों का सही प्रबंधन न करने पर तो उनमें आपस में ही रासायनिक प्रतिक्रिया होने से खतरनाक गैस निकलने लगती है। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन बड़ी समस्या बन चुका है। अब मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, गीजर, हीटर इत्यादि सामान हर घर तक पहुंच गया है। उनके बेकार होने पर उन पुराने सामानों का उपयोग एक हद तक ही होता है। बाद में तो वह कूड़ा ही बन जाता है। इस कूड़े की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है।

समस्या इसलिए ज्यादा विकराल होती जा रही है कि हम दुनिया के जिन अमीर देशों की नकल करके आधुनिकता की अंधी दौड़ में फंसे हुए हैं, वहां भी कचरा प्रबंधन समस्या है लेकिन वहां अपने देश



जैसी न तो भारी आबादी है और न कम संसाधन। कुछ दशक पहले तक कूड़ा प्रबंधन शहरों की समस्या थी। गांव में गिनती के पक्के मकान थे। मिट्टी या बांस-फूस के मकानों को तोड़ कर वापस कुछ और मिट्टी या बांस-फूस से नया मकान बनाया जाता था। घरों से निकलने वाला कूड़ा खाद बन जाता था क्योंकि उसमें मिलावटी चीजें नहीं या कम से कम होती थीं। गांव में प्लास्टिक के थैलों और बोतलों आदि का उपयोग तो कुछ दशकों से शुरू हुआ है। लोग सामान लाने-ले-जाने के लिए अपने थैलों आदि का उपयोग करते थे। गांव में इलेक्ट्रॉनिक सामान गिनती के थे। अब गांव में भी ज्यादातर घर पक्के बन गए। इलेक्ट्रॉनिक और मेडिकल कचरा शहरों की तरह गांव में भी इकट्ठा होने लगा है। शहरीकरण की बढ़ती रफ्तार ने देश के गांवों की आबादी को भी वही सारे रोग दे दिए हैं, जिसे झेलने के लिए शहरों के लोग पहले अभिशप्त थे।

अब कचरा प्रबंधन केवल महानगरों या शहरों की समस्या नहीं है, यह देश की बड़ी समस्या बन गया है। बिना कूड़ा प्रबंधन के प्रदूषण से निजात नहीं मिलने वाला है। यह साबित हो चुका है कि प्रदूषण का एक बड़ा कारण कूड़ा-कचरा है। दुनिया के अमीर देश भी इस समस्या को झेल रहे हैं और उससे निजात पाने के विभिन्न उपाय खोज चुके हैं और हर रोज नए उपाय मिलने की उम्मीद दिखाते हैं। उनका कूड़ा प्रबंधन बेहतर होने से उन देशों में प्रदूषण के मुख्य कारणों में कचरा या कूड़ा नहीं है। उनका खानपान और रहन-सहन उन्हें बीमार बना रहा है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले विकासशील देश में प्रदूषण के बड़े कारणों में एक मानव के उपयोग में आने वाले विभिन्न तरीके के कचरे हैं। दुर्भाग्य से इस समस्या पर हम पूरी तरह से निजात नहीं पा सके हैं और अमीर देशों की नकल में जीवन शैली में बदलाव करके प्रकृति का सही उपयोग के बजाए उसका दोहन करके अपने को ज्यादा बीमार कर रहे हैं।

उत्पादन बढ़ाने की होड़ से अन्न के अवशेष भी जहर बनते जा रहे हैं। पहले अन्न के जिन अवशेषों को प्राथमिकता से घरेलू जानवरों और मवेशियों को खिलाकर उन्हें ताकतवर और ज्यादा उपयोगी बनाते थे। अब वे उन्हीं को खाकर बीमार हो रहे हैं। गाय सबसे बड़ी संख्या में प्लास्टिक के पैकेट निगलने और प्रदूषित अन्न अवशेष खाकर मर रही हैं। इन कचरों का सही निबटारा न होने से गांव से लेकर शहरों तक के नदी-नाले कचरों की ढेर में तब्दील होते जा रहे हैं। इससे पानी का संकट तो भयावह होता ही जा रहा है, हर शहर में थोड़ी बरसात से ही बाढ़ आने लगी है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि गांव से लेकर शहरों और दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में आपातकाल जैसे हालात मानकर कचरा प्रबंध प्राथमिकता पर करना जरूरी हो गया है। (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार के कार्यकारी संपादक हैं।)

# मोदी को चैलेंज करने आया प्लास्टिकासुर

**बृजमोहन ओझा**

आज शनिवार को वादे के अनुसार हनुमान मंदिर चलने के लिए तोताराम हाजिर। जैसे ही कोई एक सौ मीटर चले होंगे कि कल के सड़े खाने की बदबू के भभके ने सारी भक्ति हवा कर दी। तभी तेज हवा का झोंका आया और सड़क के किनारे पड़े सिंगल यूज प्लास्टिक के गिलासों में इस तरह दौड़ शुरू हो गई जैसे चुनाव घोषित होते ही जनसेवार्थ टिकटोच्छुक राजधानी के पार्टी दफ्तर की ओर दौड़ पड़ते हैं या किसी अस्पष्ट बहुमत वाले को सरकार बनाने का निमंत्रण मिलने पर निर्दलीय विधायकों का अपहरण करके उनको लिए-लिए किसी फार्महाउस या होटल-होटल भागते रहते हैं।

यह क्या? देखते-देखते प्लास्टिक के वे गिलास बीसियों फुट ऊंचे दैत्याकार रूप में खड़े हो गए। हमने आंख मलकर देखा, कुछ समझ में नहीं आया।

तोताराम से पूछा- क्या तुझे भी कुछ धुंधला-सा, बड़ा-सा, कुछ अर्द्ध-पारदर्शी-सा दिखाई दे रहा है ?बोला- जोर-जोर से जाप शुरू कर दे।

भूत-पिशाच निकट नहिं आवै,
महाबीर जब नाम सुनावै।।

तभी जोर की गड़गड़ाती हुई आवाज आई- डर गए? बातें तो बहुत बनाते हो।

हम दोनों ने कांपती हुई मिमियाती आवाज में पूछा- आप कौन हैं?

दीर्घाकार आकृति बोली- हम सिंगल यूज प्लास्टिकासुर हैं।

हमने कहा- महाराज, त्रिणावर्त, शकटासुर, बकासुर, अघासुर नाम तो कृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग में सुने थे लेकिन यह नाम तो कुछ अजीब-सा है।

बोला हम वही सिंगल यूज प्लास्टिक हैं जिस पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए मोदी जी ने २७ सितम्बर २०१९ को राष्ट्र संघ में बड़े जोर-शोर से घोषणा की थी।

हमने कहा- तो फिर तुम यहां क्या कर रहे हो? तुम्हें डर नहीं लगता? उनके डर से तो इस समय दुनिया का बुरा करने वाली सभी ताकतें थर-थर कांप रही हैं और एक तुम हो कि प्रतिबन्ध का सीधा चैलेंज मिलने पर भी बेशर्मी से अट्टहास कर रहे हो?



सिंगल यूज प्लास्टिकासुर बोला- जब आदमी मंच पर होता है और सामने लोग तालियाँ बजा रहे हों तो फिर वक्ता को कुछ होश नहीं रहता वह जोश-जोश में जाने क्या-क्या बोल जाता है ? खुद को जननियन्ता और सर्वशक्तिमान समझने लगता है`

तोताराम ने पूछा- तो क्या मोदी जी अब तुम्हारा कुछ नहीं करेंगे? क्या उनका संयुक्त राष्ट्र संघ का भाषण भी एक जुमला ही था?

बोला- ये जुमला-वुमला तो राजनीति वाले जानें। मुझे तो अपने वॉट्सऐप ग्रुप से मेसेज आया है- केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रह्लाद पटेल ने स्पष्ट किया है कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध लगाने की मोदी जी की योजना टाल दी गई है। अब उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि अर्थव्यवस्था में सुस्ती और नौकरियां जाने के इस माहौल के बीच छह चीजों पर प्रतिबन्ध लगाना ठीक नहीं रहता।

हमने पूछा- तो फिर यह भी 'मन की बात' की तरह 'आस्था चैनल' ही निकला?

तोताराम ने कहा- इसका क्या मतलब अच्छे काम लाभ-हानि के गणित से नहीं होते। जो समाज और देश के लिए हानिकारक है उसे समाप्त किया ही जाना चाहिए। लोग बेरोजगार हो जाएंगे इसलिए जेबकटी, मिलावट, ठगी, वेश्यावृति, शराब, बीड़ी-सिगरेट,पोर्न साईट, जालसाजी को जारी रखा जाए? यदि यही बात थी तो नोटबंदी क्यों की? उससे तो कुछ भी नहीं हुआ। सब नोट वापिस आ गए जो थोड़ा-बहुत ब्लैक मनी था वह भी वाईट हो गया।

बोला- जी, हम इतनी बड़ी-बड़ी बातें क्या जानें? हम तो आप, आपके समाज और अर्थव्यवस्था द्वारा सृजित कूड़ा हैं।इसके साथ ही सिंगल प्लास्टिकासुर अदृश्य होकर डिस्पोजेबल गिलासों के ढेर में बदल गया। हम दोनों भी हनुमान मंदिर की और चल पड़े।

## एक नजर में

### ए ला एंग्लाइज विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता




भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुआ। शुरूआत बालक और बालिकाओं का मैराथन दौड़ से हुआ। जिसमें करीब 500 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मैराथन का शुभारंभ शिक्षिक धर्मेश सोनी और गीता प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर किया। 300 किमी की लंबी दौड़ में करीब 300 छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें वाल्मीकि सदन के आयुष कुमार ने बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं टैगोर सदन के आयुष उरांव और वाल्मीकि सदन के निशांत कुमार क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहें। वहीं बालिकाओं के मैराथन के 3 किमी लंबी दौड़ में लगभग 150-200 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें आर्यभट्ट सदन की परी कुमारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि टाइगर सदन की अवंतिका कुमारी और अल्फा अशोक सदन की दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

### झारखंड सेवा समिति ने गरीबों को दिया कंबल



रामगढ़। सामाजिक संस्था झारखंड सेवा समिति ने शुक्रवार रात समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कंबल बांटा गया। समिति के पदाधिकारियों ने बिजुलिया रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, ट्रेकर स्टैंड आदि स्थानों पर घूम घूमकर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने बताया कि समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से ठंड के मौसम में जरूरतमंद बुजुग और महिलाओं को कंबल प्रदान किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा आगे भी कंबल और गर्म वस्त्रों के वितरण का अभियान जारी रहेगा ताकि जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाया जा सके। मौके पर नंदकिशोर प्रसाद उर्फ नंदू बाबू ,रंजन फौजी उर्फ छोटन सिंह, विनोद साह, शैलेंद्र ठाकुर, राजेश शाह ,मनोज मंडल, नवनीत कुमार, रोहित गुप्ता, आनंद सिन्हा, अजीत जायसवाल उपस्थित थे।।

### श्रम मंत्री ने मां छिन्नमस्तिके में की पूजा



रजरप्पा।उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव सह परिवार शनिवार को रजरप्पा पहुंचकर मां छिन्नमस्तिके की पूजाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद नारियल फोड़कर पंडित गुड्डू पंडा से रक्षा सूत्र भी बंधवाया।राज्य की सुख एवं समृद्धि की कामना की। वही रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित वीआईपी गेस्ट हाउस में रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित कांग्रेस नेता शहजादा अनवर, बजरंग महतो, जकाउल्लाह, जोया प्रवीण आदि ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न फैक्ट्रियों एवं अन्य संस्थान में कार्यरत मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराया गया।रामगढ़ विधानसभा में तेजी से विकास हो इसको लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर कांग्रेस, झामुमो एवं राजद के नेतागण मौजूद थे।

### लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा



भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित रामकुमार पाठक ने शीतला माता की पूजा कराया। इसके बाद मां को भोग लगाया गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत करीब 300 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। इस दौरान लायंस क्लब के लोगों ने सभी को खिचड़ी रूपी प्रसाद व लड्डू खिलाकर आशीर्वाद लिया। क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने बताया की लायंस भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान के कार्य कर रहा है।

### टीवी उन्मूलन को लेकर लिया शपथ

भुरकुंडा (रामगढ़)। टीवी उन्मूलन को पूरे देश से खत्म करने को लेकर सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें अस्तपाल के तमाम डॉक्टर और स्टॉफ कर्मियों ने टीवी बीमारी के बावत जारूगता फैलाते हुए इसे पूरे देश खत्म करने का सामुहिक संकल्प लिया। शपथ ग्रहण करने वालो में एएमओ अनूप कुमार टोप्पो, डॉ. रिया कुमारी, सिस्टर स्नेहलता कुजूर, मानती कुमारी, अमिता कुमारी, सुनीता टेटे, मुनको, बेबी देवी, रुखसाना, रीना, पूनम, पनवा देवी, ललन प्रसाद, फारूक राजा, केडी शरण, राहुल झा, चैतन्य, अमलेश भौमिक, रंजन, सिकंदर, विक्की आदि शामिल थे।

### बरकट्ठा : विकास कार्य तेज करें : डीडीसी

बरकट्ठा । उप विकास आयुक्त इतियाज अहमद ने शनिवार को प्रखंड मुख्यालय मे विकास कार्य को तेजी गति देने सहित अन्य मुद्दों को अधिकारियो के साथ बैठक की। अबुआ आवास,पीएम आवास पेंशन, बागवानी खेती को बढ़ावा देने पंचायत भवन को सुचारु रूप से संचालित करने की बात कही. उन्होंने यह भी बताया की चुनाव सम्पन्न होने के बाद विकास कार्यों को ओर तेजी लाने के लिए सभी को निर्देश दिया. बैठक मे बीडीओ रेशमा डूंगडूग, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, के अलावे, पंचायत सचिव, कर्मचारी मौजूद थे।

### खलिहान में आग से पुआल औ धान जला

बरकट्ठा। तुइयो में अचानक खलिहान में शनिवार को आग से पुआल धान जलकर खाक हो गया। आग लगी की सूचना पाकर स्थानीय लोग एकत्रित हो, लेकिन आग पूरी तरह से फैल चुकी थी. स्थानीय लोगो की मदद से आग पर काबू पाने के लिए मोटर के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार लखन प्रसाद, घनश्याम महतो, रामचंद्र ठाकुर, हीरालाल प्रसाद, केदार महतो के खलिहान बताया जा है। फायर बिग्रेडविलंब से आया लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था।

### मुखिया सिकंदर राणा ने बच्चों को दिया स्वेटर



बरही। बेंदगी पंचायत के मुखिया सिकंदर राणा ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को स्वेटर दिया।उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम को देखते हुए बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि वे बीमारियों से बच सकें और नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र आ सकें। ग्रामीणों और आंगनबाड़ी कर्मियों ने मुखिया के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने बच्चों के पोषण और शिक्षा में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका को और मजबूत करने की बात कही। स्वेटर वितरण के दौरान बच्चों और उनके अभिभावकों में उत्साह था।

# लंबित मामले जल्द करें निष्पादित : आयुक्त

**उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त ने की ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम, भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण की समीक्षा**

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त हजारीबाग पवन कुमार की अध्यक्षता में हजारीबाग जिले की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार कक्ष में हुई। आयुक्त ने ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम मामलों, भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती मामले और एनजीडीआरएस से विमुक्तिकरण के निष्पादन वं लंबित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में कई विभागों के अधिकारी हुए शामिल। आयुक्त अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अवर निबंधक से न्यायालय वादों के निष्पादन के प्रक्रिया और लंबित मामलों की जानकारी ली । उन्होंने लंबे समय से लंबित मामले का जल्द निष्पादन करने आदेश अधिकारियों को दिया। हजारीबाग में संचालित कोल खनन परियोजना (एनटीपीसी पकरी बरवाडीह, करनदारी, चट्टी बारियातु, बादम कोल ब्लॉक) के भू-अर्जन एवं अधिग्रहित की गई भूमि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश दिए । आयुक्त ने हजारीबाग जिला अंतर्गत भारतमाला परियोजना के तहत फेज-11, एनएच-02, एनच-522 से संबंधित भू-अर्जन स्थिति की भी समीक्षा की।आयुक्त ने भूमि हस्तांतरण और लीज संबंधी मामलों में पारदर्शिता, समयबद्धता और प्रक्रिया के सुचारु संचालन पर बल दिया।

पवन कुमार ने उपायुक्त एवं अपर समाहर्ता हजारीबाग के न्यायालय कार्यों, राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली के तहत विमुक्तिकरण के निष्पादन एवं लंबित मामलों का निरीक्षण किया। साथ ही खास महाल कार्यालय में संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त हजारीबाग, अपर समाहर्ता हजारीबाग, प्रशिक्षु आईएएस, आयुक्त के सचिव, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग अंतर्गत सभी अनुमंडल पदाधिकारी, निबंधन पदाधिकारी सदर एवं बरही, रजिस्टार सदर एवं बरही, भू-अर्जन से संबंधित सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बीएसएफ के 365 नवआरक्षकों ने लिया सीमा सुरक्षा का संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



दारू। शनिवार को बीएसएफ मेरू का रानी झांसी परेड ग्राउंड में 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम के बाद सहायक प्रशिक्षण केंद्र के 365 नवआरक्षकों ने दीक्षांत परेड में भाग लिया। इनमें बैच संख्या 167 और 168 के रण बांकुरे शामिल थे। दीक्षांत परेड में देश के विभिन्न प्रांतों के नवआरक्षकों ने अपनी बहादुरी और बेहतर कदम ताल का परिचय दिया। बंगाल, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना और तमिलनाडु के जवानों ने दीक्षांत परेड में देश की आन-बान और शान को अक्षुण्ण रखने के लिए संकल्प दुहराया। परेड में मुख्य अतिथि के रूप में महानिरीक्षक कमलजीत सिंह बनयाल ने सलामी ली। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जन प्रतिनिधि सहित संस्थान के अन्य अधिकारीगण एवं नवआरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे ।दीक्षांत परेड में शामिल 365 नवआरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की शपथ ली एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता व संप्रभुता बनाए रखने के लिए मर मिटने का प्रण लिया ' समारोह के दौरान शानदार ड्रिल और मार्च पास्ट कर नवआरक्षकों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## डालमिया सीमेंट ने शुरू की मोबाइल मेडिकल यूनिट सेवा



हजारीबाग। सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत के अग्रणी सीमेंट निमार्ता डीसीबीएल ने शनिवार को हजारीबाग में एक नई मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) लॉन्च की। यह यूनिट दूर-दराज के गांवों तक पहुंचकर जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं और संसाधन उपलब्ध कराएगी, जो आमतौर पर ऐसे क्षेत्रों तक पहुंच पाना मुश्किल होती है। इस पहल की शुरूआत मानव कल्याण के लिए काम करने वाली एक गैर-लाभकारी संस्था वॉकहार्ट फाउंडेशन के साथ मिलकर 100-दिवसीय तपेदिक (टीबी) जागरूकता अभियान के साथ शुरू हुई। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को टीबी के प्रति जागरूक करना, उन्हें शिक्षित करना और स्क्रीनिंग के माध्यम से शुरूआती पहचान और समय पर उपचार को सुनिश्चित करना है। एमएमयू का उद्घाटन हजारीबाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सिविल सर्जन, डॉ. सरयू प्रसाद सिंह तथा डब्ल्यूएचओ के सलाहकार, डॉ. अरुण सेल्विन ने किया।

**AFFIDAVIT**

**Affidavit No-3469, dated- 11.11.2024**

I DASRATH ORAON father of VICKY ANAND ORAON, R/o-Vill- Surid, P.O- Turmuli, P.S- Burmu, Dist- Ranchi, Jharkhand PIN-835205. At Present Residing at Bazra Kumba Toli, Itki Road Post Hehal Sukhdeonagar, Dist-Ranchi, Jharkhand. In my son's 12th passing certificate my name has been mentioned as DASHRATH ORAON which is incorrect. That my actual and correct name is DASRATH ORAON which is mentioned at my son's 10th certificate and his Aadhaar Card. That both DASRATH ORAON and DASHRATH ORAON are the same and one person.

## सुख-दुःख का साथी हूं, जनता के बुलाने पर हमेशा उपलब्ध रहूंगा : मनोज यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव ने विजय यात्रा निकालकर जनता का आभार जताया। इस दौरान विधायक की यात्रा कोल्हुआकला, भंडारो और डपोक पंचायत के दर्जनों गांव पहुँचा। कोल्हुवाकलां पंचायत के तिलैया बस्ती पहुँचे यात्रा का पंचायत वासियों ने जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा कि जनता के मिले आपार जनसमर्थन के लिए सदैव आपका ऋणी रहूंगा। उन्होंने कहा दुःख सुख के साथी हूँ, आपके बुलावे पर रहूंगा हाजिर। एक सवाल के जवाब में विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ने जिन वादों से चुनाव में प्रचंड जीत हाशिल की है उसको पूरा करे। सभी मंत्रियों को मेरी शुभकामनाएं है। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश, भाजपा मंडल सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, कोल्हुवाकला मुखिया मंगलदेव यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, समिति सदस्य प्रतिनिधि मनीलाल यादव, समाजसेवी केदार यादव, डीलो पासवान, युवा नेता विश्वा यादव, रवि यादव, बिनोद यादव, रंजन यादव, मनोज यादव, दिलीप यादव, भंडारो मुखिया सकलदेव यादव, मनीलाल राणा, हितेज राज, संजय यादव, पिन्टू ठाकुर, सचिन यादव, युवा नेता मुन्ना यादव, नीलेश पांडेय समेत अन्य भाजपाई मौजूद थे।

**▶▶ कोल्हुवाकला, भंडारो और डपोक पहुंचा विधायक का आभार यात्रा**



विधायक ने किया यक्ष्मा उन्मूलन अभियान का शुभारंभ : बरही अनुमंडल अस्पताल में शनिवार को 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान उद्घाटन विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बीडीओ जयपाल महतो, बीसीओ संजय यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्य प्रीति कुमारी, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, एचआईएमएस सदस्य सुरेंद्र रजक, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता और मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने की, जबकि संचालन बीपीएम नारायण राम ने किया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर निक्षय मित्रों को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सांसद के प्रयास से छोटका कोल्हू में लगा ट्रांसफार्मर



टाटीझरिया । प्रखंड क्षेत्र के छोटका कोल्हू में एक पखवारे से बिजली ट्रांसफॉर्मर के खराब होने से बिजली समस्याएं उत्पन्न हो गई थी। बिजली नहीं रहने से कारण ग्रामीण काफी परेशान थे। ग्रामीणों ने पांच दिन पूर्व इसकी सूचना टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल को दिया गया। उपप्रमुख संग कई प्रतिनिधियों ने तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल को समस्या समाधान को लेकर सूचना दिए वही अथक प्रयास से ग्रामीणों को 100 केवीए का बिजली ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया गया। शनिवार को प्रमुख संतोष मंडल, मिथिलेश पाठक, राजू यादव, मुकेश मंडल ने पूजा-अर्चना व फीता काटकर ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। नया बिजली ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणो में काफी खुशी देखा जा रहा था। मौके पर लालचंद प्रसाद, विजय पांडेय, रवि प्रसाद, सुरेश मंडल, अशोक प्रसाद, डिलेश्वर साव, सुनिल साव, छोटन प्रसाद, अजीत प्रसाद, सुनिल कुमार, राहुल कुमार, रवि साव, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, सुजित कुमार, टेकलाल प्रसाद, सचिन कुमार, विक्रम कुमार आदि अन्य कई लोग मौजूद थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION,KHUNTI**

**e-Procurement Tender Notice, Two Envelope System**

**Tender Reference No:-WRD/MID/KHUNTI/B.D./S.L.I.-15/2024-25**

**Letter No- Date-05/12/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NameofWork: | Construction of Solar Lift Irrigation Scheme in Vill.-Saridkel Marghati Toli, Block-Torpa, Dist.-Khunti. |
| 2 | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 106.02 Lakh |
| 3 | Cost of tender document (in Rs) | Rs. 10,000=00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Rs. 1,07,000=00 only. |
| 5 | Time of Completion | 335 Days |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhand tenders.gov.in) | Date:21.12.2024 Time: 2PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date:28.12.2024 Time:5PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-21.12.2024 Time:-2 PM Last Date:-28.12.2024 Time:- 5 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date:- 30.12.2024 Time: 2PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti. |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 06528295012 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Helpline No. of Procurement Cell | 0651-2491232 |

**Note:-**

- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 **HP** pumps **(AC/DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**

Further detail scan be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti.**

PR 341450 Minor Irrigation(24-25)#D

### एनएमएल ने कोल माइनिंग डे मनाया

बड़कागांव। नौवीं कोल माइनिंग डे को एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट में मनाया गया। उत्सव की शुरूआत फैज तैय्यब, परियोजना प्रमुख और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराने के साथ हुई। उन्होंने एनएमएल द्वारा हासिल महत्वपूर्ण उपलब्धियों की चर्चा की और पकरी बरवाडीह परियोजना की सफलता में कर्मचारी और विभाग के असाधारण योगदान की सराहना की। उन्होंने उल्लेख किया कि एनएमएल और विशेष रूप से पकरी बरवाडीह की उपलब्धियां टीमवर्क और संघर्ष की ताकत का प्रतीक हैं।

## विधायक से मिला रोड सेल समिति



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के सदस्यों ने शनिवार को नव निर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी से आवसीय कार्यालय पतरातु में मुलाकात की। इस दौरान सेल समिति के सदस्यों ने विधायक रोशन लाल चौधरी को बुके देकर जीत की बधाई दी। साथ ही भुरकुंडा कोलियरी क्षेत्र में 5 वर्षो से बंद लोकल सेल को पुनः चालू करवाने की दिशा में पहल करने का आग्राह किया। सेल समिति के लोगो ने कहा की रोड सेल (लोकल सेल) बंद होने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लगभग 3000 मजदुर बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। कोलियरी हित और पलायन को रोकने के लिए रोड सेल चालू किया जाना चाहिए। विधायक रोशन लाल चौधरी ने आश्वासन दिया की जल्द ही सीसीएल प्रबंधन से वार्त्ता कर रोड सेल खुलवाने का प्रयास करूंगा। मुलाकात करने वालो में दर्शन गंझू, रेवती रमण शर्मा, सरोज कांत झा, मुकेश पासवान, रविन्द्र सिंह, संजय मिश्रा, हरिशंकर चौधरी आदि शामिल थे।

## पावन क्रूस विद्यालय पटेलनगर में मना पैरेंट्स डे

**पढ़ाई के साथ हर क्षेत्र में अव्वल हैं बच्चे : अजय सिंह**

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। पावन क्रूस विद्यालय, पटेलनगर में शनिवार को पैरेंट्स डे का उद्घाटन बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के कार्यक्रम देखकर यह कहा जा सकता है कि यहां के बच्चे प्रतिभा के धनी है। उन्होंने ऐसे आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है, साथ ही बच्चों में नये ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में सत्र 2023-24 में मैट्रिक परीक्षा में रामगढ़ जिला में टॉप 10 की सूची में आने वाले पावन क्रूस विद्यालय की छात्राओं को सचिव एग्नेस बेक ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं शत प्रतिशत अटेंडेंस, बेहतर मार्क्स और खेल-कूद में बेहतर प्रदर्शन करने सहित अन्य क्षेत्रो में बेहतर प्रदर्शन के लिए बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय की सचिव एग्नेस बेक ने विद्यालय के सालभर की उपलब्धियों और क्रिया-कलापो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों का स्कूली जीवन अपने परिवार से ही शुरू होती है। अच्छे संस्कार और व्यवहार घर से ही मिलना चाहिए। आपसी प्रेम का संदेश होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने घर में एक सुखद वातावरण बनाएं रखें ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है।

**कार्यालय-जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची**

ई०टी०सी० परिसर, हेहल, राँची, E-mail-dscoranchi.pmksy@gmail.com

**PMKSY 2.0 अन्तर्गत Ranchi-WDC-02/2021-22) (तमाड़ व सोनाहातु परियोजना) में अनुबंध के आधार पर "जलछाजन विकास दल के सदस्यों" की नियुक्ति की सूचना।**

**WALK – IN – INTERVIEW**

जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची-सह- परियोजना क्रियान्वयन एजेन्सी (**PIA**) के अधीन **केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (WDC-PMKSY 2.0) के तहत् राँची जिला** के **तमाड़ व सोनाहातु प्रखण्ड** में अवस्थित जलछाजन क्षेत्रों में योजना के सफल संचालन हेतु **अनुबंध के आधार** पर पूर्णतः अस्थायी तौर पर **जलछाजन विकास दल (WDT) के सदस्य** की आवश्यकता है।

| क्र० सं० | परियोजना का नाम | पदनाम | पद की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2 | Ranchi-WDC-02/2021-22) (तमाड़ व सोनाहातु परियोजना) | W.D.T (Agriculture Expert) | 01 |

अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु निम्न शर्तें निर्धारित की गई है।

1. **शैक्षणिक योग्यता** :- उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कृषि एवं संबद्ध विषयों में स्नातक एवं जलछाजन क्षेत्रों में कार्य करने का अनुभव। उम्मीदवार को अनुभव के आधार पर योग्यता एवं आयु सीमा में छूट दी जाएगी।
2. **मानदेय** :- 20,000.00 (बीस हजार) रूपये मात्र
3. **आयुसीमा** :- अधिकतम 40 वर्ष।

**सेवा शर्तें** :-

1. नियोजन पूर्णतः अस्थायी एवं मानदेय के आधार पर होगी। ऐसे नियोजित व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का विभाग का कोई दायित्व नही होगा।
2. प्रारंभिक चरण मे ऐसी नियोजन एक वर्ष के लिए की जाएगी, तत्पश्चात् कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अगले एक वर्ष के लिए नियोजन का नवीकरण किया जा सकेगा।
3. यदि नियोजित व्यक्ति स्वतः मुक्त होना चाहेगा तो उसे एक माह पूर्व लिखित सूचना देनी होगी। कार्यरत कर्मी के सेवा की आवश्यकता नहीं होने पर एक माह की लिखित सूचना देकर कार्यरत कर्मी की सेवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा समाप्त कर दी जाएगी।
4. सरकारी विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो, को नियोजन में प्राथमिकता दी जायेगी परन्तु कार्य असंतोषप्रद पाए जाने पर ऐसे कर्मी की सेवा अधोहस्ताक्षरी द्वारा किसी भी समय समाप्त कर दी जाएगी।
5. क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान निर्धारित यात्रा-भत्ता अलग से देय होगा।
6. नियोजन को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
7. उक्त परियोजना अन्तर्गत **पी०आई०ए०** के प्रशासनिक मद में उपलब्ध राशि से मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन-पत्र जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची, ई०टी०सी० परिसर हेहल, पोस्ट-हेहल जिला राँची पिन कोड-834005 के पते पर दिनांक-**09.12.2024** तक कार्यालय अवधि में जमा लिये जायेगें। दिनांक-**09.12.2024, अपराह्न 5.00 बजे** के पश्चात् कोई भी आवेदन-पत्र स्वीकार नही किया जायेगा। नियोजन हेतु दिनांक-**10.12.2024** को **जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची**, ई०टी०सी० परिसर, हेहल, राँची (C.I.P.E.T. कैम्पस के अन्दर) के **कार्यालय-कक्ष** में साक्षात्कार हेतु मूल प्रमाण पत्र के साथ **11:00 बजे पूर्वाह्न** में उपस्थित होना अनिवार्य है। साक्षात्कार हेतु आवेदक को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। साक्षात्कार की तिथि अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित या रद्द की जा सकती है।

**कार्यालय पता :-**
**जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची**
**ई०टी०सी० परिसर, हेहल, C.I.P.E.T**
**कैम्पस के अन्दर राँची।**

**जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, राँची**

**आवेदन का प्रपत्र**

1. आवेदित पद का नाम :- ..................
2. आवेदक का नाम :- ..................
3. पिता/पति का नाम :- ..................
4. जन्म तिथि (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :- ..................
5. पत्राचार का पता :- ..................
6. स्थाई पता :- ..................
7. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :- ..................
8. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :- ..................
9. दुरभाष नं०/मोबाईल नं० :- ..................

आवेदक का फोटो ग्राफ (अभिप्रमाणित)

योग्यता संबंधी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित प्रति आवश्यकतानुसार संलग्न करेंगें।
साक्षात्कार के समय योग्यता संबंधी एवं अन्य प्रमाण पत्र मूल प्रति में लाना अनिवार्य होगा।

PR 341461 Agriculture(24-25)#D

आवेदक का हस्ताक्षर

स्पीड न्यूज

## सड़कों पर सोलर लाईट लगवाने की मांग को लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र की सड़कों पर निरन्तर हो रही सड़क दुर्घटनाओं एवं रात के अंधेरे में राहगीरों की सुविधा के लिए सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग को लेकर शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुमन सौरव और महामंत्री विकास मालाकार ने सांसद कालीचरण सिंह को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया है कि टंडवा की आम सड़कों पर कोल वाहनों के परिचालन से कोल वाहनों के चपेट में आकर अब तक हजार लोग काल के गाल में समा चुके हैं। जिसे देखते हुए सीसीएल व एनटीपीसी प्रबंधन से टंडवा सिमरिया, पिपरवार के कोल ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर सोलर स्ट्रीट लाईट लगवाने की मांग की ।ताकी रात्रि में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके। वही स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में भी सोलर प्लांट लगाकर अस्पताल के सारे सिस्टम को सोलर लाइट से जोड़ने की भी मांग की। जिस पर सांसद कालीचरण सिंह ने जल्द समाधान का भरोसा दिया है।

## तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे विश्वविद्यालय के अधिकारी

**चतरा।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने 28वें युवा महोत्सव 'झूमर 2024' की तैयारियों का जायजा लिया। यह महोत्सव 18 से 20 दिसंबर तक चतरा कॉलेज में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने कॉलेज के प्राचार्य और स्टाफ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉक्टर मिथिलेश कुमार सिंह, एन.एस.एस. कोऑर्डिनेटर डॉक्टर जॉन रूफीना तिरकी और प्रोफेसर अर्चना धान ने महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आयोजन स्थल, रहने और खाने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आयोजन के सफल संचालन पर संतुष्टि व्यक्त की। यह जानकारी प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार झा ने दी।

## टंडवा के मजदूर की मुगलसराय में मौत

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के कढ़नी फुलवरिया निवासी 30 वर्षीय बाली भुइयाँ की मुगलसराय में दुर्घटना में मृत्यु हो गई। वह ईएसएम एसजीएसआर कंपनी में मजदूर था और रेलवे स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी सांसद कालीचरण सिंह को दी गई, जिन्होंने कंपनी से संपर्क कर शव को घर पहुँचाने और परिवार को सहयोग का आश्वासन दिया। यह जानकारी भाजपा के पूर्व टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने दी।

## ग्रिजली कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने जिले में लहराया परचम

**कोडरमा।** झारखंड अधिविध परिषद् रांची द्वारा आयोजित झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण के शैक्षणिक सत्र 2022-24 का परीक्षाफल 2 दिसंबर को घोषित किया गया, जिसमें ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डीएलएड प्रशिक्षुओं ने जिला में अव्वल स्थान प्राप्त कर (प्रथम, तृतीय, छठा, सातवां, आठवां, नौवां एवं दशवां) महाविद्यालय का परचम पुरे जिले में लहराया। जिससे महाविद्यालय में अत्यंत हर्ष का माहौल है। आयुष कृष्णन ने प्रथम 8557, तब्बसुम प्रवीण ने तृतीय 8455, मो.आरिफ आलम ने छठा 8357, सत्यवीर सुमन ने सातवां 8321, सुजीत कुमार झा ने आठवां 8292, रिशव राज ने नौवां 8285 एवं अशद आलम ने 8278 अंकों के साथ जिले में दशवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमैन मनीष कपसीमे, सचिव अविनाश कुमार सेठ, उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी, मुख्य परिचालन आकिारी तनिष्क सेठ, प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत, शैक्षणिक समन्वयक सौरभ शर्मा सहित सभी सहायक प्राध्यापक एवं सभी शिक्षेकेत्तर कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रशिक्षुओं को उनके उम्दा प्रदर्शन की बधाई दी।

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने सुनाई सजा

# फिरौती के लिए अपहरण और हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

### 30 हजार का आर्थिक जुर्माने की राशि नही देने पर 2 वर्ष अतिरिक्तकारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या करने के मामले की एसटी 01/15 की सुनवाई करते हुए आरोपी बिहार रजौली निवासी पंकज कुमार सिंह पिता कृष्णदेव सिंह को 364ए आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही आरोपी पर 30 हजार का आर्थिक जुर्माना भी लगाया, जुर्माने की राशि नही देने पर 2 वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। बतातें चलें कि कोडरमा उद्यान विभाग में डीप सिंचाई योजना के तहत कार्य कराने वाले वाराणसी उत्तरप्रदेश निवासी रमेश सिंह का फिरौती के लिए फरवरी 2014 में अपहरण कर लिया गया था, बाद में उसकी हत्या कर दी गई थी, जिसको लेकर मृतक की पत्नी शिला सिंह के द्वारा तिलैया थाना में कांड संख्या 59/14 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, दर्ज मामले में शिला सिंह ने कहा था कि 2 फरवरी 2014 को कोडरमा के किसानों का फाइल देने के बहाने एक व्यक्ति द्वारा फोन कर मेरे पति को बुलाया गया, उसी रात्रि को मेरे पति का फोन आया, जिसमे उन्होंने रोते हुए कहा कि मैं यहां आकर फंस गया हूँ, किसी तरह से मुझे बचाइए, उसी वक्त किसी ने उनसे फोन लेकर कहा कि डेढ़ करोड़ रुपये लाकर दो नही तो तुम्हारे पति को जान से मार दूंगा, पुलिस को सूचना देने पर पति को जान से मारने की धमकी दिया, तब मैंने कहा कि उतना पैसा मेरे पास नही है, मेरे पास जो गहने है, उसे बेच कर 5 लाख रुपये दे पाऊंगी, वह लोग मान गए और पैसे लेकर रजौली बुलाये, जहां एक युवक को पैसे दे दिया।

अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने सभी गवाहों का परीक्षण कराया और न्यायालय से आरोपी को फांसी की सजा की मांग किया, वहीं बचाव पक्ष से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश की, माननीय अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने, अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत आरोपी पंकज कु सिंह को 364ए आईपीसी में दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 30 हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया। वहीं 386 आईपीसी में दोषी पाते हुए 9 वर्ष सश्रम कारावास और दस हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया, सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी।

### दुष्कर्म की घटना के खिलाफ सेविका सहायिकाओं का आक्रोश प्रदर्शन

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई, अपराधी को मिले कठोर सजा : सीटू

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** आंगनबाड़ी सेविका के साथ दुष्कर्म की घटना के खिलाफ सेविका सहायिकाओं ने आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन कर न्याय की मांग को लेकर समाहरणालय पर जमकर नारेबाजी की। इससे पूर्व आंगनबाड़ी यूनियन की जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद एवं जिला सचिव वर्षा रानी के नेतृत्व में अम्बेडकर पार्क से समाहरणालय तक सीटू और झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन के बैनर तले जुलूस निकाला गया। जुलूस में आक्रोशित सेविका सहायिकाओं द्वारा बलात्कारी अपराधी को फांसी दो, कामकाजी महिला को सुरक्षा दो, महिलाओं के साथ यौन शोषण पर रोक लगाओ आदि नारे लगाए जा रहे थे।

प्रदर्शन में शामिल सेविका सहायिका को सम्बोाित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि आंगनबाड़ी की सेवा महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित होता है और उसी आंगनबाड़ी केंद्र में काम करने वाली महिला सुरक्षित नहीं है, तो आम महिलाओं को सुरक्षा कैसे मिलेगा, अपराधियों में कानून का खौफ नहीं है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सरकार का नारा झूठा है। सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि प्रशासन को शर्म आना चाहिए कि जिला मुख्यालय से दो किलो मीटर की दूरी पर काम करने वाली महिला सुरक्षित नहीं है।

घटना के दिन पीड़िता का मेडिकल जांच नहीं होना, पुलिस प्रशासन की लापरवाही साफ झलकता है। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि आये दिन सरकार के द्वारा बीएलओ से लेकर अन्य कई तरह के कामों में लगाया जाता है, जिसमें देर शाम तक काम करना पड़ता है। जिसमें हमलोग असुरक्षित महसूस करते हैं।

जिस प्रकार से हमारी आंगनबाड़ी परिवार की बहन के साथ यह घटना हुई है, उससे हमें अब डर महसूस होने लगा है। इसलिए प्रशासन हमलोगों की सुरक्षा की गारंटी करे, तभी हमलोग काम कर पाएंगे। अपराधी को अगर जल्द सजा नहीं मिलेगी, तो हम आगे भी आंदोलन के लिए बाय होगें। आंदोलन को झारखंड राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव असीम सरकार ने भी समर्थन किया।

**पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया 6 सूत्री मांग पत्र :** प्रदर्शन उपरांत पुलिस अधीक्षक के नाम 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मुकदमा की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर अपराधी को कठोर से कठोर सजा देने, पीड़िता को समुचित मुआवजा देने, आंगनबाड़ी सेविका सहित सभी कामकाजी महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने आदि मांगें शामिल है। सुनीता सिहं, शकुंतला मेहता, मंजू मेहता, कविता यादव, कुमारी अनामिका, दीपा, संया वर्णवाल, मंजू देवी, सरस्वती देवी, आशा देवी, सुनीता देवी, देवंती, गुंजा, संध्या, रीता, रेखा, प्रभा, पुनम, रामदुलारी, कोमन रानी, संजू, संगीता, रूमी खानम, मुशरत, नासरीन, सरवरी खातुन, तर्नुम, शीला, रीना, पिंकी, कांति, निर्मला, गायत्री, कंचन, गीता, मीणा, किरण, श्रुति, ललिता देवी, मीना, शैलेन्द्र कुमार सहित काफी संख्या में सेविका सहायिका मौजूद थी।

## चाकू से घायल करने के आरोपी को 5 वर्ष कारावास

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने एसटी 21/20 और कोडरमा थाना कांड संख्या 90/20 जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने के मामले की सुनवाई करते आरोपी मोनू खान पिता टार्जन खान जलवाबाद निवासी को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 5 हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया। अदालत ने सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक शिवचन्द्र राम ने न्यायालय से अभियुक्त को आकि से आकि सजा देने की मांग किया, वहीं बचाव पक्ष से अिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश किया। माननीय अदालत ने अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए, अभियुक्त को उक्त सजा सुनाई।

## भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

**कोडरमा।** भारतीय रिजर्व बैंक देश के केंद्रीय बैंक के रूप में देश की वित्तीय और मौद्रिक व्यवस्था को विनियमित करने के साथ-साथ वित्तीय शिक्षण, वित्तीय समावेशन व वित्तीय जनजागरण के प्रसार जैसी बुनियादी जिम्मेदारियां के लिए भी प्रतिबद्ध है। भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय ने बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य के 90 विद्यालयों व महाविद्यालय में वित्तीय शिक्षक व समावेशन संबंाित जागरूकता कार्यक्रम करने का निश्चय किया है। जिसमें विशेष योग्यता वाले बच्चों के स्कूल भी शामिल रहेंगे। इसी क्रम में शनिवार को चाराडीह स्थित बी आर इंटरनेशनल स्कूल में वित्तीय जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक रांची प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने प्रतिभागियों को संबोाित कर किया। उन्होंने छात्रों को वित्तीय साक्षरता के प्रसार का महत्व समझाया। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल बैंकिंग में सतर्कता और वित्तीय जन जागरूकता के महत्व पर छात्रों को जागरूक किया। शिक्षक केदार साव ने अतिथियों का परिचय कराया। वहीं विद्यालय के निदेशक अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया और प्रश्नोत्तर के विजेताओं को पुरस्त भी किया गया।

# दाखिल खारिज के मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त

### सरकारी जमीन हेर फेर के मामले में तत्कालीन प्रतापपुर अंचल अधिकारी पर गिरी गाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप कार्य के प्रति लापरवाह व अनुशासनहीन पदाधिकारियों एवं कर्मियों के ऊपर सख्त दिख रहें हैं। उन्होंने चतरा जिले में पदभार ग्रहण करने के पश्चात कई लापरवाह और अनुशासनहीन पदाधिकारियों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए विभागीय कार्रवाई की है। इसी क्रम में तत्कालीन प्रतापपुर अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के ऊपर पूर्व से उजागर जमीन के हेर फेर मामले, सरकारी नियम के विरुद्ध सरकारी जमीन का गलत तरीके से ऑनलाइन करने,गलत तरीके से एक मुश्त रसीद काटने एवं स्वेच्छाचारिता, मनमानेपन, अनुशासनहीनता एवं कार्य के प्रति लापरवाही विरूद्ध गठित आरोपों के आलोक में प्रपत्र क का गठन करते हुए विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन अंचल अधिकारी का इस तरह का रवैया झारखण्ड सरकारी सेवक आचार नियमावली-2001 के नियम के प्रतिकूल है।

**राजस्व उपनिरीक्षक नारायण झा का क्या है पूरा मामला :** प्रतापपुर अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक नारायण झा के द्वारा जमीन का दाखिल खारिज के नाम पर अवैध राशि की वसूली से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के आलोक में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा मामले को संज्ञान मे लेते हुए जांच टीम की गठन की गई थी। जांच के पश्चात तत्कालीन अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव के द्वारा 16 अगस्त 2024 को बताया गया था कि जांच के क्रम में साकिन बभने, प्रखण्ड प्रतापपुर, जिला चतरा के आवेदिका के द्वारा बताया गया कि दाखिल खारिज कराने के नाम पर राशि की लेन देन की जा रही थी। उक्त मामले में नारायण झा राजस्व उपनिरीक्षक प्रतापपुर अंचल से घटना स्थल उनके सरकारी आवास पर जाकर उनसे पुछताछ की गई। पुछताछ के क्रम में उनके द्वारा यह स्वीकारा गया कि उक्त दाखिल खारिज के एवज में पैसे की लेन देन से संबंधित जो वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही है वह इसी जगह का है और इस वीडियो में मै ही हूं। मेरे द्वारा ही पैसे की गणना की जा रही है। जांच के क्रम में यह भी पाया गया कि झा प्रश्नगत भूमि से संबंधित हल्का के राजस्व उपनिरीक्षक नहीं है। झा द्वारा उक्त संबंधित हल्का के राजस्व उपनिरीक्षक नहीं रहने के बावजूद दूसरे हल्का के कार्य करने, दाखिल खारिज कराने आदि के एवज में अंचल के अन्य कर्मी, पदाधिकारी एवं अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की भी सम्भावना प्रतीत होती है। उक्त के आलोक में सरकारी कार्य करने के एवज में पैसे का लेन देन करने, पैसे की अवैध राशि की वसूली करने के आरोप में नारायण झा राजस्व उपनिरीक्षक, अन्य संलिप्त कर्मी, पदाधिकारी तथा संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई की गई है। इसे लेकर राजस्व उप निरीक्षक नारायण झा के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसपर अभियोजन स्वीकृति दे दी गई है।

**मामले को लेकर क्या कहते है उपायुक्त :** उपायुक्त रमेश घोलप ने उक्त मामले को लेकर कहा प्रतापपुर अंचल में राजस्व उपनिरीक्षक द्वारा दाखिल खारिज से संबंधित पैसे की लेन देन को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित किया गया था। इसकी जानकारी मिलने के पश्चात तत्कालीन अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव के नेतृत्व में जांच टीम की गठन की गई थी और जांच किया गया। जिसमें राजस्व उपनिरीक्षक नारायण झा द्वारा सारे मामले को स्वीकारा गया जिसके उपर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दी गई थी। उक्त मिले में अभियोजन स्वीकृति दे दी गई है। वहीं कुछ लोगों का संलिप्तता सम्भावना भी प्रतीत हो रही थी और जांच भी जारी था उक्त मामले समेत अन्य मामले में तत्कालीन प्रतापपुर अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के ऊपर स्वेच्छाचारिता, मनमानेपन, अनुशासनहीनता एवं कार्य के प्रति लापरवाही को लेकर गठित आरोपों के आलोक में प्रपत्र क का गठन करते हुए विभाग को अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। किसी भी प्रकार की शिकायत किसी भी अंचल से प्राप्त होती है तो संलिप्त अधिकारियों/कर्मियों को बिलकुल ही बख्शा नहीं जाएगा।

## इटखोरी भूमि विवाद: 13 लोग घायल, चार रेफर



**इटखोरी।** इटखोरी के परोका गांव में भूमि विवाद के कारण दो पक्षों में झड़प हुई जिसमें 13 लोग घायल हो गए। झड़प में तलवार, लाठी-डंडा और पत्थरों का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। घायलों में प्रदीप राम (36), सुधीर राम (42), रामस्वरूप राम (70), प्रिंश कुमार (14), सोनू देवी (40), खुशबू कुमारी (35), और जानकी देवी (60) एक पक्ष से घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष से नरेश राम (55), सुनीता देवी (45), विनोद राम (45), राजेश कुमार (26), रोहित कुमार (20), और राहुल कुमार (23) शामिल हैं। दोनों पक्षों के घायलों का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ। जिसमें चार गंभीर रूप से घायलों को हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया। दोनों पक्षों ने थाने में मारपीट की शिकायत दर्ज कराई, सालू देवी और नरेश राम द्वारा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी।

एक नजर में

## अज्ञात चोरों ने दो आभूषण दुकान में चोरी की घटना को दिया अंजाम, लाखों की चोरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के आभूषण दुकानों में चोरी की सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र में आभूषण दुकानों में हो रहे चोरी की घटना में पुलिस भी नाकाम साबित हो रहा है। पिछले 9 नवंबर को जयनगर के हीरोडीह के दो आभूषण दुकान में अज्ञात चोरों ने सोना चांदी सहित लाखों रुपए नगद हुए चोरी की घटना में पुलिस ने अब तक कोई उद्भेदन नहीं किया। वहीं दूसरी घटना शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने तेतरोन चौक के समीप एक सोनी ज्वेलर्स एवं बर्तन नामक एक दुकान से अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर 39 हजार नगद सहित लाखों रुपए की आभूषण चोरी कर लिया गया है। जानकारी अनुसार दुकान संचालक पेठियाबागी जयनगर निवासी आदित्य स्वर्णकार ने हर दिन की भांति शुक्रवार की शाम अपने दुकान बंद कर घर चल गया। जब शनिवार की सुबह अपने दुकान खोला तो देखा कि दुकान के पीछे दीवार काटा गया है। वहीं दुकान के तिजोरी की लकर भी टूटा हुआ है और तिजोरी में रखें 39 हजार रुपए नगद तथा 40 ग्राम सोना, 6 किलो चांदी चोरी हो गया है। जिसका कीमत लगभग 7 लख रुपए बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बबलू कुमार ने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी लिया।

दुकान संचालक आदित्य स्वर्णकार ने बताया कि चोरों ने दुकान में रखे तिजोरी से 39 हजार रुपए नगद तथा लगभग 7 लाख रुपए के सोने चांदी आभूषण चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर भी चोरी कर ले भागा। इस बाबत उन्होंने जयनगर थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन दिया है।

## भद्रकाली महाविद्यालय में भूगोल विषय पर सेमिनार का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में भूगोल विषय के तत्वावधान में जलवायु परिवर्तन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। पायल कुमारी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विषय प्रवेश कराते हुए प्रो० पंकज कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक गंभीर वैश्विक मुद्दा है, जो पूरे विश्व के पर्यावरण और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। मुख्य अतिथि डेहर पंचायत के पूर्व मुखिया एवं समाजसेवी, सोहरा निवासी रामस्वरूप सिंह ने कहा कि आज के दौर में जलवायु पूरी तरह से बदल गया है, जो पूरी दुनिया को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह मानव के बदलते क्रियाकलापों का नतीजा है, जिसमें सुधार करने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से पूरी दुनिया में जीवों के अस्तित्व पर संकट व्याप्त है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में तेजी से कार्बन का उत्सर्जन हो रहा है, यह जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण है। डॉक्टर संदीप कुमार ने विस्तार से जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक भास्कर सिंह, झारखंड राज्य के प्रसिद्ध योगगुरु संन्यासी शंकर चंद्रवंशी, एवं शिक्षक विशेश्वर यादव ने भी संबोधित किया। कहकासा, आफरीन, पायल, इशरत जहां, सबीना खातून, मोहम्मद इमरान, सुधीर कुमार, गोलू कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामस्वरूप सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर संदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रो० जानकी प्रसाद दांगी, प्रो० श्याम सुंदर प्रसाद, प्रो० ललित मोहन सिन्हा, प्रो० सकेंदर मिस्त्री, प्रो० अखिलेश पांडेय, प्रो० मधुबाला, प्रो० महेंद्र ठाकुर, प्रो० ललित कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## डीसी ने अधिकारियों के साथ किया डैम का निरीक्षण, दिए निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा हरिनाथ महतो के साथ चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र के चर्चित पिकनिक स्पॉट लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शौचालय की व्यवस्था पेयजल, साफ सफाई समेत अन्य की एक एक कर जानकारी ली। मौके पर उपस्थित संवेदक जिनके द्वारा पूर्व में सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार का कार्य किया गया है। उस संवेदक को निर्देशित करते हुए कहा कि यहां अथवा दूसरे राज्य व जिले के लोग भी घूमने आते हैं जो भी निर्माण कार्य आपके द्वारा किया गया है और वर्तमान में उसकी स्थिति ठीक नहीं है उसका मरम्मती व रंग रोगन जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को कहा शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। आगे उन्होंने वोटिंग की भी सुविधा प्रारंभ करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावे उपायुक्त ने लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डैम में सेल्फी प्वाइंट भी बनाने की बात कही।

स्पीड न्यूज



## आदित्यदेव से मिलीं विधायक सविता महतो

**चांडिल।** ईचागढ़ के राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव से शुक्रवार को ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने उनके खासमहल स्थित आवास पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव ने विधायक सविता महतो को पुष्प गुच्छ देकर जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं राजा के परिजनों ने विधायक सविता महतो को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद विधायक सविता महतो ने काफी देर तक क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। इस दौरान सपन सिंह देव, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, उदय आदित्यदेव व उनके परिजन थे।

## कवि विपिन बिहारी मुखी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा मुखी बस्ती स्थित सामुदायिक भवन में जागो संगठन एवं मुखी समाज सिदगोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड आंदोलनकारी सह नागपुरी-पंचपरगनिया कवि गीतकार स्व विपिन बिहारी मुखी की पुण्यतिथि पर एकदिवसीय रक्तदान शिविर लगा। जिसमें कुल 18 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहु शामिल हुई। साथ ही मुखी समाज सिदगोड़ा के अध्यक्ष संदीप मुखी, पूर्व अध्यक्ष त्रिनाथ मुखी, विपिन बिहारी मुखी के पुत्र सुभाष मुखी समाज सेविका पुनिता मुखी, अमूल्यो कारूवा तथा जागो संगठन के अध्यक्ष सुमंत मुखी जी, रमेश व अन्य उपस्थित थे।

## शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल धर्मडीह में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**जादूगोड़ा।** शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल (धर्मडीह) में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने कलकत्ता की हाइड्रोलिक ब्रीज व न्यूक्लियर पावर प्लांट, प्रदूषण मुक्त ग्रैविटी बैटरी वेस्ट इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर समेत दर्जनों, मॉडल बनाकरअपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसे अपनी सोच व कल्पना से बच्चों ने तैयार किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी ने स्कूल के ही छात्र अंशु तिवारी, श्री उरांव, इनाम खान (शिक्षक), कमल किशोर भक्त, आशीष मुर्मू, रौशन यादव, सोमा रोही दास, ममता महाकुड, सरस्वती कुमारी ने हिस्सा लिया।

## कराटे चैंपियनशिप में कई राज्यों के कराटेकार

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना रोड़ स्थित केके ऑरचिड अकेडमी, मून सिटी, जमशेदपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का उद्घाटन केके बिल्डर के विकास सिंह, संस्था के ऑर्गेनाइजिंग डायरेक्टर राजीव सिंह, बिहार के बेतिया जिले के विधान परिषद सौरव चौधरी एवं इंडिगो एयरलाइंस के कैप्टन संजय ठाकुर ने दीप जला कर किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अपनी कार्य प्रणाली सुधार ले मानगो नगर निगम : सरयू राय

- निगम के उप नगर आयुक्त और उनके मातहतों संग समीक्षा बैठक में श्री राय ने दिये कई निर्देश
- 67 खाली पदों को लेकर सरयू हुए नाराज
- डोर-टू-डोर कचरा उठाने के अभियान का क्षेत्र विस्तार हो
- कॉलोनियों और बहुमंजिली इमारतों के बारे में स्पष्ट नीति बनाये जायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त सुरेश प्रसाद यादव एवं उनके करीब एक दर्जन अधीनस्थ अधिकारियों के साथ एक बैठक की और मानगो नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की। श्री राय ने मानगो नगर निगम की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

समीक्षा के दौरान निगम के अधिकारियों ने श्री राय को जानकारी दी कि मानगो नगर निगम में पदाधिकारियों और कर्मियों के कुल 103 पद सृजित है और इन पदों के विरूद्ध केवल 36 कर्मी ही कार्यरत है। इन 36 कर्मियों में से करीब एक दर्जन कर्मी दैनिक मानदेय एवं संविदा पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 103 सृजित पदों में से 67 पदों का खाली रहना चिन्ता का विषय है और इससे मानगो नगर निगम की कार्य क्षमता प्रभावित हो रही है।

श्री राय ने मानगो नगर निगम में पेयजल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, सफाई एवं स्ट्रीट लाईटों के विषय में जानकारी ली तो पता चला कि पेयजल की व्यवस्था पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कर रहा है, स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था ईईएसएल नामक संस्था कर रही है और सफाई की व्यवस्था पूरी तरह आउटसोर्सिंग पर निर्भर है। इन आउटसोर्सिंग संवेदकों का कार्यकाल भी पूरा हो चुका है और ये अवधि विस्तार के माध्यम से कार्य कर रहे हैं।



नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते विधायक।

विधायक सरयू राय ने निगम के पदाधिकारियों से कहा कि मानगो नगर निगम में डोर-टू-डोर कचरा उठाने के अभियान का क्षेत्र विस्तार होना चाहिए। कॉलोनियों और बहुमंजिली इमारतों के बारे में एक स्पष्ट नीति नगर निगम को बनाना चाहिए, ताकि निगम क्षेत्र के निवासियों को कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। श्री राय ने सुझाव दिया कि नालियों की सफाई एवं सफाई से निकले कचरे का उठाव तथा सड़कों पर झाड़ू लगाने का काम समन्वित तरीके से होना चाहिए। इसमें कार्यरत श्रमिकों को दूरी के हिसाब से रोजाना का काम देना चाहिए, ताकि सफाई की जिम्मेदारी सुनिश्चित हो सके। नालियों से निकलने वाले कचरों का उठाव उसी दिन कर लिया जाना चाहिए। बैठक में मौजूद नगर निगम के पदाधिकारियों ने बताया कि मानगो नगर निगम में पथों की लंबाई 245.57 किमी, नालियों की लंबाई 245.57 किमी और ढंके हुए नालियों की लंबाई 51.55 किलोमीटर है। श्री राय ने कहा कि एक व्यक्ति एक दिन में कितनी लंबाई तक नालियों की सफाई कर सकता है और सड़कों पर झाड़ू दे सकता है, उसके हिसाब से श्रमिकों की संख्या तय की जाये।

### विधायक सरयू राय ने दी हिदायत

मानगो नगर निगम के अधिकारियों ने श्री राय को बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 35 हाईमास्ट लाईट लगे हुए हैं और कुल 5527 स्ट्रीट लाईट लगे हुए है, परन्तु अधिकांश स्ट्रीट लाईट बंद हैं। इसका कारण यह है कि ईईएसएल एजेंसी समझौते के अनुरूप काम नहीं कर रहा है। श्री राय को बताया गया कि निगम क्षेत्र में कुल स्ट्रीट वेंडरों की संख्या 2875 है, परन्तु इनके स्थान सुव्यवस्थित नहीं है। श्री राय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी स्ट्रीट वेंडर हैं, उन्हें स्थायी स्थान की सुविधा प्रदान की जाय और इन्हें बाजार लगाने के लिए जगह सुनिश्चित किया जाय। साथ ही मानगो बाजार समिति के संबंध में कृषि बाजार समिति के साथ नगर निगम के अधिकारी बैठक करें और बाजार की स्थिति सुधारने की कोशिश करें। नगर निगम के अधिकारियों ने श्री राय को आश्वस्त किया कि वे नगर निगम के एक भाग को पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर इन्दौर आदि विकसित नगर निगम के तर्ज पर कार्य करने की व्यवस्था करेंगे। श्री राय ने अधिकारियों से कहा कि मानगो नगर निगम की स्थिति बेहतर बनायें। ऐसा नहीं कि निगम केवल होल्डिंग टैक्स वसूलने पर जोर दे और सुविधा नदारद हो। ऐसी स्थिति में आम जनता का आक्रोश बढ़ेगा। इसलिए यह आवश्यक है कि विकसित नगर निगम कि कार्य प्रणाली का अध्ययन करके उसी आधार पर कार्य प्रणाली मानगो नगर निगम में भी विकसित की जाये।

# आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती से करीब सात लाख का ब्राउन शुगर जब्त, तीन गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावा जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस ने ब्राउन शुगर की अवैध तस्करी के मामले में आदित्यपुर थाना क्षेत्र के मुस्लिम बस्ती में छापेमारी कर करीब 7 लाख रुपए मूल्य की 35.44 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त करते हुए तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार महिलाओं की पहचान एच रोड, मुस्लिम बस्ती निवासी रहिमा खातुन उर्फ मोटकी पति - सद्दाम हुसैन, नाजमुन निशा उर्फ ताजमुन पति - स्व. एहसान अली और साहिदा खातुन उर्फ मुन्नू पति - मो. रियाज के रूप में हुई है। पुलिस ने रहिमा खातुन के पास से 20.37 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन, नाजमुन निशा के पास से 6.36 ग्राम ब्राउन शुगर और साहिदा खातुन के पास से 8.71 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है, जिसमें 40 पुड़िया और अलग-अलग पाउच शामिल है।



जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व गिरफ्तार महिला आरोपी।

गिरफ्तार ड्रग पैडलरों में दो का पहले भी अपराधिक इतिहास रहा है। रहिमा खातुन पहले भी चार एनडीपीएस मामलों में अभियुक्त रही है और नाजमुन निशा पर भी पूर्व में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। इस मामले में आदित्यपुर थाना कांड संख्या-438/24 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 17 (बी)/ 21(बी) व 27 (ए) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार महिलाओं को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया गया है कि अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर सवैया ने किया। छापेमारी टीम में आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, पुअनि अनिता सोरेन, विनोद टुडू, सुरेश राम, विपुल कुमार ओझा, संतोष कुमार सेन, सअनि समा सुसारी लकड़ा, मआ जाही मुर्मू, श्रावणी कुमारी, आरक्षी नीतीश कुमार पांडेय, शिव शंकर दास आदि शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशीले पदार्थों की तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जिले को नशामुक्त और सुरक्षित बनाना है।

## आदित्यपुर कम्युनिटी सेंटर के बॉलीबाल टूर्नामेंट की विजयी टीमें हुईं सम्मानित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाऊंडेशन के द्वारा संचालित आदित्यपुर कम्युनीटी सेंटर में एक दिवसीय वालीबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन पर मुख्य अतिथि वालीबॉल के प्रख्यात खिलाड़ी तथा सिंहभूम जिला के सचिव भाष्कर राव व विशिष्ट अतिथि मालती देवी, पूर्व पार्षद तथा सम्मानित अतिथि समाजसेवी रवींद्र नाथ चौबे रहे। प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों की टीमों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अमिताभ जी, अनिल जी, भूगलू मार्डी और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सह टाटा स्टील फाऊंडेशन के खेल प्रभारी श्री वीरधन मरांडी का बहुत योगदान रहा। सेंटर में चल रहे विभिन्न क्लासों की शिक्षिकाओं ने सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया। टूर्नामेंट में भगत सिंह स्पोर्ट्स क्लब टीम विजेता रही।

# पूर्व सैनिकों के पदाधिकारी ने फ्लैग लगाकर मांगा सहयोग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत की तीनों सेना (जल, थल और नभ) से युद्ध में मारे गये वीर जवानों के परिवार के कल्याणार्थ सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक पूरे देश में सहयोग/ जागरूकता अभियान चलाया जाता है। केंद्रीय सैनिक बोर्ड के अंतर्गत एक आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंड का एकाउंट युद्धवीरों के परिवार का सहयोग करने के लिए छोटा-छोटा सहयोग का अंशदान पूरे देश से एकत्रित किया जाता है।

इसी क्रम में आज कोल्हान के सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल किशोर सिंह के निर्देशानुसार वेटरन सुशील कुमार सिंह, राजीव रंजन , डॉक्टर कमल शुक्ला ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर उपायुक्त कार्यालय एवं सीनियर एस पी कार्यालय में सहयोग अभियान चलाया गया।



प्रशासनिक अधिकारियों को फ्लैग लगाते पूर्व सैनिक।

एस एस पी कौशल किशोर, सिटी एस पी कुमार शिवाशिष, जे एन ए सी के पदाधिकारी कृष्ण कुमार से मिलकर उनको झंडा दिवस का स्टिकर लगाया एवं सहयोग जमा कराया गया। इसके साथ ही पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के सदस्यों एवं बैंक कर्मियों के साथ साथ अनेकों नगर वासियों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के पावन अवसर पर अपना सहयोग देकर देशभक्त नागरिक होने का गौरव प्राप्त किया।

# सीएम से मिले मनोहरपुर विधायक जगत माझी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक जगत माझी ने शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया और पुनः राज्य की बागडोर संभालने के लिए बधाई दी। वहीं मुख्यमंत्री ने विधायक निर्वाचित होने पर जगत माझी को बधाई दी और क्षेत्र के लोगों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री और विधायक के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को रखा। साथ ही समाधान की मांग की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वह गंभीर है और समाधान के लिए सकारात्मक पहल करेंगे।



# उपायुक्त के निर्देश पर कृषि पदाधिकारी ने किया बाजार समिति का औचक निरीक्षण

- आलू बिक्री सुविधा केंद्र का लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिले में आलू की जमाखोरी व कालाबाजारी नहीं हो तथा जिलेवासियों को उचित मूल्य पर आलू उपलब्ध हो इस बाबत जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार कृषि बाजार समिति, परसुडीह में आलू की बिक्री के संबंध में कृषि पदाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया है कि प्रशासन के तरफ से खोले गए आलू बिक्री सुविधा केन्द्र सुचारू रूप से कार्यरत है। सुविधा केंद्र के माध्यम से बंगाल आलू 36 रुपये प्रति किलोग्राम एवं यूपी आलू 25 रुपये प्रति किलोग्राम आमजन के लिए उपलब्ध है। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि बंगाल आलू के अलावे यूपी आलू की कई गाड़ियां अनलोड के लिए खड़ी थी। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में आलू की कोई कमी नहीं है, राज्य सरकार के निर्देशानुसार बंगाल आलू के अलावे भी दूसरे राज्य से आलू मंगाया जा रहा है।

# शहरी क्षेत्र के जलस्त्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण व प्रदूषण मुक्त कराने को टास्क फोर्स की बैठक, दिये जरूरी निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहरी क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं शहरी नागरिकों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति किये जाने के संबंध में टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में जलस्त्रोतों को अतिक्रमण व प्रदूषण मुक्त कराने एवं उनके संरक्षण को लेकर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार व नगर निकायों के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।



बैठक में संबंधित जलस्त्रोतों का इनके मूल नक्शे के आधार पर 3 माह के अन्दर आकार चिन्हित करते हुए तथा इसके आस-पास की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में अंचल अधिकारी, मानगो, जमशेदपुर एवं चाकुलिया को रिपोर्ट समर्पित करने का निदेश दिया गया तथा रिपोर्ट के आधार पर जलस्त्रोतों की भूमि तथा इसके आस-पास की सरकारी भूमि पर पाये जाने वाले अतिक्रमण को हटाने के लिए सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई का निर्णय लिया गया। जलस्त्रोतों के आसपास के क्षेत्र में पाये जाने वाले अतिक्रमण को झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम 2011 एवं झारखण्ड भवन निर्माण उपविधि 2016 के सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई कर समयबद्ध तरीके से कार्य करने को निर्देशित किया गया।

परियोजना निदेशक द्वारा निदेश दिया गया कि यदि किसी जलस्त्रोत की भूमि या इसके आस-पास की सरकारी भूमि की अवैध बंदोबस्ती/ जमाबंदी करा ली गयी हो तो इस प्रकार के अवैध बंदोबस्ती के विरूद्ध टास्क फोर्स ने नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए बंदोबस्तीधारी एवं जमा बंदीधारी को बेदखल किया जाना है।

## एक नजर में

### शेख इदरीश के निधन पर सांसद और विधायक ने जताया शोक, अंतिम दर्शन कर दी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** सोनुवा के वरिष्ठ नागरिक शेख इदरीश का शुक्रवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही शनिवार को झामुमो के सोनुवा और गोइलकेरा में होने वाले विजय जुलूस को स्थगित कर दिया गया। वहीं सांसद जोबा माझी और विधायक जगत माझी ने श्री इदरीश के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। शनिवार को सांसद और विधायक ने सोनुवा स्थित चांदनी चौक पहुंच शेख इदरीश के अंतिम दर्शन किये और श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात को भोजन करने के बाद तबीयत बिगड़ गयी थी। इससे पहले पूरे दिन बिल्कुल ठीक थे। सांसद ने शोक व्यक्त कर कहा इदरीश जी मिलनसार और मृदुभाषी थे। उनका अचानक चला जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं विधायक जगत माझी ने कहा इदरीश चाचा अभिभावक तुल्य थे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान हमेशा उनका मार्गदर्शन मिलता था। शाम करीब चार बजे उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### सामाजिक संस्था संकल्प और निर्माण ने लगाया रक्त दान शिविर, कुल 100 यूनिट रक्त संग्रहित



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था संकल्प एवं निर्माण के महासचिव सुनील प्रसाद के नेतृत्व में रक्त दान शिविर जमशेदपुर ब्लड बैंक में लगाया गया। मौके पर अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नटू झा, सिविल सर्जन साहिर पॉल, समाज सेवी आस्तिक महतो, इंटर नेता संजीव श्रीवास्तव, ज्योति मिश्रा व्उपस्थित हुए। रक्तदान शिविर में कुल 100 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में संस्था के सुरेन्द्र सिन्हा, रवीश कुमार, गुलाब चंद, विकास त्रिपाठी, बबलू राव, सोनू सिंह, अभिषेक शेरपा, अमन कुमार, राहुल कुमार, विकास यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### देश के विकास में जिम्मेदारीपूर्ण पालन करना शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि : ब्रिगेडियर वैद्यनाथ



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में सशस्त्र सेवा झंडा दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय के कोल्हान वारियर्स के योद्धाओं को आमंत्रित किया गया। मौके पर विद्यालय सभागार में ब्रिगेडियर वैद्यनाथ, सेवा निवृत्त भारतीय सेना, कोल्हान वारियर्स के अध्यक्ष एस शेखर, महासचिव सुधीर महतो, कैप्टन अनिल महतो एवं शौर्य चक्र से सम्मानित कर्नल श्री राजेश एवं अनेक सैनिक उपस्थित थे। सर्व प्रथम वीर शहीद सैनिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। छात्रों ने स्वागत गीत गाये। साथ ही देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। सैनिकों ने साहसिक कार्यों एवं वीरों की वीरगाथा सुनाई, जिससे छात्रों में उत्साह और जोश भर गया। ब्रिगेडियर वैद्यनाथ ने छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश सेवा के विभिन्न रूप है, मानव सेवा से बढ़कर कोई दूसरा सेवा नहीं है, देश के विकास में सच्ची निष्ठा एवं कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्ण पालन करना शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देना है।

### जमशेदपुर महिला विवि की छात्राओं ने ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विवि के एनएसएस विभाग ने सात दिवसीय कैंप के चौथे दिन छात्राओं ने घाघीडीह पंचायत क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा लगाया। छात्राओं ने ग्रामीणों के बीच नुक्कड़ नाटक द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ तथा सरकारी योजनाओं जैसे- जननी एवं बाल सुरक्षा योजना, मैया सम्मान योजना, आयुष्मान भारत, सर्व शिक्षा अभियान, कौशल भारत-कुशल भारत आदि योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं के बीच सैनिटरी पैड बांटा गया। वहीं बच्चों के बीच स्टेशनरी बांटी गयी। कार्यक्रम में राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती मेनका जी, वार्ड सदस्य रमेश दास, पूर्व मुखिया लक्ष्मी, समाजसेवक कार्तिक पात्रो तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ ग्लोरिया पूर्ति, एनएसएस ऑफिसर डॉ डी पुष्प लता, डॉ सुनीता कुमारी एवं डॉ छगनलाल अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जादूगोड़ा में हाथियों ने दी दस्तक, भाटीन गांव के झापार टोला में कई किसानों के खेतों को रौंदा



**जादूगोड़ा।** खेतों में लगी धान की फसल की महक से जंगलों में छिपे हाथी अब गांव की ओर रूख कर रहे हैं। बीती रात तीन हाथियों का झुंड जिसमें एक बच्चा भी शामिल है, जादूगोड़ा के भाटीन गांव के झापार टोला में उतरा व संतोष सरदार की कई एकड़ में लगी फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। हाथियों ने इसके पूर्व रंकणी मंदिर से सटे गांव धीरोल पंचायत के नूतनडीह गांव में भी उत्पात मचाया व गांव के रामेश्वर सरदार, वैरभ सरदार, मनोज सरदार, कार्तिक सरदार, मंगल सरदार, आशीष सरदार के खेतों में घुस कर धान की फसल को रौंद दिया।

## स्पीड न्यूज

### शक्ति शंकर गुप्ता ने मंत्री राधाकृष्ण किशोर को पुष्प गुच्छ देकर दी बधाई



**पाटन पलामू।** समाजसेवी सह प्रमुख प्रतिनिधि पाटन शक्ति शंकर गुप्ता ने कृष्ण किशोर को वित्त मंत्री का पद संभालने के बाद उन्हें पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को वित्त मंत्री बनाने पर आभार प्रकट किया। श्री गुप्ता ने कहा कि इनके कार्यकाल में विकास की गति तेज होगी।

### समाज के हर तबके तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य : शिवशंकर प्रसाद



**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस लाइन स्थित जिला कार्यालय में स्वयंसेवी संस्था राधास्वामी संगठन ने मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के को-ऑर्डिनेटर को नियुक्ति पत्र का वितरण जिला संयोजक शिवशंकर प्रसाद ने किया। मौके पर मेदिनीनगर प्रखंड समन्वयक रंजय कुमार, वार्ड को-ऑर्डिनेटर चंदन कुमार, सुशील चंद्रवंशी, आरती कुमारी, पूजा रानी, आकाश गुप्ता उपस्थित थे। शिवशंकर ने कहा कि राधास्वामी संगठन जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध संस्था है जो कन्या के विवाह हेतु 51 हजार एवं प्रीमियम योजना के तहत 1 लाख रुपये का सहयोग करती है। इसके अलावा उपहार योजना में कन्या को विवाह के समय दीवान पलंग, फर्नीचर, फ्रीज, कुलर, गहना आदि उपयोगी सामग्री भी दी जाती है। इसके अलावा 40 प्रतिशत सब्सिडी पर दोपहिया और चारपहिया वाहन देती है।

### महागठबंधन सरकार बनते ही बढ़ता है अपराधियों का मनोबल : दुर्गा जौहरी



**मेदिनीनगर।** झारखंड में जब जब झामुमो, कांग्रेस व राजद गठबंधन की सरकार आती है, तब तब नक्सली और अपराधियों का मनोबल चरम सीमा पर बढ जाता है। विधानसभा चुनाव के बाद हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 10 दिनों के भीतर खासकर स्वर्णकारों को टारगेट किया गया। स्वर्णकारों के साथ लगभग डेढ़ दर्जन लूट, चोरी एवं डकैती की घटनाएं हो चुकी है। उक्त बातें झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने कही। कहा कि पलामू, हजारीबाग, लातेहार, रांची समेत अन्य जिलों में पिछले 10 दिनों के भीतर स्वर्ण आभूषण व्यवसाय से जुड़े लोगों के साथ लूटपाट, दुकानों में चोरी एवं डकैती की घटनाएं हुई है। यह चिंताजनक है।

### बेटियों का जन्मोत्सव है सकारात्मक नजरिया का परिचायक : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** पोखराहा के कुशवाहा महासभा के युवा जिलाध्यक्ष रिंकू मेहता की पांच वर्षीय बेटी के जन्मोत्सव में शामिल हुआ। बेटी से मिल कर जन्मदिन पर तोहफा दिया और स्वस्थ, सुंदर, शिक्षित व लंबी उम्र की कामना की। काबिल ए तारीफ ये है कि बेटी के बर्थडे पर लाखों खर्च कर सीने स्टार का प्रोग्राम करवाये। वर्तमान दौर में जहां बेटी को लोग बोझ समझते हैं वहीं रिंकू मेहता ने बेटी के जन्मदिन को ऐसे सेलिब्रेट किया कि इलाके में प्रेरणा के स्रोत बने हुए हैं, लोग उदाहरण दे रहे हैं।

### पांकी विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर बांदुबार में हुई समीक्षा बैठक



**पांकी पलामू।** पांकी विस चुनाव परिणाम को लेकर बांदुबार गांव में समीक्षा बैठक हुई। लाल सूरज ने कहा कि पांकी विस चुनाव में कांग्रेस पार्टी एवं गठबंधन ने नीति सिद्धांत पर एवं स्व मधु सिंह की विचारधारा पर चुनाव लड़े। अल्प समय में सरकार के कार्यों को लेकर प्रचार-प्रसार किया गया। चुनाव में जनता से प्राप्त मतदान पर आभार प्रकट किया। कहा कि भाजपा एवं निर्दलीय उम्मीदवार ने पांकी विस की जनता को धन के बल पर प्रभावित किया। पांकी चुनाव के दौरान पानी की तरह पैसा बहा। चुनाव के शुरुआती दौर में कांग्रेस काफी आगे था। परंतु बाद में पिछड़ते देख भाजपा एवं निर्दलीय उम्मीदवार ने धन के सहारे जनता को प्रभावित किया। मौके पर निरंजन यादव, मोईन अंसारी, रविंद्र पासवान, विजय सिंह, भीम शुक्ल, रमेश कुशवाहा, रिंकू सिंह, कन्हैया लाल सिंह, बिरेन्द्र सिंह दांगी भी थे।

### किशोर को महत्वपूर्ण मंत्रालय मिलने से क्षेत्र के विकास की संभावनाएं बढ़ीः अरविंद

**छतरपुर पलामू।** विधायक राधा कृष्ण किशोर को झारखंड सरकार के मंत्रालयों की जिम्मेवारी मिलने से छतरपुर के लोगों में विकास की आस जगी है। साथ ही लोगों की आंखों में कई सपने भी टिमटिमाने लगे हैं। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून ने कहा कि छतरपुर विधायक ने छठी बार विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर अपनी नेतृत्व शक्ति और विद्वता का पुनः अहसास कराया है। किशोर के अनुभवी होने के साथ विधायी मामलों के कुशल जानकार हैं, सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय मिलने से इलाके के लोगों के सपने पूरा होने की उम्मीदें बढ़ी है। श्री किशोर को मंत्री बनाने पर विनय गुप्ता, सुनील कुमार, फिरदौस आलम, सुनील प्रजापति, परवेज अंसारी, ललन विश्वकर्मा, प्रयाग विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार, राजमोहन गुप्ता, मंजुल गुप्ता, रितेश सोनी, टोन वर्मा, गुंजन जायसवाल ने बधाई दी है।

### खबर का असर : बीएफटी पर अबुआ आवास में पैसे लेने का आरोप, केस दर्ज




**चैनपुर, पलामू (प्रेम रंजन तिवारी)।** झारखंड सरकार कई महत्वाकांक्षी योजनाएं राज्य में चला रही है। जिसमें एक अबुआ आवास योजना भी है। जिसमें भ्रष्टाचार के शिकायत जिले के कई प्रखंडों में ग्रामीणों ने इस आवास के आवंटन को लेकर पदाधिकारियों से शिकायत की हैं। दरअसल, ऐसा ही मामला चैनपुर प्रखंड के सेमरा पंचायत के टोला बलहिया निवासी रुक्मणि देवी पति लक्ष्मी यादव ने प्रखंड कार्यालय में बीएफटी के पद पर कार्यरत संजय रवि पर अबुआ आवास निर्माण में 10 हजार रिश्वत लेने का आरोप लगायी थी। इस मामले को अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित करने के बाद खबर का असर हुआ। जिसपर डीडीसी ने बीडीओ को जांच का जिम्मा दिया था। जांच में रिश्वत का मामला सही मिला। जिसपर बीडीओ ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।

---

विधायक डॉ मेहता ने सगालिम के डीलर नंददेव बैठा पर लगाया राशन घोटाला का आरोप, कहा

# डबल राशन कार्ड का लाभ उठाने के साथ मृत कार्डधारियों के नाम राशन उठा रहा है डीलर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/पांकी।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड के सगालीम गांव के डीलर नंददेव बैठा पर राशन घोटाला करने का संगीन आरोप लगाया है। विधायक डॉ मेहता ने पलामू उपायुक्त शशि रंजन से मिलकर डीलर पर कार्रवाई की मांग की। विधायक ने बताया कि सगालीम गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने डीलर नंददेव बैठा के खिलाफ उनसे मिलकर शिकायत की है। उन्होंने बताया कि डीलर नंददेव बैठा डबल राशन कार्ड का लाभ उठाने के साथ मृत कार्ड धारियों के नाम पर राशन का अवैध उठाव कर रहे हैं। पिछले कई वर्षों से डीलर नंददेव बैठा दर्जनों मृत लाभुकों के नाम राशन गबन कर रहे हैं। डीलर ने अपने नाम पर लाल कार्ड (202002674407) बना रखा है।

■ डीलर पर कार्रवाई की मांग को लेकर विधायक ने डीसी से किया मुलाकात



डीलर के लाल कार्ड में चार सदस्य नंददेव बैठा, राकेश रजक, बिंदु कुमारी और सरिता भारती के नाम अंकित हैं। राशन कार्ड में डीलर नंददेव बैठा के पिता का नाम जितेश्वर सिंह लिखा है। इसी तरह सविता भारती के पिता का नाम गोपाल प्रसाद हैं। डीलर के पुत्र राकेश रजक का लाल कार्ड में नाम होने के बावजूद उनके नाम से अलग अंत्योदय कार्ड (20200 5563377) बनाकर राशन का उठाव किया जा रहा है। इसी तरह राकेश कुमार प्रजापति का भी डबल राशन कार्ड बनाकर डीलर द्वारा राशन गबन किया जा रहा है। राकेश कुमार प्रजापति के लाल कार्ड (202002674102) में नाम पहले से दर्ज है और राशन का उठाव भी किया जा रहा है। लाल कार्ड में नाम होने के बावजूद डीलर नंददेव बैठा ने राकेश प्रजापति के नाम अंत्योदय पीला राशन कार्ड बनाकर राशन उठा रहे हैं। इस तरह के कई ऐसे व्यक्ति है, जिनका डबल राशन कार्ड बनाकर डीलर राशन गबन कर रहे हैं। विधायक ने बताया कि दाखो कुंवर स्व बिनेशरी मांझी (20200 5563436), रामधारी पासवान ईश्वरी पासवान (202002674422), जगेश्वर सिंह जवाहिर साव (20200 5573052), केश्वर सिंह हरिचरण सिंह (20200 2674428) समेत एक दर्जन से अधिक मृत व्यक्ति के नाम पर हर माह राशन का उठाव डीलर कर रहा है।

# डीआरडीए का जिला परिषद में विलय, संपूर्ण डीआरडीए की बॉडी जिला परिषद में समाहित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक शनिवार को जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में समाहरणालय के ब्लॉक सी सभागार में हुई। इसमें जिप के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह डीडीसी शब्बीर अहमद ने जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह की मौजदूगी में डीआरडीए का जिप में विलय का ऐलान किया। कहा कि 10 जून को जारी सरकार के संकल्प संख्या 2078 के आलोक में यह निर्णय लिया गया है। इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प पर चर्चा हुई। बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए जिला ग्रामीण विकास शाखा के गठन की स्वीकृति दी गयी है। बता दें कि डीआरडीए की स्थापना के बाद से ही कई केंद्रीय योजनाओं का संचालन डीआरडीए के माध्यम से किया जाता था। डीआरडीए प्रशासन के कुल 24 कर्मी अब जिला परिषद में समाहित हो जायेंगे। समाहित किये जाने वाले कर्मियों के लिए जिला परिषद में सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुरूप वेतन भुगतान किया जायेगा। इसके साथ ही जिप बोर्ड की बैठक में राजस्व संग्रहण को द्रुत गति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये, जिसमें बकायेदारों को नोटिस निर्गत कर एक सप्ताह के अंदर एकमुश्त बकाया किराया जमा करने हेतु निदेश दिया जायेगा। इसके बाद भी किराया जमा नहीं करने पर उनसे सूद सहित किराया वसूली करने हेतु केस दायर किया जायेगा तथा दुकान को यथावत सील कर खाली करवाते हुए दूसरे को आबंटित कर दिया जायेगा।

---

विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने बैठक में प्रखंड अधिकारियों व कर्मचारियों दिया निर्देश

# गरीबों को कार्य के लिए ब्लॉक का चक्कर न लगवायें : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में अधिकारियों-पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश देते विधायक व अन्य।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। वैसे तो यह बैठक परिचयात्मक था,लेकिन विधायक ने शालीन शब्दों में अधिकारियों कर्मचारियों को कई तरह की नसीहत दी। ढके छुपे लहजे में कार्यसंस्कृति को सुधारने की धमकी भी दी। उन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों को ईमानदारी से कार्य करने हेतु शपथ भी दिलवाया। इसके अलावा कई दिशा निर्देश भी दिया। विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पहले की तरह अब अटकाओ लटकाओ वाली कार्यप्रणाली नहीं चलेगी। गरीब गुरबों के कार्यों का यथाशीघ्र निष्पादन करें। गरीबों को बेवजह किसी भी कार्य के लिए ब्लॉक का चक्कर नहीं लगवायें। भ्रष्टाचार पर लगाम लगायें और ईमानदारी पूर्वक कार्य करें, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। मौके पर प्रमुख रंभा कुमारी, सीओ राकेश तिवारी, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीआई विजय चौबे, राजस्व कर्मचारी अरविंद मिश्रा, राजद जिला महासचिव रमेश चौबे, नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, किशोर कुमार, महेंद्र यादव, विकास यादव, निर्मल सिंह, पंकज सिंह, एनामूल उर्फ गुड्डू, जुगुल खान, मुन्ना यादव, संजय उपाध्याय, डबलू चौबे थे।

स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश गुप्ता की 5 मार्च को ही हो गयी थी मौत

# मृत अध्यक्ष का फर्जी हस्ताक्षर कर एमडीएम की 1.18 लाख की निकासी

■ संयोजिका पहुंची प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय, उच्च स्तरीय जांच करने की मांग

**शिव शंकर पासवान**

**पांकी पलामू।** प्रखंड के स्तरोन्नत उवि द्वारिका के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमेश गुप्ता की मौत 5 मार्च को ही हो गयी है। लेकिन किसी ने उनका फर्जी हस्ताक्षर कर मिड डे मिल (एमडीएम) की 1 लाख 18 हजार रुपये की निकाल ली है। यह राशि विभिन्न तारीखों में निकली है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की मौत के दूसरे ही दिन 6 को 49 हजार, 7 को 20 हजार और करीब छह माह बाद 30 सितंबर को 49 हजार निकासी हुई है। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा मामले का खुलासा करने बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय पांडेय ने पल्ला झाड़ते हुए संयोजिका पम्मी देवी पर एमडीएम की राशि निकालने का आरोप लगाया है। वहीं संयोजिका पम्मी देवी ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचकर इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने शिक्षकों द्वारा उन पर लगाये गये आरोप को बेबुनियाद बताते हुए प्रधानाध्यापक विनय पांडेय पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं।



**राशि कैसे निकली, जानकारी नहीं : संयोजिका**- फर्जी हस्ताक्षर कर एमडीएम की राशि निकालने के मामले में संयोजिका पम्मी देवी ने कहा कि एमडीएम की राशि कैसे निकली, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। शिक्षक उनसे हस्ताक्षर लेने आते थे तो वो हस्ताक्षर कर देती थी। इसके अलावा विद्यालय के कार्य में उनका कोई योगदान नहीं रहता है। पम्मी ने कहा है कि बच्चों की फर्जी उपस्थिति बनाकर शिक्षकों को पैसा दिया जाता है।

**अध्यक्ष की मौत की लिखित जानकारी विभाग को दी थी : प्रभारी प्रधानाध्यापक**- प्रभारी प्रधानाध्यापक विनय पांडेय का कहना है कि अध्यक्ष की मौत की जानकारी विभाग को लिखित रूप से दी थी। इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर विभाग को अध्यक्ष की मौत की जानकारी दी गयी थी, तो विभाग ने तत्काल इसपर पहल क्यों नहीं की? नौ महीने बीत जाने के बाद यह मामला प्रकाश में कैसे आया?

# मंत्री राधा कृष्ण किशोर को सम्मानित करेंगे पलामू के व्यवसायी

■ राधाकृष्ण किशोर के मंत्री बनने से पलामू के व्यवसायियों में जोश : डिंपल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक राधा कृष्ण किशोर को मंत्रिमंडल में पलामू के प्रतिनिधित्व के लिए चैंबर के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी है। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान पर एग्जीक्यूटिव कमिटी की बैठक की। जिसमें आगामी कार्यक्रम तय किये गये। बैठक में हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री एवं राधा कृष्ण किशोर को मंत्री बनाये जाने पर शुभकामनाएं दी गयी और आशा व्यक्त किया गया कि अपने नये कार्यकाल में गठबंधन की सरकार और झारखंड में एनसाइक्लोपीडिया कहे जाने वाले राधा कृष्ण किशोर अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बैठक में सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि अपने विधायक रहते श्री राधाकृष्ण ने कई बार पूर्व के मुख्यमंत्री के पास चेंबर के डेलीगेट के साथ वातार्लाप के लिए गये थे।

एक बार अर्जुन मुंडा के पास और दो बार पूर्व सीएम रघुवर दास के समक्ष चेंबर के डेलीगेट में शामिल होकर उन्होंने शहर की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया था। विशेष कर खास महल मुदे पर राधा कृष्ण किशोर को पूरी जानकारी है और इसके तहत उन्होंने चेंबर के साथ कई बार वातार्लाप भी किया है।

श्री डिंपल ने आगे कहा कि अब चुकी स्वयं राधा कृष्ण मंत्री बन गये हैं और उन्हें प्रमुख विभाग मिले हैं इसलिए पलामू की आशा और ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि एक कार्य कुशल नेतृत्व के तहत राधाकृष्ण किशोर उर्फ चुनू भैया पलामू की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ तुरंत कार्रवाई करते हुए निष्पादित करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की समस्या में सबसे पहले खास महल की समस्या, टाउन प्लान, सेकंड फेस वाटर सप्लाई, मिनी फ्लाईओवर, कोयल नदी को बांधना और उसे पर दूसरे बडे पुल का निर्माण करना, और रिंग रोड का निर्माण करना ताकि शहर में बड़ी गाड़ियों का आवागमन कम हो सके मुख्य है।

### बीडीओ ने जेसीबी से करायी प्रखंड परिसर की सफाई



**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित झा ने प्रखंड परिसर की साफ सफाई करायी। प्रखंड परिसर में डीएम एफटी से हाईमास्ट लाईट ओपेन जीम लगा है जो परिसर के सुंदरी करण में चार चांद लगा रहा है। राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर का पाटन प्रखंड का दौरा होना है जिसे देख पाटन प्रखंड परिसर की साफ सफाई एवं प्रखंड की कमी को युद्धस्तर पर दूर किया जा रहा है। वहीं मंत्री के कार्यक्रम के दौरान प्रखंड परिसर में कई योजनाओं का उद्घाटन किया जायेगा। मंत्री के कार्यक्रम को लेकर पाटन बीडीओ एवं प्रखंड अंचल कर्मियों में उत्साह है।

### मधु सिंह के विचारों को पांकी विस क्षेत्र के लोगों को अपनाने की जरूरत है : लाल सूरज

**पांकी पलामू।** प्रखंड के बांदुबार में स्व मधु सिंह के पैतृक गांव में पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर कोनवाई स्थित स्व मधु सिंह की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने कहा कि मधु सिंह के विचारों को अपनाने की जरूरत है। मधु सिंह की विचारधारा पर चल कर गरीबों हक अधिकार लिया और दिया जा सकता है। आज नकली राजनीति करने वाले और समाजसेवी जनता को विचार धारा से अलग करते जा रहे हैं। आज आम जन को भी इस पर विचार करना होगा। लाल सूरज ने कहा कि हम सभी मिलकर नकली राजनीति करने वाले और नकली समाजसेवियों को बेनकाब करेंगे। अध्यक्षता रमेश कुशवाहा ने की।

# झारखंडियों के सपनों को साकार करेगी हेमंत सरकार : संतोष चौबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ कांग्रेसी नेताओं ने की प्रेस वार्ता, सीएम सहित सभी मंत्रियों को दी बधाई



**विश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने कहा कि झारखंड की जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन को लगातार दुबारा सेवा करने का मौका दिया है। यह अबुआ सरकार झारखंडियों के सारे सपनों को पूरा करेगी। प्रदेश को विकास की ऊंचाइयों तक लेकर जायेगी। अगले पांच वर्षों में झारखंड देश के विकसित राज्यों में शुमार हो जायेगा। श्री चौबे शनिवार को अपने केतात स्थित आवास पर कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस व राजद की यह सरकार जनांकांक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरेगी। जनता से किये सारे वादों को पूरा करेगी। उन्होंने अनुभवी नेता राधा कृष्ण किशोर को मंत्रिमंडल में शामिल कर बड़ी जवाबदेही देने के लिए कांग्रेस आलाकमान और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया।

# उद्यान विकास योजना अंतर्गत बागवान, उद्यान मित्रों व कृषकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय के सभागार में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के उद्यान प्रभाग, गुमला के द्वारा उद्यान विकास योजना अंतर्गत बागवान, उद्यान मित्रों एवं कृषको का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम के समापन के मौके पर जिला उद्यान विभाग के पदाधिकारीयों के द्वारा उद्यान विकास योजना की जानकारी दी गई और प्रशिक्षण पाने वाले किसानों से रुबरू होकर प्रशिक्षण में किसान कितने लाभांवित हुए इसकी जानकारी ली। साथ ही किसानों को मिली जानकारी से संतुष्ट होकर उन्हें कृषि से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी और उद्यान विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं से किसानों को अवगत कराया। प्रशिक्षक की भूमिका निभाते हुए डॉ मयंक गोस्वामी द्वारा उपस्थित किसानों को विस्तार पूर्वक वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी और विभिन्न प्रकार के फसलों में होने वाली बीमारियों और उपचार के बारे में बताया गया।

### हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत



**रामगढ़ पलामू।** डालटनगंज मुख्य मार्ग पर नावाडीह के बगनी झरिया में शनिवार को अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार मजदूर बेडमा निवासी जाकिर मियां की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उसका सिर फट गया। घटना के तुरंत बाद नावाडीह के मुखिया दयानंद प्रसाद के जरिये पुलिस के साथ शव को उठवा देने से परिजन और ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों के जरिये मुख्य सड़क को जाम कर दिया गया है। मुखिया से पूछा जा रहा है कि आखिर उन्होंने परिजनों के आने से पहले ही उठा दिया गा। परिजनों ने बताया कि मुखिया का हाइवा होने के कारण उन्होंने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर ऐसा कदम उठाया। सड़क जाम से कई वाहन फंस गये हैं। आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जाकिर मियां हीरो स्प्लेंडर बाइक (जेएच 03एई 5318) से डालटनगंज मजदूरी करने के लिए आ रहा था। डालटनगंज से उसे ट्रेन पकड़कर दूसरी जगह मजदूरी करने जाना था। इस दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के बहनोई शेर मोहम्मद ने कहा कि परिजनों के आने से पहले शव उठाना सही नहीं रहा। मुखिया ने प्रशासन के साथ मिलकर परिजनों को धोखा दिया है।

# पलामू जिला एफपीओ संघ का गठन विक्रमादित्य अध्यक्ष, ब्रजेश बने सचिव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल विभिन्न एफपीओ के सदस्य।

**मेदिनीनगर।** आत्मा के जिला कार्यालय में पलामू जिला के सभी एफपीओ के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि एफपीओ किसानों के आय में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक पहल कर रहीं हैं। लेकिन सरकार द्वारा अपेक्षित सहयोग एफपीओ को नहीं किया जा रहा है जबकि आज किसानों का विश्वास एफपीओ के प्रति बढ़ा है। बैठक एफपीओ की मजबूती के लिए संघ का गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद सभी के सहमति से पलामू जिला एफपीओ संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से खैरा किसान एफपीओ पांडू के विक्रमादित्य पांडेय को अध्यक्ष, बेतला एफपीओ चैनपुर के ब्रजेश कुमार पांडेय उर्फ मुन्ना पांडेय को सचिव, पहाड़ी मेघा एफपीओ पाकी के हरि प्रसाद को कोषाध्यक्ष, मेदिनीनगर के विवेकानंद त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, लेस्लीगंज एफपीओ के मनोरंजन दुबे को महासचिव बनाया गया। बैठक में संघ की मजबूती के लिए सदस्यता शुल्क चलाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही बैंक में संघ का बचत खाता खोलने का भी निर्णय लिया गया। नव मनोनीत अध्यक्ष विक्रमादित्य पांडेय व सचिव ब्रजेश कुमार पांडेय ने कहा कि संघ की मजबूती के लिए पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ काम करते हुए सरकार द्वारा किसानों के विकास के लिए चलायी जा रही योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी।

# कमारू और कसियाडीह के 50 किसानों के बीच मछली जीरा व मुर्गी चूजा वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बकोरिया पंचायत के कमारू और कासियाडी गांव के 50 लाभूक किसानों के बीच मछली जीरा, बतक चूजा तथा मुर्गी चूजा का वितरण जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, उप परियोजना निदेशक आत्मा के प्रवीण राज प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, मुखिया संतोष उरांव के द्वारा शुक्रवार को देर शाम वितरण किया गया। नेशनल मिशन ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर योजना अंतर्गत उक्त वितरण के अवसर पर डीएओ दीपक कुमार ने बताया कि रेनफेड एरिया डेवलपमेंट के तहत किसानों को विशेष रूप से बतख पालन तथा उससे होने वाली उपार्जन के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।



कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी और लाभुक।

**खास बातें :** बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि श्वेत क्रांति के तहत मछली पालन वैसे किसानों को दी जा रही है, जो अपने जलाशय में डालकर अपना उत्पादन करें और आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकते हैं। उपनिदेशक प्रवीण राज ने मुर्गी चूजा, मछली जीरा और बतख पालन से होने वाली आमदनी का जिक्र विस्तारपूर्वक किया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि नमसा योजना के तहत 30 किसानो के बीच एक हजार बतख का चूजा, करीब सवा दो लाख मछली का जीरा तथा 20 किसानों के बीच एक हजार मुर्गी का चूजा के अलावा दवा, पानी तथा अन्य मूलभूत जरूरत का सामग्री का वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने बताया कि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से कृषि विभाग के द्वारा यहां के मूल निवासियों को आर्थिक उन्नति तथा उन्मुखीकरण के लिए इस योजना का लाभ दी गयी है, जो काबिले तारीफ है। पंचायत के मुखिया संतोष उरांव ने बताया कि मुर्गी का चारा, मछली जीरा के साथ दवा तथा पानी की व्यवस्था विभाग के द्वारा किया गया है।

# एक लाख लीटर क्षमता के दुग्ध उत्पादन संयंत्र से आसपास के इलाके के लोगों को काफी फायदा मिलेगा : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गोपालगंज जिले के कटेया प्रखंड के बैरिया ग्राम में एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध उत्पादन संयंत्र का भूमि पूजन एवं अनावरण कर शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आज यहां दुग्ध उत्पाद संयंत्र का शिलान्यास किया गया है, इसका काम निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराएं। इसका काम पूरा हो जाने से आसपास के इलाके के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल और हरियाली के बीच ही जीवन सुरक्षित है, जिसे ध्यान में रखते हुए हमलोगों ने जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत कराई। पर्यावरण को संरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय-2 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 तक 7,000 नई दुग्ध समितियों के गठन की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अन्तर्गत गोपालगंज जिले में भी बड़ी संख्या में दुग्ध समितियों का गठन किया जाना है। नई गठित समितियों से प्राप्त होने वाले दुध की स्थानीय स्तर पर प्रोसेसिंग से लोग दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे। इसको ध्यान में रखते हुए यहां 1 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध उत्पादन संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसकी कुल परियोजना राशि 53.64 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुग्ध उत्पादन संयंत्र का कुल क्षेत्रफल 10.81 एकड़ है, जिसके 7,197 वर्ग मीटर में विधायन संयंत्र, प्रशासनिक भवन, सर्विस ब्लॉक, पीटीपी भंडार इत्यादि का निर्माण किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा लोगों को दुधारू पशुओं की खरीद पर भी अनुदान दिया जा रहा है।

गोपालगंज जिला में स्थापित हो रहे इस दुग्ध उत्पादन संयंत्र से न केवल गोपालगंज जिला के किसान लाभांवित होंगे बल्कि इससे सीवान एवं पश्चिमी चंपारण जिले के करीब 50 हजार किसानों को भी लाभ मिलेगा। पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी ने पुष्प गुच्छ, जबकि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ एन० विजयालक्ष्मी ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, गन्ना उद्योग मंत्री सह गोपालगंज जिला के प्रभारी मंत्री कृष्णनंदन पासवान, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, सांसद डॉ आलोक कुमार सुमन, विधायक अमरेंद्र कुमार पांडे, विधायक कुसुम देवी, विधान पार्षद बीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व विधायक मंजित सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ एन विजयालक्ष्मी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक अनंत ने जीत पर प्रखंड वासियों का किया आभार प्रकट



फोटो 1-मंचासीन विधायक अनंत प्रताप देव

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड के बिजली सब स्टेशन के समीप शनिवार को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा शनिवार को धुरकी कर्पूरी चौक स्थित कर्पूरी ठाकुर के चित्रों पर माल्यार्पण कर बिजली सब स्टेशन के बगल में जनसभा को संबोधित कर प्रखंड वासियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यहां की जनता का मैं सदा आभारी हूं। आपने अपना कीमती वोट देकर विधानसभा में यहां की समस्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं पलायन के सवाल को विधानसभा में रखने के लिए जो मुझे अपार समर्थन देकर भेजा है मैं तहे दिल से यहां के जनता का शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की नजर सभी विधानसभा क्षेत्र पर है। यहां का ज्यादातर समस्या पलायन का है। उन्होंने कहा कि यहां पावर प्लांट को चालू कर यहां के बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे गठबंधन की सरकार जो वादा करती है उसे पूरा करती है। उन्होंने मंईयां सम्मान के तहत 11 तारीख को 2500 रूपये आने की बात कही। मनु बाबा ने कहा कि युवा पीढ़ी जागरूक हो गई है, क्योंकि युवा में अपार शक्ति है। जो भी कमियां है उसे बहुत जल्द दूर किया जाएगा। उन्होंने सभी के साथ समन्वय बनाकर काम करने की बात कही। ताहिर अंसारी ने कहा कि पूर्व विधायक जातिवाद धर्म के नाम पर यहां की जनता को बांटने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन जनता सब जानती है। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य जानकी सिंह, प्रखंड प्रमुख शांति देवी, जिला परिषद सदस्य सुनीता, मुखिया महबूब अंसारी, लक्ष्मण यादव, मनोज पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

## कार्य में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों पर की जायेगी नियमानुकूल कार्रवाई : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अयक्षता में शनिवार को समाहरणालय गढ़वा के सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीसी ने गढ़वा जिला में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास योजनाओं एवं विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, राजस्व, षि, आपूर्ति, अबुआ आवास योजना, प्राानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत योजनाएं, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, राजस्व, भू-अर्जन, सड़क निर्माण, उप स्वास्थ्य केन्द्रो का निर्माण, केसीसी, राशन वितरण, स्वास्थ्य सुविााएं, पेयजल, अतिक्रमण, खाद बीज वितरण, ाान अिप्राप्ति, समाज कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाएं, पर्यटन, नीति आयोग समेत अन्य विषयों एवं विभागों पर एक-एक कर प्राप्त प्रतिवेदन एवं संबंाित विभाग के पदाािकारियों से जानकारी लेते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं आगे के कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने अबुआ आवास, प्राानमंत्री आवास (ग्रामीण), पीएम जनमन योजना, सोख्ता गड्ढा एवं नाडेप का निर्माण, बिरसा हरित ग्राम के तहत बागवानी में पौाारोपण की स्थिति, प्रखण्डवार बिरसा सिंचाई कुप की पूर्णता, प्रखण्डवार एंप्लयमेंट जेनरेशन, 100 डेज एंप्लयमेंट, लंबित योजनाएं को पूर्ण करने, एरिया अफिसर मनिटरिंग, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराने, आाार एंट्री, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, स्कीम कंप्लीशन समेत अन्य की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए सैंक्शनिंग प्रक्रिया में ाीमी प्रगति को लेकर डीसी ने नाराजगी व्यक्ति की। समीक्षा के क्रम में रंका, केतार, खरौंाी एवं मझिआंव प्रखंड का प्रगति प्रतिवेदन अपेक्षात खराब पाई गई, जिसे लेकर डीसी ने नाराजगी व्यक्त की एवं समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के उक्त सभी योजनाओं को 15 दिसंबर तक निश्चित रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीसी श्री जमुआर ने कहा कि राज्य सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है, इसलिए सभी प्रखंड विकास पदाािकारी प्राथमिकता के आाार पर उक्त योजना का लाभ अािक से अािक योग्य लाभुकों को पहुंचाने के लिए कार्य करें। साथ ही योजना को लेकर किसी भी प्रकार की प्राप्त शिकायतों पर अविलंब कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया। उन्होंने आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्ड निर्माण एवं राशन वितरण की जानकारी लिया। राशन वितरण कार्य के अंतर्गत ग्रीन राशन कार्ड का खाद्यान, पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत वितरण किए जाने वाले खाद्यान, एनएफएसए योजना के तहत खाद्यान समेत अन्य योजनाओं के तहत राशन वितरण कराने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाािकारी को दिया। डीसी ने कहा कि जिन राशन डीलर द्वारा खाद्यान का वितरण ससमय नही किया जा रहा है, वैसे राशन डीलर के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी वरीय पदाािकारी विभिन्न प्रखंड अंतर्गत पंचायतों में स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान का ससमय औचक निरीक्षण करने एवं किसी भी डीलर के द्वारा राशन एवं ाोती साड़ी लुंगी वितरण में अनियमितता बरते जाने, तय मात्रा में अनाज न देने एवं अनाज आवंटित होने के बावजूद राशन लाभुकों को वितरण न करने पर संबंाित डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ाान अिप्राप्ति करने एवं विभिन्न एफपीओ से खाद बीज विक्रय करने संबाित विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि हमें आपस में समन्वय बनाकर एवं सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है। इसलिए दिए गए निर्देशों का सभी पदाािकारी पूर्ण रूप से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। अन्यथा कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाािकारियों एवं कर्मियों पर नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, गढ़वा व रंका एसडीओ, गढ़वा सीएस, भूमि सुाार उप समाहर्ता, गढ़वा, जिला कल्याण पदाािकारी, जिला समाज कल्याण पदाािकारी, जिला आपूर्ति पदाािकारी, जिला पंचायत राज पदाािकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी महिला, चिकित्सक गायब

### आक्रोशित परिजनों ने किया हंगामा, तोड़ फोड़



टूटा गेट व शीशा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में प्रबंधन की लापरवाही एवं चिकित्सकों का ड्यूटी से गायब रहने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर गाइनी विभाग में तो ओपीडी हो या इमरजेंसी, चिकित्सक अक्सर ही ड्यूटी से गायब रहते हैं। इससे मरीजों को जान तक गंवानी पड़ती है। शुक्रवार की रात्रि सदर अस्पताल के प्रसव विभाग में महिला चिकित्सक डॉ. रुद चंद का ड्यूटी था। वे अपनी ड्यूटी से गायब थी। साथ ही नर्स द्वारा फोन किये जाने के बावजूद उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला के आक्रोशित परिजनों ने जमकर बवाल काटा एवं तोड़ फोड़ भी किया। जानकारी के अनुसार शहर के साईं मोहल्ला निवासी सोनाहूल शाह की 22 वर्षीया पत्नी तौसीया परवीन को प्रसव पीड़ा के बाद सदर अस्पताल में दोपहर 2:00 बजे ओपीडी में चिकित्सक को दिखाया गया। उसके बाद मरीज प्रसव कक्ष पहुंची जहां ड्यूटी पर तैनात नर्सों ने बतायी कि प्रसव में अभी विलंब है। यह फल्स पेन हो रहा है। उस मरीज को भर्ती तक नहीं किया गया। परिजन मरीज को लेकर लौट गए। लेकिन कुछ नहीं देर बाद महिला को तेज दर्द होने लगा। वह दोपहर से लेकर देर रात तक प्रसव पीड़ा से तड़पती रही। उसके बाद परिजनों के आग्रह पर ड्यूटी में मौजूद नर्स नैन कुमारी ने संबंधित चिकित्सक से फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास की, लेकिन चिकित्सक फोन तक रिसीव नहीं की। जिसके बाद मरीज के परिजन हंगामा करते हुए तोड़ फोड़ कर वहां से फिर निजी क्लिनिक चले गए। घंटों बीत जाने के बाद भी सुबह के 9 बजे तक सदर अस्पताल के प्रबंधक, उपाधीक्षक, सीएस किसी ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी तक नहीं ली। ज्ञात हो कि गढ़वा सदर एसडीओ संजय कुमार ने शुक्रवार की शाम सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान एसडीओ ने अस्पताल की व्यवस्था दुरूस्त करने व मरीज को हर संभव इलाज का बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। स्वास्थ्य विभाग एसडीओ के आदेष को ठेंगा दिखाते हुए अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। निरीक्षण के ठीक चार घंटे बाद ही सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष से चिकित्सक अपनी ड्यूटी से गायब हो गये जिस कारण यह घटना घटी। इस संबंध में सीएस डॉ. शोक कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। घटना के बाद सुबह जाकर घटना क्रम जाना है। अस्पताल के उपाधीक्षक को प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि ड्यूटी से गायब चिकित्सक के खिलाफ अपने उच्च अधिकारी को लिखा गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## पावर प्लांट लगाकर बेरोजगारी दूर करना पहली प्राथमिकता : विधायक



विधायक का स्वागत करते कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा चुनाव जीतने के बाद पहली बार शनिवार को अंबेडकर चौक के प्रांगण में पहुंचे। जहां पर आभार सभा का आयोजन किया गया। आभार सभा आयोजन के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव को डंडई पहुंचते ही उनके कार्यकर्ताओं और चहेतों ने उन्हें माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

सबसे पहले नवनिर्वाचित विधायक ने ब्लॉक परिसर स्थित नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद वे लोगों का अभिवादन करते हुए अंबेडकर चौक पहुंचे। यहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व नमन के बाद आभार सभा को संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र वासियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डंडई वासियों ने हमें जो अपना बहुमूल्य वोट देकर चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल कराया है और हमें 5 वर्षों तक सेवा करने का मौका दिया है जिसके लिए मैं यहां की जनता का ऋणी हूं। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को एक-एक करके निश्चित रूप से पूरा करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि डंडई प्रखंड के लोग हमारे दिल में बसते हैं। पूरे भवनाथपुर विधानसभा के व्यक्ति हमारे घर परिवार से एक पारिवारिक संबंध रखे हैं। मैं एक बार चुनाव हार गया था इसके बाद भी मैं अपना संबंध इस क्षेत्र की जनता से पारिवारिक रखा था।

जो आज भी कायम है। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव में जो वादे किये है उसे एक एक कर पूरा करूंगा और पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं से बैठकर हर समस्या को सुनेंगे और समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की बड़ी समस्या बेरोजगारी और पलायन है। जो मैंने भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाकर निश्चित रूप से लोगों का बेरोजगारी और पलायन रोकने का काम करूंगा। मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, संदेश राम, अजय ठाकुर, दीनानाथ पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, चंद्रशेखर प्रसाद, जितेंद्र कुमार ठाकुर, रामाशीष प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एसडीओ ने दूसरे दिन भी किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीओ संजय कुमार दूसरे दिन शनिवार को भी संध्या में सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। दूसरे दिन भी महिला चिकित्सा अपने ड्यूटी से गायब पायी गई। उसके बाद एसडीओ ने इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक के बारे में उपाधीक्षक से जानकारी ली। एसडीओ ने बताया कि पहले दिन अस्पताल का निरीक्षण किया था। जिसमें अस्पताल में महिला चिकित्सक की कमियां पाई गई थी। दूसरे दिन भी परिवर्तन हुआ कि नहीं यह देखने को लिए सदर अस्पताल पहुंचा था। फिर भी अस्पताल के विधि व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। महिला चिकित्सक आज भी गायब है। सदर अस्पताल के उपाािक्षक को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अस्पताल में चिकित्सकों की ड्यूटी शत प्रतिशत हो यह हर हाल में सुनिश्चित करें। ताकि बाहर से आने वाले मरीजों को उसका लाभ मिल सके। सदर अस्पताल में लोग काफी उम्मीद के साथ आते हैं। लेकिन बिना इलाज कराए उन्हें लौटना पड़े यह गढ़वा के लिए दुर्भाग्य की बात है। ऐसी घटना प्रशासनिक दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। उन्होंने तोड़फोड़ संबंधित मामले में कहा कि इस मामले की जांच कराई जाएगी। अस्पताल परिसर को ठीक रखना सभी की जिम्मेवारी है।

## खबर एक नजर में

### भटकी हुई बच्ची को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के कोयल नदी पानी टंकी घाट से शुक्रवार को शाम 4:00 बजे एक 12 वर्षीय भटकी हुई अज्ञात बच्ची होने की सूचना मिली थी। जिसको देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान मझिआंव निवासी बुटन खलिफा के पुत्र शमशाद खलीफा ने उसे घर लाया। उसके घर पर भी उसे बच्ची को देखने के लिए काफी भीड़ लग गई। इसकी सूचना थाना प्रभारी तथा सीडब्लूसी के अध्यक्ष प्रणव कुमार को भी दी गई। जिसे रात्रि लगभग 10:00 बजे थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा उक्त बच्ची को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ की गई। वहीं काफी मुश्किल से वह नाम बताई। जिसे बरडीहा थाना क्षेत्र के सलगा गांव निवासी टावर पास अर्जुन रजवार की 12 वर्षीया पुत्री सोनी कुमारी के रूप में पहचान की गई। जिसे मझिआंव थाना प्रभारी आकाश कुमार एवं बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह के द्वारा लिखित आवेदन लेने के बाद उसके पिता को उसकी पुत्री को सौंप दिया गया। उसके पिता अर्जुन रजवार ने बताया कि उनकी पुत्री सोनी कुमारी मिडिल स्कूल बरडीहा में कक्षा 7वीं की छात्रा है। शुक्रवार सुबह 6:00 बजे घर के बगल में स्थित सुरेश रजवार के यहां छत पर प्रतिदिन की भांति ट्यूशन शिक्षक से ट्यूशन कर 7:00 बजे घर आई और अपनी मां शकुंतला देवी से खाना मांगी। खाना नहीं बनने पर उसे डांट फटकार के साथ साथ पिटाई भी की गई। जिससे वह कब किार चली गई किसी को नहीं पता चल पाया। काफी खोजबीन करने के बावजूद भी नहीं पता चला। साथ ही उसके पिता अर्जुन ने यह भी बताया कि वह ऐसा हरकत पिछले दो-तीन बार भी कर चुकी थी। गांव -घर में रहती थी और पुनः शाम को वापस आ जाती थी। उन्होंने सोचा कि आसपास में होगी वह वापस लौट जाएगी। इस संबंध में सीडब्लूसी के अध्यक्ष प्रणव कुमार ने बताया कि उक्त लड़की को सीडब्लूसी कार्यालय गढ़वा में लाया गया। शुक्रवार के रात्रि मझिआंव एवं बरडीहा थाना प्रभारी के देख-रेंख में उसके पिता अर्जुन रजवार को उसकी पुत्री सोनी को सौंप दी गई है।

### एसएमसी अध्यक्ष ने मध्याह्न भोजन को कराया बंद

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत अंतर्गत झपही टोला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में 15 दिनों से मध्याह्न भोजन नहीं मिलने से बच्चों की उपस्थिति कम हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रबंधन समिति अध्यक्ष के द्वारा बलपूर्वक मध्याह्न भोजन बंद कराया गया है। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष द्वारा मध्याह्न भोजन बंद करने के संबंध में शनिवार को प्रधान सहायक अध्यापक एजाज अहमद ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रखंड संसाधन केंद्र को आवेदन दिया है। उक्त आवेदन में प्रधानाध्यापक ने उल्लेख किया है कि 21 नवंबर 2024 से विद्यालय के अध्यक्ष एवं संयोजिका द्वारा बिना सूचना के मध्याह्न भोजन बंद कर दिया गया था। जिसकी सूचना में बीआरसी कार्यालय को दिया था। वहीं विभागीय निर्देश के आलोक में मेरे द्वारा दिनांक 4 दिसंबर 2024 से मध्यान भोजन सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा था। परंतु दिनांक 6 दिसंबर दिन सोमवार को एसएमसी अध्यक्ष शाहबाज खान पिता स्व. चिरागुद्दीन खान ग्राम गोगेया के निवासी द्वारा लगभग 11:15 बजे विद्यालय में आकर दोनों रसोईया दोनों शिक्षकों तथा सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मयान भोजन बंद कर दिया गया। काफी प्रयास करने के बाद भी मध्याह्न भोजन नहीं बनने दिया। साथ ही प्रधानाध्यापक ने कहा कि इससे पहले भी अध्यक्ष के द्वारा कई बार मध्याह्न भोजन में बाधा उत्पन्न किया गया था। प्रधानाध्यापक ने आग्रह करते हुए कहा कि मध्याह्न भोजन के मामले में उचित कार्रवाई की जाए। एजाज अहमद ने कहा कि मध्याह्न भोजन नहीं मिलने के कारण बच्चों की उपस्थिति कम हो गई है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में रखे गए खाद्य सामग्री वाले गोदाम में अध्यक्ष के द्वारा ताला भी लगा दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने कहा कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को कहा गया है कि अध्यक्ष को हटाते हुए तत्काल एढक कमेटी गठित कर मध्याह्न भोजन सुचारू रूप से चालू कराने के लिए कहा गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इसे मैं स्वयं जांच भी करूंगा।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी को...

आरोपी ने मुंबई पुलिस को पिछले गुरुवार को मैसेज किया था कि गुजरात के पालनपुर में एक कंपनी है, जहां आरोपी काम करता था। मैनेजर से झगड़ा होने के बाद आरोपी ने महाराष्ट्र के गोवंडी थाने के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा मैसेज किया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह अजमेर में कहां और किससे मिला था। गोवंडी थाना पुलिस को मैसेज देने के पीछे उसकी क्या मंशा थी, इसकी जांच महाराष्ट्र पुलिस कर रही है। इससे पहले 27 नवंबर को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गयी थी।

### आलम समेत 12...

मामले में अब ईडी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जायेगा। आरोप गठन के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका कोर्ट में मौजूद थे।

**क्या है मामला :** उल्लेखनीय है कि टेंडर कमीशन घोटाला मामले में इडी ने सबसे पहले 21 फरवरी, 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची जमशेदपुर पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को गिरफ्तार किया था। दूसरी बड़ी कार्रवाई 6 और 7 मई को हुई, जब कई इंजीनियर, कांट्रेक्टर-ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के ठिकानों पर इडी ने छापेमारी की थी। श्री आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से लगभग 32.30 करोड़ कैश बरामद हुए थे। इसके बाद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम से दो दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने 15 मई को गिरफ्तार कर लिया था।

### विवाद: कांग्रेस को ममता...

उन्होंने कहा, कई बार रिलॉन्च करने के बाद भी राहुल और प्रियंका को अगर इंडी अलायंस के नेता ही गंभीरता से नहीं लेते हैं तो देश की जनता तो कभी इन्हें गंभीरता से नहीं ले सकती हैं। यह साबित करता है कि राहुल गांधी राजनीति में अपरिपक्व हैं। सपा कांग्रेस से लड़ती है, कांग्रेस , सपा लड़ती है, टीएमसी कांग्रेस से लड़ती है और कांग्रेस टीएमसी से लड़ती है। यह गठबंधन अहंकारी है, जिसमें लोग एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। चुनाव के बाद गठबंधन टूट जाता है । इसके सदस्य आपस में ही लड़ने लगते हैं।

**ममता में नेतृत्व करने की : पवार :** ममता बनर्जी के बयान से देशभर में सियासत गरमा गयी है। विपक्षी दलों ने उनके इस विचार का स्वागत किया है। वहीं इंडिया के प्रमुख घटक दल एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि ममता बनर्जी में इंडिया अलायंस का नेतृत्व करने की क्षमता है। श्री पवार ने कोल्हापुर में कहा, उन्होंने जो रुख अपनाया वह आक्रामक है, उन्होंने कई लोगों को खड़ा किया। उन्हें ऐसा कहने का पूरा अधिकार है। उन्होंने ये भी कहा कि ममता बनर्जी में इंडिया गठबंधन को लीड करने की क्षमता है। वहीं सांसद सुप्रिया सुले ने भी ममता बनर्जी के बयान का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी देश की सबसे बड़ी नेताओं में से एक हैं। अगर वे अधिक जिम्मेदारी लेना चाहें तो हम उनके साथ हैं।

**ममता बनर्जी ने कहा था :** 6 दिसंबर को ममता बनर्जी गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया और कहा था कि मौका मिलने पर वह इसकी कमान संभालने को तैयार हैं। यह पूछे जाने पर कि एक मजबूत भाजपा विरोधी ताकत के रूप में अपनी साख को देखते हुए वह गठबंधन का प्रभार क्यों नहीं ले रही हैं, इस पर ममता बनर्जी ने कहा कि अगर अवसर दिया गया तो मैं इसका सुचारू संचालन सुनिश्चित करूंगी। मेरा लक्ष्य सबको एकजुट रखने का है।

स्पीड न्यूज

## चीन में हो रही नेपाली युवतियों की तस्करी

काठमांडू। नेपाल में रह रहे चीनी युवकों द्वारा नेपाली लड़कियों को शादी का झांसा देकर उन्हें चीन ले जाने और वहां पर उन्हें शारीरिक एवं मानसिक यातना देने की कई घटनाएं सामने आई हैं। चीन ले जायी गयीं ऐसी ही कई लड़कियों ने नेपाल लौटने के लिए बीजिंग स्थित नेपाली दूतावास से संपर्क किया है। नेपाल के इमिग्रेशन विभाग के मुताबिक, इस साल अक्टूबर एवं नवंबर में ही चीन जाने के लिए तैयार 41 नेपाली लड़कियों को तस्करी के संदेह में एयरपोर्ट से लौटा दिया गया। पिछले एक वर्ष के भीतर चीनी नागरिक से शादी कर चीन जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे 184 युवतियों को वापस किया गया। हाल के वर्षों में चीनी लड़कों से शादी करने के बाद चीन जाने की इच्छा रखने वाली नेपाली लड़कियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

## राष्ट्रपति बुधवार को पंचायत पुरस्कार देंगी

नयी दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को एक सम्मान समारोह में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करेंगी। पंचायती राज मंत्रालय ने वर्ष 2022-2023 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की है। ये पुरस्कार जमीनी स्तर पर समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देने में देश भर में पंचायती राज संस्थानों के अनुकरणीय प्रयासों को मान्यता देते हुए उत्कृष्टता के मानक के रूप में कार्य करते हैं।

## राजनाथ सिंह का रूस यात्रा आज से

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार से रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री और रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव मंगलवार को मास्को में सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। दोनों नेता सैन्य-से-सैन्य और औद्योगिक सहयोग सहित रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा करेंगे।

## यमन की मिसाइल को इजरायल ने मार गिराया

यरुशलम। इजरायली वायु सेना (आईएएफ) ने यमन से इजरायल की ओर दागी गई मिसाइल मार गिराया। यह जानकारी इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि थोड़ी देर पहले यमन से दागी गई एक मिसाइल को आईएएफ ने मार गिराया।

## बीजापुर में नक्सलियों ने की महिला की हत्या

बीजापुर। पुलिस मुखबिर होने के संदेह में नक्सलियों ने एक आंगनबाड़ी सहायिका की हत्या कर दी। घटना शुक्रवार रात बुगुडा पुलिस थाना क्षेत्र के थिम्मापुर गांव में घटी। बगुड़ा थाना के पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुछ अज्ञात नक्सली गांव में लक्ष्मी पदम (45) के घर में घुसे और उसके परिवार के सामने ही उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी।

## कारण बताओ नोटिस

1. नंबर- 10505784 डब्लू सिपाही (जीडी) सुनिल कुमार, पुत्र- तेजू साह, गांव- हुंदुरबंदी टोला, पोस्ट- हुंदुर पुलिस स्टेशन, पिठोरिया तहसील, जिला-रांची (झारखंड), पिन कोड नंबर-835204 को सूचित किया जाता है, कि आप दिनांक 26 फरवरी 2015 से डिसएम्बोडिमेन्ट पर हैं।
2. आपको सूचित किया जाता है, कि आप लगातार तीन वर्षों से वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में अनुपस्थित रहे हैं। अतः आप कारण स्पष्ट करें कि क्यों लगातार तीन वर्षों तक अनुपस्थित रहे हैं और क्यों न आपको प्रादेशिक सेना की धारा-14 (बी) (!!!) के अंतर्गत प्रादेशिक सेना से सेवा मुक्त कर दिया जाय।
3. आपका जवाब इस नोटिस के जारी होने की तिथि से 30 दिनों के अंदर मिल जाना चाहिये।

प्रादेशिक सेना समूह मुख्यालय उत्तरी कमान।
ह0/
लेफ्टिनेंट कर्नल, दंडपाल
151 आईएएफ बीएन (टीए ) जाट पैदल वाहिनी (प्रादेशिक सेना) जाट।

# सीरिया में तहरीर अल-शाम के विद्रोहियों का हामा प्रांत पर कब्जा

### विद्रोहियों की मजबूत पकड़ से ईरान ने सेना व दूतावास के कर्मियों को निकालना शुरू किया

एजेंसी

दमिश्क। सीरिया में अल-कायदा और तुर्किये समर्थित आतंकवादी समूह हयात तहरीर अल-शाम के विद्रोहियों ने राष्ट्रपति बशर अल-असद की सेना से समूचा हामा प्रांत छीन लेने का दावा किया है। इदलिब (उत्तर-पश्चिम) और अलेप्पो (उत्तर) पर विद्रोही पहले ही नियंत्रण पा चुके हैं। विद्रोहियों ने कहा कि अब उसका हामा पर पूर्ण नियंत्रण हो गया। हयात तहरीर अल-शाम ने मध्य सीरिया के हामा पर पूर्ण नियंत्रण का दावा किया है। हामा को सीरिया की क्रांति की राजधानी कहा जाता है। विद्रोहियों ने दारा शहर और उसके पूर्वी और पश्चिमी ग्रामीण इलाकों से सीरियाई बलों को पीछे धकेलकर हामा फतह की घोषणा की। आतंकी समूह ने सीरियाई सुरक्षा बल पूर्वी और पश्चिमी ग्रामीण इलाकों के सभी गांवों, कस्बों और सैन्य बिंदुओं से पीछे हट गए हैं। दारा शहर में भी विद्रोहियों का कब्जा हो गया है। सरकारी सुरक्षा बल इजरा शहर से भी हट गए है। हयात तहरीर अल-शाम और उसके सहयोगी सशस्त्र गुट शुक्रवार को सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर होम्स की ओर बढ़े हैं। सरकारी बलों ने देश के पूर्व में डेर एज-जोर गवर्नरेट में अपने नियंत्रण क्षेत्र खो दिए। हयात तहरीर अल-शाम के नेता अबू मोहम्मद अल-जुलानी ने घोषणा की कि उनका लक्ष्य सीरियाई शासन को उखाड़ फेंकना है। हाल यह है कि सीरिया में विद्रोहियों की मजबूत पकड़ ने ईरान के होश उड़ा दिए हैं। उसने सीरिया से अपने सैन्य अधिकारियों और दूतावास कर्मियों को सुरक्षित निकालना शुरू कर दिया है। ईरान लगभग 13 साल से सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद की हर तरह से मदद कर रहा है। ईरान के इस अप्रत्याशित कदम ने भी राष्ट्रपति असद की चिंता बढ़ा दी है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, ईरान ने शुक्रवार को सीरिया से अपने सैन्य अधिकारियों, जवानों और दूतावास के कर्मियों को निकालना शुरू कर दिया। इनमें ईरान की शक्तिशाली कुद्स फोर्सेज के शीर्ष कमांडर शामिल हैं।

**▸▸ ईरान 13 साल से सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद की हर तरह से कर रहा है मदद**

### तीन लाख 70 हजार लोग हुये विस्थापित

सीरिया के सशस्त्र बलों और हयात तहरीर अल-शाम आतंकवादी समूह के बीच जारी संघर्ष बढ़ने के बाद से करीब 3 लाख 70 हजार लोग अपने घरों से विस्थापित हुये हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने शनिवार को यह जानकारी दी।



### सीरिया की यात्रा से बचें भारतीय : विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली। सीरिया में जारी हिंसा के मद्देनजर भारत ने अपने नागरिकों को वहां की यात्रा से बचने की सलाह दी है और सीरियां में रह रहे नागरिकों से अत्यंत सावधानी बरतने तथा आवाजाही समिति करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श में हिंसा प्रभावित देश में रह रहे भारतीयों से कहा कि यदि संभव हो तो वे यथाशीघ्र उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से वहां से चले जाएं। इस्लामी विद्रोहियों ने गुरुवार को देश के सबसे बड़े शहर अलेप्पो के अधिकांश हिस्से पर कब्जा करने के बाद मध्य सीरिया के शहर होम्स पर लगभग कब्जा कर लिया। हजारों लोगों ने होम्स को छोड़ दिया है। एक परामर्श में विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सीरिया में रह रहे भारतीय नागरिकों से दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने को भी कहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीरिया में मौजूदा हालातों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक सीरिया की यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। इसने कहा कि सीरिया में रह रहे भारतीयों से अनुरोध है कि वे जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर और आधिकारिक ईमेल आईडी के माध्यम से दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें। मंत्रालय ने कहा कि जो लोग जा सकते हैं उन्हें सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से देश छोड़कर चले जाएं तथा अन्य लोगों से अनुरोध है कि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतें। शुक्रवार को भारत ने कहा कि वह सीरिया में बिगड़ती स्थिति पर नजर बनाए हुए है। जायसवाल ने कहा कि हमने सीरिया के उत्तर में संघर्ष के और तीव्र होने पर ध्यान दिया है। हम स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# भारतीयता और सनातन में है सबको जोड़ने की ताकत

### वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा का अनुसरण करते हुए देश का हो नाम : योगी

एजेंसी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं, इसलिए जो भी कार्य हो, वह व्यक्ति, समाज, मत-मजहब के दायरे से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप भारत की वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा का अनुसरण करते हुए देश के नाम होना चाहिए। भारतीयता और सनातन सबको जोड़ने की ताकत रखता है।



मुख्यमंत्री शनिवार को उमरहा चौबेपुर स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए। 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में लाखों लोगों की भागीदारी के बावजूद धाम की सुचारू व्यवस्था की मुख्यमंत्री ने जमकर तारीफ की। योगी ने कहा कि वर्ष 1888 में बलिया के छोटे से गांव में सद्गुरु सदाफल देव महाराज का अवतरण हुआ। उन्होंने 1924 में विहंगम योग संत समाज की स्थापना की। जब समाज शताब्दी समारोह कार्यक्रम के साथ जुड़ रहा है, तब हम भी इसके साक्षी बन रहे हैं। हम सभी को संत की यौगिक साधना का प्रसाद प्राप्त हो रहा है। विहंगम योग संत समाज स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के माध्यम से दिव्य-भव्य मंदिर बनाकर कोटि-कोटि श्रद्धालुजनों को अपने पुरुषार्थ के माध्यम से जोड़ने के साथ ही भारत की योग परंपरा व आध्यात्मिक धारा को जन-जन तक पहुंचाने को कृतसंकल्पित दिख रहा है। उन्होंने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने आध्यात्मिक अभियान को आगे बढ़ाया और यह भी बताया कि सच्चा योगी-संत देश एवं समाज की परिस्थितियों को देखकर हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता। देश जब गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा था, तब सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए आजादी के आंदोलन में भाग लेकर बैरकपुर से देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर के शंखनाद के साथ खुद को जोड़ा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की तुलना में 2014 के बाद से 100 गुना बेहतर काशी की कनेक्टिविटी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र को 10 वर्ष में चमका दिया है। अब काशी विश्वनाथ धाम, दुनिया का सबसे बड़ा स्नान घाट (नमो घाट) है। यहां हैलीपेड भी है। यहां बड़े-बड़े कार्यक्रम हो सकते हैं। काशी के घाट अब नए भव्य स्वरूप में देखने को मिलते हैं। काशी के देव मंदिरों का कायाकल्प हुआ है।



सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी को बैज लगाते सेना के अधिकारी।

# महादेव एप मामले में ईडी ने जब्त की 388 करोड़ की संपत्ति

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में चल रही धन शोधन जांच के तहत करीब 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्त की है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई राजनेताओं और नौकरशाहों के कथित रूप से शामिल होने का आरोप है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को बताया कि ईडी रायपुर जोनल ऑफिस ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत 05 दिसंबर को चल और अचल संपत्तियों को अंतिम रूप से कुर्क किया है। एजेंसी के मुताबिक इन संपत्तियों में मॉरीशस स्थित कंपनी मेसर्स तानो इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज फंड द्वारा एफपीआई और एफडीआई के माध्यम से हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश और छत्तीसगढ़, मुंबई और मध्य प्रदेश में स्थित कई सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और प्रमोटरों के सहयोगियों के नाम पर मौजूद संपत्तियां हैं।

## अनन्या पांडे को मिला यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर अवार्ड

नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को एनडीटीवी के इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2024 में यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। अनन्या ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर बात की।अनन्या पांडे से पूछा गया कि एक के बाद एक सक्सेस देख उन्हें कैसा लगा तो उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। मैंने इस तरह की फिल्में की जिससे लोग कनेक्ट कर पाएं।मैंने भी खुद को दर्शकों से जुड़ा हुआ महसूस किया।काफी लोगों ने कहा कि उन्हें मेरा काम अच्छा लगा।



# पूरी दुनिया में भारत के प्रभाव को ताकत देते हैं बीएपीएस के कार्यकर्ता : प्रधानमंत्री

### 28 देशों में है भगवान स्वामीनारायण संस्थान के 1800 मंदिर : मोदी

एजेंसी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बीएपीएस सुवर्ण कार्यकर महोत्सव को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्वामी महाराज की 103वीं जयंती है, मैं उन्हें नमन करता हूं। प्रमुख स्वामी की शिक्षा और संकल्प आज परम पूज्य महंत स्वामी के समर्पण से फलीभूत कार्यक्रम हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीएपीएस के कार्यकर्ता पूरी दुनिया में भारत के प्रभाव को ताकत देते हैं। दुनिया के 28 देशों में बीएपीएस भगवान स्वामीनारायण संस्थान के 1800 मंदिर, 21000 से अधिक आध्यात्मिक केंद्र दुनिया जब देखती है तो भारत की आध्यात्मिक विरासत को देखती है। यह मंदिर भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। जब कोई भी भारत से जुड़ जाता है तो उससे मोहित हुए बिना नहीं रहता।

मोदी ने कहा कि अभी कुछ समय पहले अबू धाबी का मंदिर प्रतिष्ठित हुआ और मैं भी उसमें शामिल हुआ था। दुनिया ने भारत की सांस्कृतिक विविधता देखी है। मैं सभी कार्यकारों को शुभकामनाएं देता हूं। आपकी बड़ी-बड़ी महत्वाकांक्षाएं इतनी आसानी से पूरी हो रही हैं, यह भगवान स्वामीनारायण की तपस्या का ही परिणाम है। आज बीएपीएस विश्व में वही प्रकाश फैला रहा है जिसकी स्थापना उन्होंने की थी।

इन कार्यों को नदिया ना पिये कभी अपना जल... गीत की पंक्ति द्वारा समझा जा सकता है। नदी अपना पानी नहीं पीती, पेड़ अपना फल नहीं खाता, अपना फल नहीं खाता, मनका दूजो को जो दान है वो सच्चा इंसान, अरे धरती का भगवान। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब यूक्रेन में युद्ध बढ़ने लगा तो भारत सरकार ने वहां फंसे भारतीयों को तुरंत निकालने का फैसला किया। पोलैंड पहुंचे भारतीय इस बात पर विचार कर रहे थे कि युद्ध की स्थिति में अधिकतम सहायता कैसे प्रदान की जाए। उस समय मैंने रात 12-1 बजे एक बीएपीएस संत से बात की और कहा, जो भारतीय पोलैंड पहुंच रहे हैं, उन्हें निकालने के लिए मुझे आपकी मद्द चाहिए। मैंने रात भर देखा कि संगठन ने पोलैंड पहुंचे लोगों की मदद की। मानवता के हित में आपका यह योगदान सराहनीय है इसलिए कार्यकर सुवर्ण महोत्सव में मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आज, बीएपीएस कार्यकर्ता लाखों लोगों का जीवन बदल रहे हैं। इससे पूर्व मंच पर पहुंचे महंत स्वामी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# पीएम-किसान सहायता को दोगुना करे सरकार

### सीतारमण ने की किसान संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। किसान प्रतिनिधियों और कृषि हितधारकों ने शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ व्यापक बजट पूर्व परामर्श के दौरान सरकार से सस्ता दीर्घकालिक ऋण उपलब्ध कराने, कम कर लागू करने और पीएम-किसान आय सहायता को दोगुना करने का आग्रह किया। दो घंटे की बैठक में कृषि क्षेत्र की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें वित्तीय राहत, बाजार सुधार और रणनीतिक निवेश पर मुख्य मांगें शामिल थीं। भारत कृषक समाज के अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ ने कृषि उत्पादकता और किसान कल्याण को बढ़ावा देने के लिए लक्षित हस्तक्षेप की आवश्यकता पर बल दिया। प्राथमिक मांगों में कृषि ऋण पर ब्याज दर को घटाकर 1 प्रतिशत करना तथा पीएम-किसान की वार्षिक किस्त को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये करना शामिल था। किसान संगठनों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत छोटे किसानों के लिए शून्य प्रीमियम फसल बीमा की भी जोरदार वकालत की। कराधान सुधार प्रस्तावों का एक महत्वपूर्ण घटक था, जिसमें हितधारकों ने कृषि मशीनरी, उर्वरक, बीज और दवाओं पर जीएसटी छूट की मांग की । पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कीटनाशक पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का अनुरोध किया। जाखड़ ने राष्ट्रीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए चना, सोयाबीन और सरसों जैसी विशिष्ट फसलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आठ वर्षों के लिए प्रतिवर्ष 1,000 करोड़ रुपये की लक्षित निवेश रणनीति का प्रस्ताव रखा। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि इस दृष्टिकोण का उद्देश्य रणनीतिक रूप से फसल की पैदावार बढ़ाना, आयात पर निर्भरता कम करना और राष्ट्रीय पोषण सुरक्षा में सुधार करना है।

**▸▸ किसान संगठनों ने वित्त मंत्री से कृषि मशीनरी, उर्वरक, बीज और दवाओं पर जीएसटी छूट की मांग की**



भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के अध्यक्ष धर्मेंद्र मलिक ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तंत्र की व्यापक समीक्षा की मांग की, जिसमें भूमि किराया, कृषि मजदूरी और फसल कटाई के बाद के खर्च को भी शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कृषि मशीनरी की कीमतों को कंपनियों की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने, मंडी के बुनियादी ढांचे में सुधार, एमएसपी कवरेज को 23 वस्तुओं से आगे बढ़ाने, एमएसपी स्तर से नीचे आयात की अनुमति न देने और केवल आपात स्थिति में ही न्यूनतम निर्यात मूल्य तय करने की भी मांग की। पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष (कृषि व्यवसाय समिति) आरजी अग्रवाल ने कीटनाशकों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने तस्करी और नकली कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगाने और नए आणविक विकास के लिए डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अधिक महत्वाकांक्षी प्रस्तावों में संवैधानिक सुधार शामिल थे, जैसे कृषि को समवर्ती सूची में जोड़ना और एक केंद्रीय भारतीय कृषि सेवा की स्थापना करना। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और वित्त एवं कृषि मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिनमें किसान उत्पादक कंपनियों, कृषि संघों और कॉर्पोरेट क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल थे।

